







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 55

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 06 दिसंबर, 2023


सीएम योगी ने नव चयनित डॉक्टरों और स्टाफ नर्स को बांटे नियुक्ति पत्र, मरीजों संग अच्छे व्यवहार की दी नसीहत

# स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा, कॅरिअर के साथ दुआएं भी लें: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन रोजगार के तहत करीब ढाई हजार लोगो को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सभी मानव सेवा में लगें। कैरियर के साथ लोगों का आशीर्वाद और दुआ भी लें। वह मेडिकल कालेजों और आयुष के चिकित्सक शिक्षको वी स्टॉफ नर्स के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2142 स्टॉफ नर्स को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सभी अपने दायित्व को समझें और जीवन में कितना भी धन संपदा हो लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो कुछ नहीं है। स्वस्थ शरीर से ही धर्म साधना हो सकती है। आज एलोपैथ और आयुष विधा में एक साथ नियुक्ति पत्र मिल रहा है।

**278** सहायक आचार्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया से चुने गए

**2,142** स्टाफ नर्स और 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे

**674** आपातकालीन एंबुलेंस सेवा दी

**81** एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ किया

सीएम योगी बोले, चिकित्सा शिक्षक पढ़ाने के साथ ओपीडी में नियमित रूप से दें वक्त, गाली खिलवाने का नहीं करें काम



### डबल इंजन सरकार में कई गुना बढ़ जाती है विकास की स्पीड

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दिखता है कि जब डबल इंजन की सरकार होती है तो विकास की स्पीड भी कई गुना बढ़ जाती है और यह स्पीड हम सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हमारी प्राचीन चिकित्सीय पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन किया। आज आयुष विभाग के पास अपना स्वयं का आयुष विश्वविद्यालय भी है। उसके साथ ही नई कॉलेज को मान्यता देने के क्रम में हम लोग तेजी के साथ आगे पड़े हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की स्थापना से तमाम अन्य कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

### मरीजों के साथ किया जाए अच्छा व्यवहार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप काम के दबाव में अगर मरीज के साथ में दुर्व्यवहार करेंगे तो निश्चित तौर पर इससे मरीजों को दुःख पहुंचेगा जो भी लोग आपके पास आते हैं वह बहुत पीड़ा में होते हैं, ऐसे में वह उम्मीद करते हैं कि आप उनके साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करेंगे।

### प्रिंसिपल हेड ऑफ द इंस्टीट्यूशन, समझें अपनी जिम्मेदारी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेडिकल कालेजों और आयुष के चिकित्सक शिक्षकों को ओपीडी में भी समय देने को कहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोक सेवा आयोग से चयनित चिकित्सा शिक्षकों को आज नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, यह चयन की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होने का परिणाम है कि आज लोग राजकीय सेवा के साथ जोड़ रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका मान सम्मान तभी बना रह पाएगा, जब आप समय से दो कदम आगे चलने की सामर्थ्य रखेंगे.
- प्रिंसिपल हेड ऑफ द इंस्टीट्यूशन होता है. संस्था का हेड जैसा होगा, पूरी व्यवस्था वैसी होगी. जहां अच्छे प्रिंसिपल काम कर रहे हैं, समय देते हैं, एक-एक गतिविधि पर नजर रखते हैं, वहां पर हमारे मेडिकल कॉलेज भी अच्छे चल रहे हैं. मरीज भी संतुष्ट होता है. कर्मचारी भी टीम भावना के साथ काम करता है और वहां पर जो व्यक्ति अपना प्रयास करता है वह स्वयं भी यशस्वी हो जाता है. लेकिन, जहां पर लापरवाही होती है, टीमवर्क नहीं होता है, व्यक्ति अपने तरीके से काम करता है, समय पर स्वयं नहीं आता, किसी बात पर ध्यान नहीं देता है, केवल औपचारिकता करता है।

### लोगों को मिल रहा आयुष्मान

मुख्यमंत्री योगी ने काह कि पहले दूसरे राज्यों में जाने पर प्रदेश का नाम छुपाना पड़ता था लेकिन अब स्थिति बदली है। प्रदेश में 2017 तक मात्र 17 मेडिकल कॉलेज थे लेकिन अब हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा। प्रदेश में नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ रही है। मिशन निरामय के तहत गुणवत्ता में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। स्वास्थ्य सेवा में करीब 10 हजार करोड़ लोगों को आयुष्मान का लाभ मिल रहा है। इन्हें पांच लाख तक उपचार की सुविधा मिल रही है। 75 जिलों में डायलिसिस की सुवधा है। एंबुलेंस सेवा के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम किया गया है। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स शुरू हो गए हैं। यह डबल इंजन की सरकार का कमाल है। उन्होंने कहा कि अब आयुष विभाग के पास आयुष विश्वविद्यालय है। इसे बढ़ा रहे हैं। आयुष में अपार संभावनाएं हैं। कालेजों और वेलनेस सेंटर को संवारा जा रहा है।

### 14 नए मेडिकल कॉलेजों में नए सत्र से शिक्षण कार्य शुरू

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले छह साढ़े छह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले दूसरे राज्यों में जाने पर प्रदेश का नाम छुपाना पड़ता था। लेकिन, अब स्थिति बदली है। प्रदेश में 1947 से 2017 तक मात्र 12 मेडिकल कॉलेज थे। लेकिन अब 18 नए मेडिकल कॉलेज सक्रिय हो गए हैं, 14 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण जारी है, जिनमें नए सत्र से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ रही है। चिकित्सा के साथ-साथ पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की अपनी भूमिका है।

### 72 जनपदों में डायलिसिस की सुविधा आरंभ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन परिणाम सामने आए हैं। लगभग 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत हम लोग 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कवर दे रहे हैं। आज कोई गरीब यह नहीं कह सकता की स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में उसे उपचार करने से वंचित रहना पड़ा है। 72 जनपदों में डायलिसिस की सुविधा आरंभ कराई जा चुकी है। हर जिले में आईसीयू स्थापित कराए जा चुके हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 108 और 102 के एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम को न्यूनतम स्तर पर लाने के प्रयास किए गए हैं। गोरखपुर और रायबरेली में दो एम्स भी शुरू हो गए हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही पीएम मोदी आएंगे अयोध्या

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामनगरी आ सकते हैं। इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी को 15 दिसंबर को अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए आ सकते हैं। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहेंगे। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी और नागरिक उड्डयन मंत्री ने भी एयरपोर्ट का निरीक्षण किया था और 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाने की बात कही थी। योजना है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ही श्रीराम एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन शुरू हो जाए।

### अयोध्या से दिल्ली और अहमदाबाद के लिए होगी पहली उड़ान

अयोध्या के मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से पहला विमान दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ान भरेगा। इंडिगो एयरलांइस यह सेवा शुरू करेगी। देश के बाकी शहरों के लिए अन्य विमान कंपनियों से बात की जा रही है। पहले चरण में सिर्फ घरेलू और दूसरे फेज का काम पूरा होने पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू हो सकेंगी। इस बीच 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। संतों को निमंत्रण पत्र दिया जा चुका है।

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में बवाल

हॉस्टल के छात्र आपस में भिड़े, जमकर हुआ पथराव और बमबारी

- पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए बमबाजी और पथराव करने वालों की तलाश में जुट गई है



जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

कर्नलगंज में रात एक बजे के करीब जीएन झा और एस एस एल हॉस्टल के छात्रों के बीच पहले पथराव हुआ। फिर बमबारी हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों हॉस्टल के छात्र भाग निकले। मामले में अभी किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए बमबाजी और पथराव करने वालों की तलाश में जुट गई है। मामले में नाका चौकी प्रभारी की ओर से खुद तहरीर देकर लगभग 100 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ बलवा बमबाजी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों हॉस्टल आमने-सामने स्थित हैं। एसीपी राजेश यादव का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि दिन में छोले भटूरे की दुकान पर किसी बात को लेकर दोनों हॉस्टल के कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। रात में झगड़ा इसी बात को लेकर हुआ या कोई अन्य विवाद था। यह उपद्रव में शामिल लड़कों के पकड़े जाने के बाद ही बताया जा सकेगा।

## सावधान! कड़ाके की सर्दी के लिए हो जाएं तैयार

### लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में देखने को मिल रहा मिचौंग तूफान का असर

- मौसम विभाग के अनुसार आज बारिश हुई तो बढ़ जाएगी यूपी में सर्दी
- चक्रवातीय दबाव के चलते राजधानी में रविवार देर रात करीब ढाई बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला 20 घंटे तक चला
- इस दौरान हुई 17 मिमी बारिश ने दिसंबर में पानी गिरने का बीते 12 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया



जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** मिचौंग तूफान का असर राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में देखने को मिल रहा है। यहां सोमवार को रिकॉर्ड बारिश हुई और मंगलवार भी सुबह से लगातार धीमी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को प्रदेश में बारिश हुई तो सर्दी भी बढ़ जाएगी। चक्रवातीय दबाव के चलते राजधानी में रविवार देर रात करीब ढाई बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला 20 घंटे तक चला। इस दौरान हुई 17 मिमी बारिश ने दिसंबर में पानी गिरने का बीते 12 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उत्तर प्रदेश में बारिश ने मौसम के तेवर बदल दिया है। यूपी में आने वाले दो से तीन दिनों में मौसम करवट ले सकता है। ठंड के मौसम के बीच अचानक बढ़ी गर्मी और फिर बारिश का सिलसिला शुरू होने के बाद मौसम की स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। सोमवार को भी कई जिलों में बारिश हुई है। मंगलवार को भी कुछ पूर्वी हिस्से में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को प्रदेश में बारिश हुई तो सर्दी भी बढ़ जाएगी।

## लखनऊ में महिला की गला रेतकर हत्या

### फीजियोथेरेपिस्ट पति घर में शव छोड़कर भागा, 15 साल पहले की थी लव-मैरिज

- पुलिस को आशंका है कि पति ने ही पत्नी की हत्या की। फिर वहां से भाग गया



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ में मंगलवार दोपहर को महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। वारदात के बाद पति घर में शव छोड़कर भाग गया। सुबह करीब 11 बजे बड़ा बेटा सोकर उठा, पर मां को घर में न देख अपनी नानी को फोन किया। इसी दौरान स्कूल गया छोटा बेटा भी घर लौट आया। खोजबीन करने पर महिला का शव चादर में लिपटा मिला। जिसको देख कर घर में चीख पुकार मच गई। आवाज सुनकर मोहल्ले वाले आए गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। पुलिस को आशंका है कि पति ने ही पत्नी की हत्या की। फिर वहां से भाग गया। फिलहाल, पुलिस टीम ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आस-पास के सीसीटीबी फुटेज खंगाल रही है। मामला ठाकुर गंज के रोशननगर इलाके का मामला है।

### 15 साल पहले की थी लव-मैरिज

एसीपी चौक सुनील शर्मा ने बताया, रोशननगर निवासी फीजियोथेरेपिस्ट आनंदेश्वर अग्रहरि ने नाका निवासी संध्या साहू (38) से 15 साल (2008) पहले लव-मैरिज की थी। वह पत्नी और बेटे तनिष्क और शौर्य के साथ रहते थे। सोमवार रात संध्या का पति आनंदेश्वर से किसी बात पर विवाद भी हुआ था।

### दोनों बच्चे अलग-अलग कमरे में सोए थे

एसीपी ने बताया कि इसके बाद दोनों अलग-अलग कमरे में सो गए। मंगलवार सुबह तनिष्क अपने दूसरी मंजिल कमरे में सोता रहा। वहीं छोटा बेटा शौर्य को आनंदेश्वर स्कूल छोड़कर घर लौट आया। इसके बाद दोनों के बीच क्या हुआ? किसी को नहीं जानकारी हुई। जब तनिष्क सोकर उठा और शौर्य स्कूल से लौटा तो संध्या को न देखकर खोजबीन की। इसी बीच उसकी संध्या की मां कमला साहू भी आ गई। जिन्होंने शव देख पुलिस को सूचना दी।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## डेंगू मरीजों की संख्या 24 हजार 200 के पार, दिसंबर में बारिश से बढ़ा बीमारियों का खतरा

जन एक्सप्रेस | राज्य मुख्यालय

लगातार हो रही बारिश से ठंड बढ़ने के साथ संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया हैं। डेंगू और मलेरिया जैसे मच्छर जनित रोगों का अटैक हो रहा है। 24 घंटे में 50 नए डेंगू रोगी सामने आए हैं। इसके बाद यूपी में डेंगू के 24 हजार 260 पॉजिटिव मरीज हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा संक्रमित राजधानी लखनऊ में हैं। यहां अब तक 2 हजार 346 पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए हैं। वहीं लखनऊ के अस्पतालों में भी संक्रामक मरीजों की संख्या में भी तेजी देखी जा सकती हैं। एक्सपर्ट्स आने वाले दिनों में ज्यादा सतर्कता बरतने की बात कह रहे हैं। डॉक्टरों का मानना हैं कि ठंड बढ़ने के साथ बारिश के कारण कई अन्य रोग भी पैर पसार सकते हैं। इसलिए लापरवाही बरतना ठीक नही हैं। राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में 2 दिन तक हुई बारिश के बाद मंगलवार को थोड़ा मौसम भले ही साफ दिखा तो सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान जांच कराने वाले मरीजों की बड़ी तादाद दिखी।

### जुकाम-बुखार और डायरिया के मरीज ज्यादा

प्रदेश के सबसे बड़े जिला अस्पताल लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल के ओपीडी में सुबह से ही मरीज आने शुरू हो गए। अस्पताल के सीएमएस डॉ. अतुल मेहरोत्रा ने बताया कि सोमवार को बारिश के कारण मरीजों की संख्या कम रही पर आज बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। सभी को समुचित इलाज की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही हैं। जुकाम और बुखार वाले मरीजों की संख्या ज्यादा हैं। इसके अलावा कुछ मरीज डायरिया जैसे लक्षण के भी अस्पताल आ रहे है। अस्पताल से दवा उपलब्ध कराई जा रही हैं।



### बुजुर्गों में बढ़ी हड्डी रोगों की संख्या

कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी के डॉ. राजनारायण लोकबंधु संयुक्त अस्पताल में मंगलवार को मरीजों की बड़ी तादाद दिखी। अस्पताल के निदेशक डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया सोमवार को बारिश के कारण औसत मरीजों के संख्या कुछ काम रही पर मंगलवार को ओपीडी में सुबह से ही मरीजों के आने का क्रम जारी रहा। अस्पताल में फिजीशियन क्लिनिक पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। इसके अलावा हड्डी रोग के मरीजों की संख्या में ज्यादा दिखी। इनमें ज्यादातर मरीज उम्रदराज ही रहे।

### अगले 15 दिनों तक डेंगू को लेकर ज्यादा सजग रहना होगा

डॉ. वीरेंद्र कहते हैं कि बारिश के कारण संक्रामक रोगों के फैलने की भी आशंका रहती हैं। इस दौरान थोड़ा अलर्टनेस किसी भी गंभीर रोग की चपेट में आने से बचा सकता हैं। इस सीजन डेंगू के केस भी ज्यादा आए हैं, अभी भी डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, यही कारण हैं कि किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती हैं। कम से कम अगले 15 दिनों तक डेंगू को लेकर ज्यादा सजग रहना होगा।

### लखनऊ में डेंगू के मिले 11 संक्रमित

राजधानी लखनऊ में डेंगू का अटैक जारी हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को आई रिपोर्ट में यहां 11 केस रिपोर्ट हुए थे। इनमें इंदिरानगर में 3, अलीगंज में 1, नवल किशोर रोड में 2, सिल्वर जुबली में 2, चन्दरनगर में 1 और रेड क्रॉस में 1 केस रिपोर्ट हुए। इसके अलावा 1249 घरों पर टीम स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंची।

### ठंड से बचना जरूरी, बुजुर्ग और बच्चे रहें ज्यादा सतर्क

मौसम बदलने के के समय ज्यादा सरकार रहने की जरूरत है बारिश के कारण ठंड में भी इजाफा हुआ है। ठंड को लेकर किसी भी तरीके की लापरवाही ना करें। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग कोई लापरवाही न बरतें। इस टाइम वायरल फीवर के केस बढ़ रहे हैं। इसके अलावा बारिश के कारण डेंगू के मामलों में और इजाफा हो सकता हैं।



# रोड के निर्माण से पहले ही पड़ गई भ्रष्टाचार की बुनियाद



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क मे खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नियमों की अनदेखी कर बनाई जा रही नवीन सड़क मे भारी धांधली की जा रही हैं। उक्त सड़क में जरूरी मापदंडों को दरकिनार किया जा रहा है। इंजीनियरिंग मैनुअल में इसके मापदंड तय हैं, लेकिन सडक् निर्माण में इनकी खुली अवहेलना की जा रही है। यही वजह है कि सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई अधिकांश सड़कें बनने के कुछ माह बाद ही उखडने लगी हैं। जिम्मेदारों को इसकी जानकारी होने के बाद भी कोई देखने सुनने के लिऐ तैयार नहीं है।

**गिट्टी की पतली परत बिछाकर तैयार किया जा रहा सड़क का बेस**

**रोड रोलर गायब, कैसे मजबूत होगा बेस?**

मानिकपुर क्षेत्र के बराहमाफी बांध के भीठे के ऊपर डेढ किमी. के करीब सिंचाई विभाग सड़क निर्माण करा रहा है।

जहां गिट्टी की पतली परत बिछाकर सड़क का गुणवत्ताविहीन बेस तैयार कियाजा रहा है। ठेकेदार द्वारा खुलेआम मानकों की अनदेखी की जा रही है। अधिकारियों को कमीशन रूप मे मोटी रकम मिलने से गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिय जा रहा हैं। बराहमाफी बांध मे बन रही सड़क तकरीबन 70 लाख की लागत से बनाई जा रही है। शासन द्वारा भारीभरकम बजट स्वीकृत करने के बाद भी नियम के अनुरूप सड़क नहीं बनाई जा रही है।



### पिचिंग निर्माण मे भारी धांधली

मानिकपुर क्षेत्र के किहुनिया ग्राम पंचायत के पयासी पुरवा बांध मे पिचिंग निर्माण मे भारी अनियमितताएं की जा रही हैं। क्रेसर डस्ट के मिश्रण का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। सबसे खास बात तो यह है कि, पिचिंग वहां बनाई जा रही है जहां पानी का भराव कभी नहीं रहता। पिचिंग बनाने की जहां जरूरत है वहां नहीं बनाया जा रहा है। पिचिंग मे पत्थर के बोल्डरों क पतली परत बिछाकर खानापूर्ति की जा रही है। मानक के अनुरूप बोल्डर से बेस नहीं बनाया जा रहा है। जितनी मोटी परत होनी चहिए उसकी आधी भी नहीं है। साथ ही अनगढे ढोका लगाकर पिचिंग बनाई जा रहा है। जबकि बांध का भीठा कमजोर होने और अधिक भराव होने के कारण दो वर्ष पूर्व बांध फूटने की आशंका को लेकर पूरा गांव खाली कराया गया था। लंबे अर्से बाद बांध मरम्मत के लिऐ बजट मिलने के बाद भी निर्माण कार्य मे अनियमितताएं जारी हैं।

### एस्टीमेट की नहीं दी जा रही जानकारी

सड़क निर्माण के लिए सिंचाई विभाग द्वारा क्या मापदंड तय किये हैं, एस्टीमेट की जानकारी लोगों को नहीं दी जा रही है। ठेकेदार द्वारा मनमानी पूर्ण कार्य कराया जा रहा है। सड़क के बेस निर्माण में भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। सड़क का स्टीमेट भी नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि सड़क में कितने इंच का बेस बनना है। सड़क का निर्माण पिछले 1 हफ्ते से सड़क का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण नहीं किया जाता। जिससे ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों के शिकायत करने के बाद भी मनमानी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है। लेकिन लोगों से यह जानकारी तक नहीं लेते है कि वे निर्माण की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं या नहीं। इसी कारण ठेकेदार भी ग्रामीणों की शिकायतों को तवज्जो नहीं दे रहे हैं और मनमर्जी से काम चल रहा है।

### रोड रोलर गायब, कैसे मजबूत होगा बेस

सड़क का आधार उसका बेस होता है। यदि बेस मजबूत रहेगा तो सड़कों की उम्र सालों साल चलती है, लेकिन ठेकेदार द्वारा बेस निर्माण में लापरवाही की जा रही है। बेस तैयार करने के लिए ठेकेदार ने रोड रोलर से जमीन को मजबूत करने का काम तक नही किया है। पानी का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि बेस के लिए मिट्टी-मुरम, गिट्टी, बोल्डर पर पानी डालकर बार-बार रोड रोलर चलने से जमीन मजबूत हो जाती है। इससे बारिश के दिनों में जमीन के धंसने की संभावनाएं कम रहती हैं। यदि बेस कमजोर रहता है तो सड़क अंदर धंस सकती है। जबकि विभागीय अधिकारियों को भी सड़क निर्माण के सारे नियमों की जानकारी है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# डीएम ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत् नवजातो को वितरित किया बेबी किट्

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

बहुआ विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गाजीपुर में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के योजना के तहत् कन्या जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने 15 नवजात जन्मी बालिकाओ को बेबी किट, मां के लिये साड़ी, मास्कीटो बेड आदि सामाग्री वितरित किया।

डीएम ने बच्चियों के माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन कराकर नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए योजना से लाभान्वित किए जाने का निर्देश दिया। प्रोबेशन विभाग ने महिला कल्याण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी दिया। साथ ही कन्या सुमंगला योजना के पम्पलेट वितरित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गाजीपुर का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान पंजीकरण रजिस्टर, दवा वितरण, ओपीडी, प्रसव कक्ष आदि को देखा। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी से मरीजों को दिये



जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं एवं भोजन, जननी सुरक्षा केंद्र, दवाओं, एटीएम, जच्चा बच्चा आदि की जानकारी भी लिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साफ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाय। प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज कुमार, महिला कल्याण अधिकारी पूनम तिवारी, जिला समन्वयक सरिता भारती, प्रियंका देवी, एएनएम व आशाबहू, आंगनबाडी कार्यकत्री सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी साकार कर रहे विकसित भारत का सपना : पंकज अग्रवाल

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

भारत संकल्प यात्रा के शिवरामपुर मंडल के मैनहाई ग्राम पंचायत पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लोगों को भाजपा सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि भाजपा सरकार जनता की सरकार है। पीएम मोदी जनता की उम्मीद और विश्वास है। जनता के सहयोग और स्नेह से ही पीएम मोदी विकसित भारत का सपना साकार कर रहे है। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल वैन के जरिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों के



लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को एलसीडी के माध्यम से दिखाया जा रहा है। साथ ही स्टाल लगाकर आम जनमानस की समस्याओं का निदान भी किया जाता है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंत्री घनश्याम पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन प्राथमिकता से किया जा रहा है। पात्रता के अनुरूप सभी लोग इनका लाभ उठाएं। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक श्रीधर त्रिपाठी, अध्यक्ष धर्मेन्द्र, जिला मंत्री राजेश्वरी द्विवेदी, रमेश कुशवाहा, बद्री प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# संतुलन बिगड़ने से पलटा नींबू से लदा ट्रक

जन एक्सप्रेस | मानिकपुर, चित्रकूट

मानिकपुर कोतवाली क्षेत्र के सरैयां चैकी अंतर्गत पड़ने वाली काली घाटी में मंगलवार को कर्नाटक सें निम्बू लोड कर काठमांडू जा रहा ट्रक घाटी के अँधेमोड में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक को गंभीर चोंटे आयी है। बीते 24 घंटे में लगातार दूसरे ट्रक के पलटने से आसपास दहशत का महोल है।

ट्रक के सह चालक जितेन्द्र (28) निवासी भरवारी जिला कौशाम्बी ने बताया कि कर्नाटक से निम्बू लोड करके मानिकपुर के रास्ते काठमांडू (नेपाल) जा रहे थे इस दौरान उसका साथी चालक मजलूम (32) पुत्र अंसार निवासी प्रतापगढ़ गाड़ी चला रहा था। बताया कि मानिकपुर नगर निकलने के बाद पड़ने वाली कालीघाटी के अंधे मोड़ में अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया, जिससे ट्रक चला रहे मजलूम को गम्भीर चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने ट्रक पलटते देख तुरन्त सरैयां चैकी को सूचना दी। जानकारी होते ही चैकी इंचार्ज यदुवीर सिंह व प्रभारी निरिक्षिका रीता सिंह तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रक में फंसे ट्रक चालक को निकाल कर सीएचसी मानिकपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि काली घाटी के अन्य मोड़ सरल कर दिए जा चुके है, लेकिन आखरी मोड़ अंधा व काफी खतरनाक होने के कारण यहां पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है, अभी बीते रविवार की देर रात को भी नागपुर से कोयला लोड कर लखनऊ जा रहा ट्रक इसी मोड़ में पलट गया था। इसके पूर्व भी टमाटर, नारियल, सीमेंट, केला आदि से भरे ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। बतादें लगातार इस मोड़ में हो रही घटनाओं को देखते हुए तत्कालीन एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी को मोड़ सरल करने के लिए लोक निर्माण विभाग को लिखित पत्र जारी किया गया था, जिस पर पीडब्ल्यूडी के एक्सीयन ने मौके पर निरीक्षण कर चैड़ीकरण का कार्य भी प्रारम्भ कराया गया था, लेकिन उपजिलाधिकारी के स्थानांतरित होते ही कार्य बंद पड़ा है। स्थानीय ग्रामीण रामचन्द्र, मंजू, बबलू आदि लोगो ने बताया कि विनय नगर घाटी में रहने वाले ग्रामीण काफी ज्यादा भयभीत है प्रशासन जल्द घटना को रोकने को लेकर यदि प्रयास नही करता तो किसी भी दिन बड़ी जनहानि हो सकती है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नसबंदी शिविर में 70 महिलाओं ने कराया पंजीकरण

**जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में मंगलवार को साप्ताहिक नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 70 महिलाओं ने पंजीकरण करवाकर प्रतिभाग किया। नसबंदी के स्पेस्लिस्ट चिकित्सक डॉ रफीक ने बताया कि हर सप्ताह के मंगलवार को सीएचसी में राष्ट्रीय परिवार नियोजन के तहत कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसके तहत 70 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिनकी नशबंदी की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार नियोजन के अंतर्गत मानिकपुर में प्रत्येक मंगलवार को स्पेशलिस्ट चिकित्सकों द्वारा शिविर में आई महिलाओं का ऑपरेशन किया जाता है।

### गोल्डेन कार्ड के प्रति ग्रामीणों को करें जागरूक

**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों एवं आशा कार्यकत्रियों को मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पात्र लाभार्थियों को गोल्डेन आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य को गति प्रदान करने पर जोर दिया गया। विकासखंड मऊ सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीसीपीएम एवं चाइल्ड फंड इंडिया बरगढ़ की प्रशिक्षक रीना सिंह ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की ग्राम स्तर पर भूमि का एवं समिति के कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समिति की नियमित मासिक बैठक का आयोजन कराया जाए। ऐसा होने पर गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। इस दौरान मऊ के खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा ने प्रशिक्षण में मौजूद सभी ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों एवं आशा कार्यकत्रियों से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड बनवाने पर जोर दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात कुमार पाण्डेय, रामबाबू त्रिपाठी, भागवत द्विवेदी, फूलचन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

### अचानक आग लगने से मोहल्लेवासियों में रहा खौफ

**जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट।** कस्बे के गाँधी नगर मुहल्ले में जानवरो के लिए रखी घास में आग लग गई। मोहल्लेवासियों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। इस दौरान घास हटा रही राजमनी पत्नी स्व रमेश यादव अचानक अचेत हो गयी। जिसको नजदीकी सीएचसी केंद्र में भर्ती करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के गाँधी नगर वार्ड में चुन्नीलाल यादव के घर के बाड़े में रखी जानवरो के लिए चारा में शाम करीब चार बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिसकी सूचना आसपास के लोगो ने फायर स्टेशन को दी और मुहल्लेवासी आसपास से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आग की लपटें इतनी खतरनाक थी कि आसपास के घरों की तरफ लपटे बढ़ने लगी। तभी मौके पर दमकल टीम पहुँच गई और आग बुझाने की मशक्कत करने लगी। इसी बीच राजमनी पत्नी स्व रमेश यादव चाारा हटाते वक्त अचेत हो गयी। जिसको नजदीकी सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया गया। करीब दो घण्टे तक की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। दमकल टीम में प्रभारी अधिकारी विजय कुमार सिंह, फायर मैन फैयाज अहमद, पीआरडी जवान संतोष कुमार विश्वकर्मा, रामनारायण, गंगा प्रसाद, यूपी 112 के हेड काउंस्टेबल काजी हारून, वहीदुद्दीन, चालक गुलाब सिंह शामिल रहे।

### ग्राम न्यायालय से आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस/मानिकपुर चित्रकूट।** ट्रेन में चोरी के मामले में जीआरपी टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी को दोष सिद्ध होने पर मानिकपुर ग्राम न्यायालय ने जेल में बितायी गई अवधि एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि मानिकपुर जीआरपी टीम द्वारा रेलगाड़ियों एवं प्लेटफार्म पर चोरी के मामले में मानिकपुर क्षेत्र के हनुवा गांव के निवासी सच्चिदानंद पुत्र रामशंकर को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने समय से न्यायालय में गवाहों को पेश कराते हुए प्रभावी पैरवी कराई थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्तओं की दलीले सुनने के बाद ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चंद्रा ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी सच्चिदानंद को जेल में बितायी गई अवधि एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटना के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी चालक को 3,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार यादव ने बताया कि बीती 24 मई 2022 को मारकुण्डी थाने के इटवा डुडैला गांव के निवासी सर्वेश गौतम पुत्र राममिलन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि घर के सामने खड़ी उसकी छह वर्षीय बेटी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गई थी। जिससे उसका पैर टूट गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद इस मामले में भी मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चंद्रा ने आरोपी चालक मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर थाने के डौलनी निवासी शिवनाथ कुशवाहा पुत्र शारदा प्रसाद को 3,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### गैंगेस्टर गुड्डा कोल को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गैंगेस्टर के मामले में दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को दो वर्ष का कठोर कारावास के साथ 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 15 सितम्बर 2007 को तत्कालीन रैपुरा थाना प्रभारी रामनरेश राठौर ने मानिकपुर थाना क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी गुड्डा कोल उर्फ राजमन उर्फ राजकुमार उर्फ झल्ला पुत्र गोविन्द प्रसाद पर गैंगेस्टर एक्ट का मामला पंजीकृत कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद मंगलवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी गुड्डा कोल को दो वर्ष का कठोर कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# किसानों को अब मिलेंगे 25 से 50 प्रतिशत छूट में कृषि यन्त्र



जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत् जिले में किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर 25 से 50 प्रतिशत की छूट दिया जा रहा है। विकास खण्ड क्षेत्रो मे मेले का आयोजन करके किसानो को योजना के लाभ के प्रति जागरुक किया जा रहा है और आवेदन भी कराये जा रहे है। ब्ताते चले कि राज्य सरकार की ओर से कृषि में आधुनिक मशीन का बढ़ावा दे कर जिले के तीन लाख किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए कृषि यांत्रिकीकरण योजना की शुरूआत किया गया है। इसके तहत् दस हजार रुपये से अधिक कीमत के कृषि यंत्र खरीदने पर किसानों को 25 से 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना पर 80 प्रतिशत् तक का अनुदान मिलेगा। हालांकि फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए सिर्फ किसान उत्पादक संगठन के किसान पात्र होंगे। पोर्टल में आवेदन करने के बाद किसानों को एक टोकन मिलेगा। जिसके बाद वह कृषि यंत्र खरीद कर उसके दस्तावेज कृषि भवन कार्यालय में जमा करेंगे। फिर विभाग किसानों को सत्यापन कराएगा। सत्यापन में पात्रता दुरुस्त मिलने पर लाभार्थी किसान के बैंक खाते में सब्सिडी पहुंचेगी। 14 दिसंबर तक पोर्टल में आवेदन लिए जाएंगे। यह जानकारी आज विकाश खण्ड ऐरायॉ मे लगे मेले मे दिया गया।

# छेड़खानी की शिकायत करने घर गये तो पिता-पुत्र की हुई पिटाई

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** गांव में रहने वाले एक युवक ने भतीजी से छेड़खानी कर दी। उलाहना देने गये पिता और पुत्र को आठ लोगों ने घेरकर जमकर पीटा। पीड़ितों ने चैकी में फरियाद की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। एसपी के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी को देवकुमार नामक युवक बहलाकर बाइक में बैठाकर ले गया। परिवार के ही लोगों ने देखा तो आरोपी के घर जाकर उलाहना दिया। वहां पर आठ लोगों ने पिता और पुत्र को घेर लिया और जमकर मारपीट की। घटना के बाद पीड़ितों ने चैकी पुलिस को सूचना दी लेकिन चैकी पुलिस ने मामले को तवज्जो नही दी। पीड़ितों ने एसपी से फरियाद की। एसपी ने थाना पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के खिलाफ घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ा जायेगा।

# गदंगी से परेशान हैं शहर के सेढ़ू तलैया वासी

जन एक्सप्रेस | बांदा

शहर के सेढ़ू तलैया में आधी अधूरी रोड का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराये जाने से पूरे मोहल्ले की नालियां गंदे पानी से भरी रहती है। गंदगी का रूप विकराल तरीके से हो जाने पर मोहल्ले में बीमारी का प्रकोप बढने लगा है। नालियों में कूडा करकट के चलते पानी भर जाता है



जिससे मकानों का पानी बाहर नहीं निकल पाता है। पानी भरे होने के कारण बच्चों के स्कूल जाने व वृद्ध लोगों को आने जाने में समस्यायें उत्पन्न हो रही है। इस सम्बन्ध में कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। परेशान हो करके मोहल्ला हुसैनगंज वार्ड नंबर 20 सेढ़ू तलैया के निवासियों द्वारा अपने बच्चों सहित डीएम कार्यालय में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुए और अपने मोहल्ले की समस्याओं से बच्चों ने अधिकारियों को फूल देकर अवगत कराया। जिसमें आधी अधूरी इंटरलॉकिंग रोड एवं नाली एवं बांस बल्ली के सहारे घरों तक आए हुए विद्युत तार इनसे होने वाली दिक्कतों से अवगत कराते हुए समस्या का उचित समाधान करने का निवेदन किया। ज्ञापन देने में मो0 मोईनुल खान, अब्दुल मजीद, मो0 शाहिद मंसूरी, परवीन बेगम, अब्दुल तहसीम, मोनिस, अली हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# पड़ोसी नवयुवक ने की बच्ची के साथ दरिंदगी

**जन एक्सप्रेस/राजापुर, चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक नवयुवक ने मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी की। पीड़ित बच्ची की मां की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक सात वर्षीय बच्ची अपने घर के बाहर दूसरे बच्चों के साथ खेल रही थी। इस दौरान गांव में आई एक बारात को देखने के लिए अन्य बच्चों के साथ बालिका भी गई थी। जहां बालिका का पड़ोसी सोनू उसे खेतों की ओर ले गया तथा अपनी हवस का शिकार बनाते हुए उसके साथ बलात्कार किया। इसके बाद उसे उसी अवस्था में छोडकर भाग गया तथा घर में कुछ न बताने की धमकी भी दी। रात में जब खून से लथपथ बच्ची अपने घर पहुंची तो उसने अपनी मां को आपबीती बताई। जिसके बाद पीड़ित बालिका की मां ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह अपने हमराहियों के साथ नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कुंए में गिरने से हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** भांजे की शादी में शामिल होने आया अधेड़ भूपट कुंए में गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो उसे किसी तरह बाहर निकाला। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कमासिन थाना क्षेत्र के छिलोलर गांव निवासी राजकरन (49) पुत्र महाबलि भांजे की शादी में शामिल होने के लिए बबेरू कोतवाली क्षेत्र के फुफुंदी गांव गया था। रात में सोते समय वह लघुशंका के लिए उठा, तभी वह भूपट कुंए में गिर गया। उसमें थोड़ा पानी भी था। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने कड़ी मशक्त के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के दो बीघा जमीन है। वह मजदूरी और किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्राम प्रधान संतोष ने बताया कि कुंए में गिर जाने के कारण राजकरन की मौत हुई है।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें देते हुये अस्पतालों में निशुल्क दवाईयां दें : उपमुख्यमंत्री

**डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक**

जन एक्सप्रेस | बांदा



उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 बृजेश पाठक की अध्यक्षता में पैलानी तहसील सभागार में चित्रकूटधाम मण्डल के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएचसी एवं सीएचसी का निरीक्षण करें तथा सभी हेल्थ वेलनेश सेन्टर संचालित रखे जायें। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें देते हुए आवश्यक जांच एवं निःशुल्क दवायें अस्पताल से उपलब्ध करायी जायें, बाजार से दवा लाने के लिए नही लिखा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सब सेन्टरों में आवश्यक दवाओं सहित कम्प्यूटर आदि की भी व्यवस्था की गयी है, सब सेन्टर में सीएचओ एवं एएनएम की उपस्थिति नियमित रूप से रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी जिला चिकित्सालयों सहित अन्य चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपस्थिति अवश्य रहे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि चिकित्सकों की आउटसोर्सिंग से व्यवस्था की जाए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मरीजों के छोटे-बडे ऑपरेशनों हेतु सभी व्यवस्थायें बेहतर रखी जायें। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को दिये। उन्होंने अपर निदेशक स्वास्थ्य को आयुष्मान गोल्डन कार्ड की नियमित समीक्षा करने तथा हमीरपुर में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य की प्रगति में तेजी लाये जाने तथा महोबा के सभी हेल्थ वेलनेश सेन्टरों को चालू रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन चिकित्सालयों में मेन्टीनेन्श की आवश्यकता है तो तत्काल मरम्मत कराकर ठीक करायें। अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, फर्नीचर सहित सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखी जायें, इसके साथ ही सीएचसी में बेहतर सुविधाओं के साथ मरीजों को भर्ती के लिए आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखी जायें।

उन्होंने एम्बुलेन्श की निर्धारित समय पर उपलब्धता को सुनिश्चित कराये जाने के साथ एम्बुलेन्श की स्थिति की भी समीक्षा करने के निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने अस्पतालों में प्रतिदिन हो रहे छोटे-बडे ऑपरेशनों की समीक्षा करते हुए ओटी में सभी आवश्यक व्यवस्थायें रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए भर्ती मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था तथा इमरजेन्सी में आने वाले मरीजों एवं उनके होने वाले उपचार के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए एवं आवश्यतानुसार ही मरीजों को रेफर किया जाए। उन्होंने बताया कि मण्डलीय चिकित्सायों हेतु चिकित्सकों की तैनाती की स्वीकृति भी कर दी गयी है। बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर निदेशक स्वास्थ्य अभय सिंह सहित मण्डल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस।



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.6 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 12.0 (+0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 10.8

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# 16 करोड़ का सोना लेकर टप्पेबाज व्यापारी फरार, मुक़दमा दर्ज








* उच्च अधिकारियों के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन
* फ़रार आरोपी सम्पत राव और महेश

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर/ विष्णु राठौर

कानपुर नगर। शहर के दर्जनों सर्राफा कारोबारियों को सोने की टेस्टिंग करने वाले दो जालसाज व्यापारियों ने करोड़ों की चोट दी और फरार हो गए, 24 से 48 और जब 72 घंटे बीतने के बाद भी जालसाज सर्राफा व्यापारियों के संपर्क में नहीं आए तो वह समझ गए कि उनके साथ बहुत बड़े स्तर पर फ्रॉड हो गया है, अब इन सभी व्यापारियों ने एसोसियेशन के व्यापारी नेताओं संग कानपुर पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। आपको बताते चलें कि कानपुर नगर के चौक सर्राफा में सोने चांदी का काम होता है यह तो सभी जानते होंगे लेकिन काफी बड़े स्तर पर मुस्लिम क्षेत्रों में बेकनगंज क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर सर्राफा व्यवसाई वर्षों से अपना व्यापार करते चले आ रहे हैं, इन्हीं सब व्यापारियों के बीच लगभग 20 से 25 वर्ष पहले महाराष्ट्र के रहने वाले संपत राव और महेश संपर्क में आए थे, यह दोनों सोने की टेस्टिंग करने का काम एस आर गोल्ड टेस्टिंग के नाम से करते थे, इन दोनों ने टेस्टिंग के लिए टनचिंग मशीन भी थाना बजरिया क्षेत्र स्थित बेकनगंज के मकान नंबर 99/8 बेकनगंज प्रथम तल पर लगा रखी थी, इन दोनों ने पहले व्यापारियों का विश्वास जीता और उसके बाद वर्षों के बाद विश्वास पर घातकरते हुए करोड़ों का माल लेकर फरार हो गए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी हाजी निसार(राजू ज़ेवरात सेंटर), मोहम्मद इरफ़ान उर्फ़ लालू, मो दानिश, आदि छोटे सर्राफा कारोबारियों का लगभग सोलह करोड़ का सोना वा जेवरात के साथ दो दो पांच पांच लाख करके करोड़ों का कैश भी लेकर भाग गए हैं, सूत्रों की माने तो कुछ ऐसे भी व्यापारी हैं जिनका कच्चे का पैसा था जिस कारण वह सामने नहीं आ रहे हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार



संयुक्त पुलिस आयुक्त नीलाब्जा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि पीड़ीत सर्राफा व्यापारी और संगठन के पदाधिकारी आकर उनसे मिले थे उनके द्वारा आरोपियों के नाम बताए गए हैं और पूरा का पूरा जो ठगी की गई है वह भी बताया गया है, तत्काल बजरिया थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है और जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ-साथ गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का भी गठन कर दिया गया है जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

### क्या बोले एसोसियेशन के जिम्मेदार



कानपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया है, अधिकारियों ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, सर्राफा एसोसिएशन पीड़ीत व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है।

## कार्डियोलॉजी के वार्ड बॉय ने तीमारदार पर किया चाकू से हमला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जहां एक तरफ प्रदेश में प्रसिद्ध सबसे बड़ा रोगियों के लिए हृदय रोग संस्थान कार्डियोलॉजी माना जाता है,जहां पर हृदय संबंधी बड़े-बड़े रोगों का इलाज किया जाता है वहीं एक ऐसा मामला सामने आया है जहां पर वहीं के वार्ड बॉय ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक मरीज को देखने आए उसके तीमारदार को अंदर आने को लेकर विवाद कर लिया और नौबत यहां तक पहुंच गई की उसके ऊपर चाकू से वार कर डाला और उसकी हालत गंभीर होने पर उसे वहीं कार्डियोलॉजी के गेट पर छोड़कर भाग निकला, इसके बाद पीड़ित ने स्वरूप नगर थाने में लिखित में शिकायत भी दर्ज कराई, घटना को हुए दो दिन बीत चुके हैं पर अभी भी वार्ड बॉय और उसके साथी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बताते चलें कि नवाबगंज निवासी वासु तिवारी एक कैंटीन संचालक है, वासु के मित्र राजकुमार राठौर कार्डियोलॉजी अस्पताल में भर्ती थे, वासु के मुताबिक व बीते सोमवार को राजकुमार को देखने अस्पताल गए थे जब वार्ड में घुसने लगे तो गेट पर खड़े एक वार्ड बॉय ने उन्हें रोकने का प्रयास किया।

उन्होंने जाने के लिए कहा तो वार्ड बॉय ने जाने का विरोध किया, जिसको लेकर दोनों में मारपीट होने लगी विरोध करने पर वार्ड बॉय की तरफ से 7-8 लोग आ गए और वासु को जमकर लात घूसों से पिटा और सर पर चाकू से हमला कर वहां से फरार हो गए। मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने आरोपी वार्ड बॉय सहित लड़कों को अस्पताल से सस्पेंड कर दिया है, पर वह लड़के अभी भी स्वरूप नगर पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

## आठवें वेतन आयोग पर विकास भवन सभागार में बैठक



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा सरकार से आठवाँ वेतन आयोग का शीघ्र गठन करने के साथ पुरानी पेंशन बहाली की माँग की गई। बैठक का संचालन जिला मन्त्री इंजीनियर कोमल सिंह ने किया।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुरेश चन्द्र गुप्ता, पेंशनर्स कल्याण समिति के मंडल संयोजक इंजीनियर ए.एन.द्विवेदी, परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.डी. सिंह, सुखेन्द्र यादव, अजीत चौहान, अरविंद कुशवाहा, रितेश शुक्ला, दिलीप सैनी आदि मौजूद रहे।

## बीजेपी अध्यक्ष ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजपुर विधानसभा के स्वर्ण जयंती बिहार, वार्ड 62 और वार्ड 31 के भाभा नगर क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों के द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष ने सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट किया तथा उपस्थित लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आवाहन किया। उन्होंने आजादी की 100वीं वर्षगांठ 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिला, युवा, किसान व समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, राशन विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों से आए कर्मचारियों द्वारा लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ज्ञानू मिश्रा, राम बहादुर यादव, अर्जुन बेरिया, शिवम मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, पार्षद भवानी शंकर, लाला त्रिवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मां आशा देवी मंदिर में भैरव अष्टमी पर संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्यानपुर स्थित मां आशा देवी मंदिर में प्रतिवर्ष होने वाले भैरव अष्टमी का भंडारा एवं संत समागम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस आयोजन में एक दिन पूर्व अखंड रामायण का पाठ शुरू हुआ था और भैरव अष्टमी के पावन पर्व पर इसका समापन हुआ है, तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ, आयोजन में कानपुर सहित अन्य जिलों से अनेको वरिष्ठ साधु संत उपस्थित हुए। मंदिर के महंत आशुतोष गिरी जी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कई वर्षों से भैरव अष्टमी पर यहां साधु संतों का समागम एवं अखंड रामायण का पाठ कराया जा रहा है साथ ही विशाल भंडारा किया जाता है। जिसमें क्षेत्रीय जनता बढ चढ़कर हिस्सा लेती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महंत ज्वाला गिरी जी महाराज, नई दिल्ली, महंत डा.उदितानंद जी महाराज, दंडी आश्रम, स्वामी चंद्रा नंद गिरी जी महाराज, जूना अखाड़ा, राष्ट्रीय बजरंग दल के संरक्षक दंडी स्वामी अरुणेश्वरआश्रम जी महाराज, रामेश्वरी बाग, इंदिरा नगर सहित अनेको संत महात्मा इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## गलत इलाज से महिला की मौत का डॉक्टर पर आरोप

* बोले तीमारदार नर्स के इंजेक्शन लगाते ही होने लगी खून की उल्टियां
* दुकान में बना रखा है अस्पताल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र में डॉक्टर के लापरवाही से इलाज करने पर महिला की दर्दनाक मौत हो गई, आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर ने दो दुकानों में अपना अस्पताल बना रखा है जहां बीते दिन बुखार के इलाज के लिए महिला अपने बेटे के साथ पहुंची थीं ,डॉक्टर के कहने पर महिला नर्स ने इंजेक्शन लगा दिया जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई मुंह और नाक से ब्लड आने के बाद कुछ ही देर में महिला की दर्दनाक मौत हो गई यह देख डॉक्टर और नर्स मौके से फरार हो गए, परिजनों ने हंगामा काटा तो सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं पुलिस परिजनों से तहरीर लेकर आरोपी डॉक्टर और महिला नर्स की तलाश में जुट गई है। रावतपुर थाना क्षेत्र के आनंद नगर भट्ठा निवासी अजय राजपूत ने बताया की उनकी मां कलावती(54) को दो दिनों से बुखार आ रहा था, मगंलवार सुबह 9 बजे मां कलावती पैदल चल कर उसके साथ आनंद नगर चौरसिया मार्केट स्थित भाव्या मेडिकल सेंटर में दवा लेने आई थी, खुद को डॉक्टर बताकर ज्ञान प्रकाश ने चेकअप के बाद नर्स से इंजेक्शन लगाने को कहा,इंजेक्शन लगाते ही मां कलावती को नाक और मुंह से ब्लड आने लगा जो लगातार आता रहा,मां की हालत बिगड़ने देख डॉक्टर ने मां को बाहर निकाल दिया और मौके से फरार हो गया,कुछ देर बाद मां ने हिलना डुलना बंद कर दिया जिसके बाद वह मां को सरकारी अस्पताल गए जहां डॉक्टरों ने मां कलावती को मृत घोषित कर दिया, डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए बताया कि मां को गलत इंजेक्शन लगाया है जिससे उनकी तड़प तड़प कर मौत हो गई है।

### दुकान की जगह पर बना रखा है अस्पताल

झोलाछाप डॉक्टर ने चौरसिया मार्केट में तीन दुकानों में अस्पताल बना रखा है एक में अपना चेंबर तो दो दुकानों में मरीजों को भर्ती कर इलाज के लिए तीन बेड डाल रखे हैं स्वास्थ्य विभाग की आंख में धूल झोंक अस्पताल चला रहे डॉक्टर ने महिला की जान ले ली वहीं मोहल्ले के लोगों ने बताया पहले भी डॉक्टर ने कई लोगों का गलत इलाज किया था जिससे उनकी जन पर बन आई थी। इस मामले दूसरे पक्ष का भी बयान लेने का प्रयास किया गया लेकिन यह संभव नहीं हो सका।

## नायागंज में फटा बिजली का ट्रांसफार्मर, घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना कलेक्टर गंज स्थित नया गंज में उस समय हड़कंप मच गया जब एक प्रतिष्ठान की बिल्डिंग के बाहर लगा ट्रांसफार्मर अचानक फट गया, ट्रांसफार्मर फटने से दुकान में मौजूद तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में दुकानदारों ने सभी घायलों को उपचार के लिए उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया है,जानकारी के मुताबिक कानपुर शहर की सबसे बड़ी बाजार नया गंज में प्रसिद्द मसाले की बिल्डिंग के नीचे लगा ट्रांसफार्मर अचानक फट गया और नीचे ही किराना की दुकान में काम कर रहे कर्मचारी उसकी चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से झुलस गए।जिसको दुकानदारों ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहा उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।घायलों में राजेंद्र प्रसाद मीरपुर छावनी राजेश कुमार किदवई नगर मनोज द्रवेदी शुक्ला गंज हीरा लाल की दुकान में काम करते थे।

## मृदा स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों एवं विकारों तथा मृदा के प्रबंधन पर दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मृदा विज्ञान विभाग, भूमि संरक्षण, जल प्रबंधन विभाग तथा भारतीय मृदा संरक्षण समिति इंडिया के यू.पी.चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को दसवां मृदा स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस वर्ष मृदा स्वास्थ्य दिवस की थीम मिट्टी और पानी जीवन का स्रोत रही। कार्यक्रम में बीएससी कृषि एवं वानिकी, एमएससी एवं पीएचडी के छात्र छात्राओं सहित विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भूमि संरक्षण विभागाध्यक्ष डॉ.मुनीष कुमार द्वारा मृदा स्वास्थ्य के विभिन्न आयामो एवं विकारों तथा मृदा के प्रबंधन पर जानकारी दी गई। प्रधान वैज्ञानिक डॉ.एम.एम.यादव ने मृदा संसाधन के रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस के उपयोग एवं मैपिंग किए जाने के बारे में छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया। शस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.वी.के.वर्मा द्वारा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन एवं नैनो यूरिया के प्रयोग द्वारा अधिक फसलों उत्पादन की जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष मृदा विज्ञान डॉ.अनिल कुमार ने मृदा एवं पौधों में आपसी सहबंधन तथा डॉ.संजीव शर्मा मृदा विज्ञान विभाग द्वारा छात्र छात्राओं को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर फसलों के अधिक उत्पादन विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विभाग अध्यक्ष मृदा विज्ञान द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

## शहर में बनेंगे सौ कूड़ा घर, निर्माण आरम्भ



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में खुले कूड़ाघरों के कारण राहगीरों को होने वाली परेशानी से निजाद दिलाने के लिए नए सिरे से कूड़ा घरों का निर्माण शुरू कराया गया है, नया निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है और इसके पूरा होते ही क्षेत्र का कूड़ा यहां एकत्र किया जायेगा और फिर गाडी के माध्यम से उसे पनकी भाऊपुर निस्तारण प्लांट तक पहुंचा दिया जायेगा। शहर के 100 कूड़ा घरों को मार्डन कांपेक्टर का रूप दिया जा रहा है। बताया जाता है कि कूड़ा घरों के निर्माण का पहला चरण पूर्ण किया जा रहा है, जिसमें 30 कूड़ा घरों को मॉर्डन रूप से विकसित किया जा रहा है, जिसके बाद दूसरे चरण् में 40 कूड़ाघरों का निर्माण कार्य कराया जायेगा,बताया गया कि 27 लाख रूपये से कूड़ा घर बनाये जा रहे है तथा शहर के 15 स्थानों पर तेजी के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें संजयवन किदवई नगर, जुगल देवी सरस्वती विधा मंरि विकास नगर, आवास विकास पनकी, रामादेवी चौराहे के पास, संगीत टाकीज के पास, हरबंश मोहाल, द्वारिकापुरी ढाल, झकरकटी बस अडडा, नवाबगंज आदि क्षेत्रों में निर्माण कार्य चल रहा है।

## दिव्यांग उत्पीड़न को लेकर पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने बीते दिन पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर दिव्यांग उत्पीड़न के मामलों में कार्यवाही की मांग की है। पुलिस आयुक्त ने सभी मांगों पर सहमती जताते हुए कार्यवाही का आस्वाशन दिया है, पुलिस आयुक्त ने कहा की दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का सभी थानो में अनुपालन होगा, थानो में रैम्प की व्यवस्था की जायेगी, दिव्यांगजन के साथ थानों में सम्मान जनक व्यवहार होगा इसके लिए आदेश जारी किये जायेगे। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग उत्पीड़न के मामलों में थाने स्तर पर दिव्यांगजनों को न्याय नहीं मिल रहा था। बिठूर थाना क्षेत्र के दिव्यांग अजीत कुरील की जमीन व मकान भाई ने जबरिया कब्जा कर लिया है आय दिन मारपीट, गाली-गलौज करते हैं। थाना पुलिस कोई सुनवाई नहीं करती है। इसी प्रकार दिव्यांग दिव्यांग धर्मेन्द्र कुमार एवं जयराम के उत्पीड़न की रिपोर्ट थाना-सजेती पुलिस द्वारा दर्ज करने की बजाय उत्पीड़नकर्ताओं से सांठ-गांठ कर दिव्यांग व्यक्ति का ही पुलिस उत्पीड़न कर रही है। इसी प्रकार सौरभ कुमार व अजीत सिंह के मामलों में पुलिस ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग उत्पीड़न के मामलों में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी पुलिस आयुक्त से मिल करके दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के तहत व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए बने कानूनों को थाने स्तर पर 07 साल बाद भी लागू न करने पर अपनी आपत्ति दर्ज की, इस पर पुलिस आयुक्त ने कार्यवाही का आस्वाशन दिया। आज ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मनोज त्यागी आदि शामिल थे।

## देश की सर्वश्रेष्ठ एमआरआई मशीन आयेगी मेडिकल कॉलेज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को एक और उपलब्धि हासिल होने वाली है,जनवरी में संस्थान में देश की सर्वश्रेष्ठ एमआरआई मशीन आने वाली है, जी हां आपको बता दें कि यह मशीन यूएस में बनाई जाती है इस मशीन की खास बात यह है कि यह पोर्टेबल मशीन है, इससे यह लाभ मिलेगा कि अगर मरीज को ले जाने में दिक्कत हो रही है तो मशीन को मरीज के पास तक ले जाया जा सकेगा यह मशीन कम समय में अपनी रिपोर्ट दे देती है और बारीक से बारीक बीमारी को पकड़ने में काफी सक्षम साबित हुई है। यह जानकारी कानपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय काला ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया बंधुओ को दी है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह मशीन संभवतः अभी देश में किसी के पास नहीं है, इसलिए मेडिकल कॉलेज में मशीन आने को लेकर यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। इसी दौरान बाल रोग के विशेषज्ञ डॉ.यशवंत राय ने बताया कि जो अभी एमआरआई मशीन है वह 1.5 टेक्स्ला की होती है, उसका मैग्नेट इतना होता है कि उस मशीन को रखने के लिए कमरे में मोटी-मोटी दीवारें बनानी पड़ती है, इसके अलावा मरीज के अंग की हर एक बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी धातु की चीज हटाई जाती है, पर यह जो आधुनिक मशीन लाई जा रही है यह .065 टेक्स्ला की है, इसका सबसे ज्यादा फायदा यह होगा कि इसमें मैग्नेट का बहुत कम प्रयोग किया गया है, इस मशीन में एक ऐसी सीट लगी हुई है जो की मैग्नेट की पावर को एक सीमित दूरी तक ही रोक लेता है जिससे अन्य मशीनों की अपेक्षा काफी लाभदारी साबित होगी।

### एल पी इंटर कॉलेज में खेलकूद वार्षिकोत्सव का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। मंगलवार को माल रोड स्थित एलपी इंटर कॉलेज कानपुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में एथलेटिक्स सम्बन्धी खेलकुदों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए प्रधानाचार्य ने भविष्य में उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य श्याम बाबू पांडे ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कर मौजूद पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकुद प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संचार होता है जो कि उनके भविष्य के लिए अति आवश्यक है इस प्रतियोगिता में जिले के शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के पदाधिकारी हेमराज सिंह राकेश तिवारी अनिल सचान एवं प्रधानाचार्य बाबू श्याम बाबू पांडे भी मौजूद रहे।

### बेजुबान का धूम धाम से मनाया जन्मदिन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। इंसान और बेजुबान जानवरो के आपसी प्रेम के कई उदाहरण हैं लेकिन मौजूदा वक्त में किसी बेजुबान का जन्मदिन मनाते एक अनोखी मिसाल शहर के यशोदानगर निवासी मिश्रा परिवार में देखने को मिली है। कल के दिन इस परिवार ने एक अमेरिकन क्रॉस पमेलियन फीमेल डॉग को गोद लिया था और इस डॉग को अपने परिवार के सदस्य की तरह रखकर इसका नाम निक्की रखा और इस डॉग के दूसरे जन्मदिन को इस परिवार ने केक काटकर अपने पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाया। इस परिवार के भूमि मिश्रा समेत सभी सदस्यों का कहना है कि यह केवल इस परिवार का एक सदस्य की भांति है और बाकी सदस्य भी इंसान और जानवरों के बीच के भेदभाव को मिटाकर इसके साथ रहते है और आज का जन्मदिन एक यादगार के रूप में मना रहे है।

# जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत

## सुसाइड नोट में लिखा-तबियत बिगड़ने का कारण-बीईओ कुड़वार द्वारा मानसिक प्रताड़ना

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

जूनियर हाईस्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सोमवार को सुसाइड की कोशिश किया। गंभीर हालत में डॉक्टर ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया था। आज तड़के इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। इस बीच रेड पेन से लिखा नोट पैड का एक पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। जिस पर उल्लेखित है, तबियत बिगड़ने का कारण- बीईओ कुड़वार द्वारा मानसिक प्रताड़ना। बल्दीराय थाना अंतर्गत केवटली गांव निवासी सूर्य प्रकाश द्विवेदी कुड़वार ब्लॉक के रवनिया ग्राम पंचायत स्थित जूनियर हाईस्कूल पूरे चित्ता में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। सोमवार शाम संदिग्ध परिस्थितयों में उनकी तबियत बिगड़ी तो साथियों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में भर्ती कराया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। तड़के 3 बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम की कार्रवाई लखनऊ में कराया जा रहा है।

मृतक के भाई धर्म प्रकाश द्विवेदी ने बीएसए दीपिका चतुर्वेदी के खासमखास खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार मनोजित राव पर आरोप लगाते हुए बताया कि शनिवार को उन्होंने उनके विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। प्रभारी प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी प्रार्थना पत्र देकर बीमार बेटे का उपचार करने चले गए थे। बीईओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को अनुपस्थित दिखाते हुए उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया था। नोटिस मिलने के बाद से वे काफी हैरान थे। बताया जा रहा है कि प्रधानाध्यापक ने किसी जनप्रतिनिधि से खंड शिक्षाधिकारी को फोन कराया जिस पर वे आवेश में आ गए। सोमवार को उन्होंने सूर्य प्रकाश द्विवेदी को धमकाया और बर्खास्त करने की चेतावनी दी ऐसा भी आरोप है। इससे आहत होकर उन्होंने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। हालत बिगड़ी तो साथी उन्हें लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचे और भर्ती कराया। लेकिन स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ता देख चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया था। जहां तड़के 3 बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। प्रधानाध्यापक की मौत की खबर जिले में पहुंची तो शिक्षक संगठनों में उबाल आ गया। कहा जा रहा है कि पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर बीईओ ऑफिस पर शव रखकर प्रदर्शन किया जाएगा, जब तक दोषी के विरुद्ध कार्रवाई और एफआईआर नहीं होती तब तक प्रोटेस्ट जारी रहेगा। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने पूरी तरह चुप्पी साध रखा है। हां इस मामले में एडीएम प्रशासन पंकज सिंह ने बात करने पर बताया कि निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। सख्त से सख्त कार्रवाई भी होगी।

### शिक्षक संगठनों ने श्रद्धांजिल सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



सुल्तानपुर। बीईओ की चेतावनी से क्षुब्ध होकर जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने आत्महत्या का प्रयास किया। उन्हे गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज से ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई। इसके बाद बीआरसी केंद्र कुड़वार पर शिक्षक संगठनों ने श्रद्धांजिल सभा आयोजित कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं राजनैतिक संगठनों ने भी उनकी मौत को लेकर सिस्टम पर सवाल उठाया है।



शिक्षक सूर्य प्रकाश तिवारी

### एफआईआर लिखकर बीईओ को भेजे जेल: देवेंद्र तिवारी

जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि सूर्य प्रकाश द्विवेदी एप्लीकेशन लिखकर रखकर के अपने बच्चे की दवा कराने गए थे। बीईओ की प्रताड़ना से त्रस्त होकर वो शहीद हो गए। अपने और अपने विभाग की लड़ाई लड़ते-लड़ते विषम परिस्थित में उन्होंने ऐसा किया। मृतक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के लिए लिए हम सब कुछ करेंगे। हमारी मांग है जब तक खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ एफआईआर लिखकर जेल नहीं भेजा जाता तब तक हमारी कार्रवाई अनावरत चलती रहेगी।

### पुरजोर आवाज उठाए शिक्षक: एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह

वहीं भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम सुल्तानपुर से आरोपित बीईओ के खिलाफ मामले में केस दर्ज कर अरेस्ट करने के लिये फोन से बात की। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक संगठन मतभेद भुलाकर लोकतांत्रिक ढंग से दिवंगत शिक्षक के परिवारीजनों के हितों के लिए पुरजोर आवाज उठाए। मेरी समस्त संवेदना पीड़ित परिवार के साथ हैं।

### मृतक आश्रित में मिली थी नौकरी

सुल्तानपुर। शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी के पिता रामबोध द्विवेदी प्राथमिक शिक्षक थे। उनकी सेवाकाल में ही बीमारी से मृत्यु हो गई थी। वर्ष 1995-96 में सूर्य प्रकाश द्विवेदी को मृतक आश्रित में नौकरी मिली थी। वह शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते थे। पत्नी संगीता दुबे और छोटा बेटा अखिलेश उर्फ सत्य प्रकाश द्विवेदी उनके साथ रहता था। अखिलेश ने इस वर्ष इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि बड़ा बेटा ज्ञान प्रकाश उर्फ दुर्गेश द्विवेदी लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहा था। बड़ी बेटी श्वेता द्विवेदी की शादी हो गई है। सूर्य प्रकाश द्विवेदी के छोटे भाई धर्म प्रकाश द्विवेदी शहर स्थित कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक हैं।

### जितनी निन्दा की जाए कम: शैलेंद्र प्रताप सिंह

भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक के बल्दीराय स्थित केवटली गांव पहुंचे। उन्होंने कहा खंड शिक्षाधिकारी द्वारा मानसिक उत्पीड़न के बाद शिक्षक की हुई मौत की जितनी निंदा की जाए वह कम है। आरोपी खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### विभाग में कुख्यात हैं बीईओ: देवमणि द्विवेदी

पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने कहा कि बीईओ मनोजीत राव की डांट से क्षुब्ध होकर जहर खाने वाले शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी कि अंततः मृत्यु हो गई। मनोजीत राव विभाग में तमाम कारणों से कुख्यात हैं। उन्होंने कहा शिक्षक समुदाय से निवेदन है कि डीजी स्तर पर मेरी सीधे वार्ता हुई है और मसले में शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन मिला है। इस विषय पर गुरुजनों से मर्यादित रिस्पांस की अपेक्षा है।

### शिक्षक की मौत सिस्टम की बेबसी: अभिषेक सिंह राणा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की मौत का जिम्मेदार जिले का लाचार, बेबस, सिस्टम है। उन्होंने पूरे प्रकरण को लेकर डीएम से फोन पर वार्ता कर शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की मौत में जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग किया। एक प्रतिनिधि मंडल शिक्षक के घर पर गया और शोक संवेदना प्रकट की।

### सिस्टम को गिरेहबान में झांकने की जरूरत: वरुण मिश्रा

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने शिक्षक की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि किसी अध्यापक की भावना को इस कदर आहत कर देना कि वह समाज में खुद को सम्मिलित होने योग्य ही न समझकर मौत को गले लगा ले तो एक बार सिस्टम को भी अपने गिरेबान में झांकने की आवश्यकता है।उनकी हत्या की गई है। दोषी अधिकारी को इसका दंड मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह शिक्षक संगठनों के साथ हैं। यदि संघ कोई आंदोलन करेगा तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी उस लड़ाई में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़े रहेंगे।

### ट्रांसफर के नाम पर चल रहा उगाही का खेल: डिंपल

दूबेपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश सिंह डिंपल ने कहा खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार द्वारा एक शिक्षक की मान मर्यादा उसकी प्रतिष्ठा उसके सम्मान को तार-तार किए जाने से आहत होने पर उन्होंने आत्महत्या कर ली। जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। जब से बेसिक शिक्षा विभाग से ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार छीन गया है तब से धन उगाही का एक माध्यम शिक्षकों की उपस्थिति चेक कर उनका वेतन रोकना उन्हें निलंबित करना और धन लेकर बहाल करना है।

# सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा रहे नाबालिग बच्चे

जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल अमेठी



जीवन रक्षा को आधार मानते हुए सरकार के निर्देशन अनुसार विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर अपने नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं देने की प्रशासन द्वारा अपील भी की गई।हालात कस्बे के मुख्य मार्गो से लेकर मेन बाजार और छोटी, बड़ी गलियों में नाबालिग युवा बिना किसी भय और खौफ के फिल्मी अंदाज में बाइक,ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से फर्राटा भरने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की गरज से बाजारों में अपने दोस्तों को बिठाकर तेज गति से मोटर साइकल दौड़ाते इन नाबालिगों को आसानी से देखा जा सकता है। पुलिस प्रशासन के ध्यान न देने से कस्बे के छोटे बड़े चौराहों पर ऐसे नाबालिग वाहन चालकों की संख्या लगातार इजाफा होता देखा जा रहा है। हालात ये है कि 14 से 16 वर्ष तक के नाबालिग वाहन चलते हैं जिनके बाइक से जमीन पर तो ट्रैक्टर की स्टेयरिंग तक पैर नहीं पहुंचते हैं इसके बाद भी ये सड़कों पर खुलेआम अपने वाहन दौड़ाते देखे जाते हैं।

### बिना लाइसेंस चला रहे हैं वाहन

कस्बे में पुलिस सहित अन्य प्रशासन को ज्यादा ध्यान नहीं देने से यहां नाबालिग बिना लाइसेंस के बाइक सहित अन्य वाहनों को नियमों को ताक पर रखकर बच्चे दौड़ाते रहते हैं। जिससे आम राहगीर तथा दुकानदारों में हादसे की आशंका बनी हुई है। तेज दौड़ती इन बाइकों से आम नागरिकों में भारी खौफ रहता है और वह घर से निकलते समय ईश्वर से कुशल घर वापस पहुंचने की कामना करते हैं कि वह किसी मनचले बाइक चालक के वाहन का शिकार न बन जाएं। लोगों की मानें तो बगैर लाइसेंस के बाजारों में फर्राटा भर रहे इन नाबालिगों को पुलिस प्रशासन का भय नहीं है यही बजह है कि इनकी संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 28.12.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या** : 015302023 दिनांक 04.12.2023 |
| 2 | **कार्य का नाम** : **(1)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का प्रावधान 122/सी (किमी 960.614), 145/सी (किमी 990.036), 152/सी (किमी 998.948), 159/सी (किमी 1006.153), 172/सी (किमी 1019.333), 182/सी (किमी 1032.838) और 188/सी (किमी 1040.302) अमेठी–रायबरेली–लखनऊ खंड पर। **(2)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का प्रावधान 175 बी (किमी 1025.059), 171/सी (1018.207), 173/सी (1021.499), 174/सी (1023.679), 178/सी (1028.508), 189/सी (1042.822) प्रतापगढ़–रायबरेली–लखनऊ खंड पर। **(3)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का प्रावधान 190/सी (1043.738), 191/सी (1045.085), 151/सी (997.945), 158/सी (1005.035), 161/सी (1007.774) प्रतापगढ़–रायबरेली–लखनऊ खंड पर। |
| 3 | **अनुमानित लागत** : **(1)** रु. 33,95,07,081.48, **(2)** रु. 28,89,85,707.70, **(3)** रु. 24,64,92,063.50 |
| 4 | **धरोहर राशि** : **(1)** रु. 18,47,500.00, **(2)** रु. 15,94,900.00, **(3)** रु. 13,82,500.00 |
| 5 | **कार्य की समापन अवधि** : **(1)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह, **(2)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह, **(3)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह |
| 6 | **निविदा डालने का प्रारंभ** : 14.12.2023 |
| 7 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 28.12.2023, 15:00 बजे |
| 8 | **बेबसाईट** : www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। 3805 /2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए 7 से 14 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सात से 14 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डा. दीपा त्यागी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये गए हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनुपम सिंह ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस अभियान के दौरान जहां निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन बढ़ाने का लक्ष्य होगा वहीँ छूटे हुए केसों को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने के भी अभियान चलेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि इस अभियान के दौरान सभी पद्धति के निजी चिकित्सकों के साथ लैब और केमिस्टों के यहाँ भी जिला स्तरीय टीम भ्रमण करेगी। उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है और अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। डा. सिंह ने जानकारी दी कि टीबी नोटिफिकेशन में निजी चिकित्सकों की अहम भूमिका है। प्रत्येक टीबी रोगी के नोटिफिकेशन पर निजी चिकित्सक को 500 रुपये दिए जाने का प्रावधान है । अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो आईपीसी धारा 269 एवं 270 के तहत दंडनीय अपराध है। वर्तमान में 229 निजी सेवा प्रदाता हैं जिसमें 179 निजी चिकित्सक और 25 लैब निक्षय पोर्टल पर हैं। जनपद में स्वयंसेवी संस्था एचएलएफपीपीटी निजी चिकित्सकों द्वारा टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन में सहयोग कर रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि इस अभियान कि मॉनिटरिंग स्टेट टीबी सेल, रीजनल टीबी प्रोग्राम टीबी मैनेजमेंट यूनिट, विश्व स्वास्थ्य संगठन, तकनीकी सहायक इकाईयों के द्वारा की जाएगी।



# जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर शिकायतों का डिजिटल सिग्नेचर ना होने पर जिलाधिकारी सख्त

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जनसुनवाई समाधान पोर्टल (आई0जी0आर0 एस0) के लिये 01 दिसम्बर 2023 से सम्बन्धित पोर्टल पर समस्त शिकायतों का अनुमोदन लिजिटल सिग्नेचर के द्वारा किया जाना है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा ने आईजीआरएस पोर्टल पर समस्त शिकायतों का अनुमोदन डिजिटल सिग्नेचर न करने वाले 21 विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि ई-डी0एम0 से समन्वयक बनाते हुए पोर्टल पर डिजिटल सिग्नेचर से अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि आप लोगों द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जबकि पोर्टल के अन्तर्गत जनसामान्य से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मंडलायुक्त द्वारा की जाती है तथा जनपद स्तर से जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), नोडल अधिकारी द्वारा समय-समय पर शासन के अनुरूप आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त सन्दर्भो, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु बैठक पर की जाती है तथा वॉट्स एप ग्रुप में पत्र के माध्यम से निर्देश दिये जाते है। इससे यह स्पष्ट होता है आप द्वारा जनशिकायत पोर्टल को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है तथा सम्बन्धित विभाग द्वारा जन शिकायत पोर्टल पर दर्ज शिकायतो को अवलोकन, कार्यवाही न करने के कारण सन्दर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में चला जाता है, जिसके कारण शासन स्तर पर जिला प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव जनपद की रेकिंग पर पड़ता है। संबंधित विभागों को स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति से 02 दिन के अन्दर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, स्पष्टीकरण समय-सीमा में प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो मान लिया जाएगा कि संबंधित को कुछ नहीं कहना है और आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करने की संस्तुति कर दी जायेगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं की होगी।

### बंदियों के लिए कारागार में जांच कैंप का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। जिला कारागार में टीबी, एच आई वी, हेपेटाइटिस बी एवं सी, एसटीआई की स्क्रिनिंग एवं जाँच कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डा0ओम प्रकाश चौधरी द्वारा फीता काट कर किया गया, कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम, जिला क्षयरोग अधिकारी डा0आर के कन्नौजिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा लाल जी, जेलर राज कुमार सिंह, की उपस्थिति में आयोजित किया गया, कैम्प के आयोजन का उद्देश्य कारागार में निरुद्ध सभी कैदियों की एच आई वी, हेपेटाइटिस बी एवं सी तथा क्षयरोग हेतु कराया जाना है, जाँच में धनात्मक पाए जाने पर उपचार प्रारंभ किया जाता है, कैम्प में पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, फर्मासिस्ट सुनीता सिंह, टीबी एच आयी वी कोर्डिनेटर पंकज तिवारी, संतोष सिंह, सीमा श्रीवास्तव, नेहा, अवनीश सिंह, राम सुमिरन, राजीव लोचन पाण्डेय, प्रताप सेवा समिति के विजय विद्रोही आदि लोग उपस्थित रहकर स्क्रीनिंग एवं जाँच का कार्य किये।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। उप जिलाधिकारी, डलमऊ अभिषेक वर्मा ने तेरुखा के लेखपाल करुणेश मौर्य को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है।

उप जिलाधिकारी, डलमऊ ने बताया कि इस लेखपाल के खिलाफ कई शिकायती पत्र आए थे, जिनमें से एक शिकायती प्रार्थना पत्र में सहन के पत्थर को हटवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था किंतु लेखपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुनः शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत करने के उपरांत लेखपाल द्वारा शिकायत के निस्तारण में सभी तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया। साथ ही जानबूझकर तथ्यों को गोपनीय रखा गया। इसे लेखपाल के दायित्वो के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही मानते हुए उप जिलाधिकारी, डलमऊ ने लेखपाल करुणेश मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# आप ने निकाली सत्यमेव जयते पदयात्रा



जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आज उनके गृह जनपद सुलतानपुर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सत्यमेव जयते पदयात्रा निकाली इस पदयात्रा में आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की पदयात्रा की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर छवि यादव ने की छवि यादव ने मीडिया से बात करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा की नरेन्द्र मोदी नही चाहते है की विपक्ष का कोई नेता मुखर हो कर कुछ बोले अगर कोई नेता कुछ बोलता है तो प्रधानमंत्री उसे ईडी,सीबीआई के माध्यम से प्रताड़ित करते है ऐसा ही आम आदमी पार्टी के नेताओ के साथ हो रहा है चाहे वो मनीष सिसोदिया हो या सतेंद्र जैन या फिर अब राज्य सभा सांसद संजय सिंह सभी को मोदी सरकार ने जेल में डाल रखा है छवि यादव ने कहा की आज लोकतंत्र खतरे में है लोकतंत्र को बचाने के मकसद से आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में सत्यमेव जयते पदयात्रा निकाल रही है आज यह पद यात्रा संजय सिंह के घर सुलतानपुर में हो रही जिसमे बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया छवि यादव ने कहा की आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भरोसा है की जल्द ही संजय सिंह जेल से बाहर आयेगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### धान क्रय केंद्र का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को धान क्रय केंद्र अमेठी का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना।इस दौरान उन्होंने धान क्रय केंद्र पर किसानों की बढ़ती आवक को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र पर दो अतिरिक्त कांटा बढ़ाने का निर्देश जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को दिया। और केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि धान क्रय केंद्र पर किसानों को इंतजार ना करना पड़े।जिसको जिस दिन का टोकन दिया गया हो, उसी दिन खरीद की जाए। किसी भी हालत में क्रय केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी ना होने पाए।खरीद के उपरांत भुगतान की कार्यवाही भी समय के अंतर्गत सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही डीएम ने अभी तक जो धान खरीदा गया है उसे संबंधित मिलों पर भिजवाने को कहा।इस दौरान केंद्र प्रभारी हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि अभी तक 127 किसानों से 811 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस दौरान जिला खाद एवं विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पांडे सहित अन्य अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### लोगों के लिए मुसीबत बनी ओवरब्रिज की सर्विस लेन

जन एक्सप्रेस/अमेठी। कस्बे में सेतु निगम की लापरवाही से व्यापारियों के साथ ही आम लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। अमेठी कस्बे के ककवा रोड पर निर्माणधीन ओवरब्रिज के सर्विसलेन का निर्माण न होने के कारण राहगीरों को कीचड़ में आना जाना पड़ रहा है। फिलहाल व्यापारियों ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष से अपील किया है।पूरा मामला अमेठी कस्बे के ककवा रोड का है।जहाँ सेतु निगम द्वारा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है।ओवरब्रिज के निर्माण के चलते विभाग द्वारा बड़ी संख्या में व्यापारियों के दुकानों और मकानों को तोड़कर सर्विसलेन के लिये जगह बनाई तो गई। लेकिन सर्विसलेन नही बन सकी। सर्विसलेन न बनने से मंगलवार को हुई बारिश से सड़क पुरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गई।कीचड़ की वजह से सैकड़ो व्यापारियों के साथ राहगीरों का आवागमन दुश्वार हो गया। और राहगीर किसी तरह जान जोखिम में डालकर अपना रास्ता तय कर रहे हैं। सर्विसलेन की हालत बद से बत्तर है। कुछ दिन पहले जिला पंचायत अध्यक्ष से इस संबंध में शिकायत की गई। जिसके बाद फ्लाई ओवर बन गया। लेकिन सर्विसलेन और भी खराब हो गई। अगर जल्द ही सर्विसलेन नही बना तो व्यापारी सेतु निगम के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

### पीएमजीएसवाई के ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस/अमेठी। जिले की तहसील तिलोई अंतर्गत 9.2 किमी चौरा से भड़मार वाया अलाईपुर मार्ग के कार्य में अनियमितता एवं अनुबंध का उल्लंघन करने पर पीएमजीएसवाई के अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार पाठक ने ठेकेदार मेसर्स वासू इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर दिलीप चंगलान निवासी 648/ए, ब्लाक-ओ न्यू अलिपुर कोलकाता दक्षिण प्रभाग पश्चिम बंगाल के विरुद्ध मोहनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बताते चलें की शासन द्वारा जनहित में जनपद में वित्तीय वर्ष एफडीआर तकनीकी से मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई है।जनहित के मार्गों के कार्य का अनुबंध ठेकेदार एवं अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग परिमंडल अयोध्या के मध्य हुआ। ठेकेदार द्वारा उक्त अनुबंध के दिवस कार्य प्रारंभ कर दिया गया परंतु मार्ग पर मिट्टी का ही कार्य 15 अक्टूबर 2023 तक किया गया। अनुबंध के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि तीस नवम्बर स्वीकृत थी। ठेकेदार द्वारा कार्य समय से ना पूर्ण करने के कारण जहां एक ओर शासकीय धन की क्षति हो रही है। वहीं दूसरी ओर मार्ग पर आने जाने वाले व्यक्तियों एवं आम जनमानस की दुर्घटना होने की भी आशंका है। जिसको लेकर ठेकेदार के विरुद्ध अनुबंध का उल्लंघन करने एवं निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण न करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल में चार्ट पेपर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल में चार्ट पेपर कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों द्वारा चार्ट पेपर पर रेस्पिरेटरी सिस्टम डाइजेस्टिव सिस्टम, वाटर साईकल पार्ट्स ऑफ फ्लावर और फोटोसिंथेसिस प्रोसेस बनाया गया। प्रिंसिपल निशी श्रीवास्तव ने बताया कि सुनैना मौर्य, प्रबल, मानवी केसरवानी, तस्मिय, अनब्या शर्मा, जुहैना खान, मिस्बा, सत्यम अग्रहरि, शिवम वर्मा, आदित्य पटेल, अल्तमस खान, शुभांश, यश मौर्य, प्रिंस अग्रहरि, हसन खान, आदर्श यादव, अमित यादव, तनवीर खान चार्ट पेपर एक्टिविटी में विजेता रहे।

### लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जनपद की सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के. एल. शर्मा ने भुएमऊ गेस्ट हाऊस में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लाक अध्यक्षों एवं सभी फन्टलों की कमेटियों के साथ बैठक कर उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा, सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जनपद का कांग्रेसी पूरे पांच वर्ष जनता के सुख-दु:ख में साथ खड़ा रहता है, लोकसभा चुनावों में जनता का अटूट विश्वास गांधी परिवार के साथ था, है और हमेशा रहेगा, के. एल. शर्मा ने ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सांसद सोनिया गांधी द्वारा कराये गये विकास कार्यों की चर्चा करने को कहा। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने उपस्थित सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि जनपद का प्रत्येक कांग्रेसी सिपाही अपनी नेता व पार्टी के प्रति निष्ठावान है और लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मुख्य रुप से जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षगण उपस्थित रहे।

### गौराबरामऊ में बन रही सड़क का टॉर्च की रोशनी में विधायक ने किया क्वॉलिटी टेस्ट

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। इसौली विधानसभा के बल्दीराय ब्लॉक अंतर्गत गौराबरामऊ में सोमवार रात जब ठंड के चलते सब घरों में दुबक गए थे उस समय क्षेत्रीय विधायक ताहिर खान क्षेत्र में पहुंचे। नई बन रही सड़क की टॉर्च की रौशनी में उन्होंने क्वॉलिटी चेक की। मिट्टी-गिट्टी को हाथों में उठाकर उन्होंने मानक व गुणवत्ता को परखा। गौराबरामऊ गांव से अरवल बाजार होते हुए सड़क पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तक जर्जर हुई सड़क का लेपन कार्य पीडब्लूडी द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने सूचना दिया तो सपा विधायक ताहिर खान सोमवार वहां पहुंचे। मौके पर लोगों ने बताया कि पटरी पर कार्य करने में कुछ जगहों पर अड़चन आ रही।इस पर विधायक ने एसडीएम बल्दीराय विदुषी सिंह और थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह से फोन पर बातकर हस्ताक्षेप के लिए कहा। जिस पर पुलिस-प्रशासन की ओर से सहयोग देने का आश्वासन मिला। विधायक ने अंधेरा होने के कारण यहां सड़क निर्माण कार्य को टॉर्च की रौशनी में चेक किया।

### इसौली विधानसभा क्षेत्र में नहीं होगी खाद की किल्लत, डीएम का विधायक को आश्वासन

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर/इसौली। विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खाद की ब्लैक मार्केटिंग हो रही है।अन्नदाताओं को गेहूं बुआई के लिए समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। खासकर डीएपी की किल्लत को देखते हुए विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना से फोन पर किसानों के आगे वार्ता की। किसानों की भीड़ की बीच वार्ता के दौरान जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना ने विधायक को अस्वस्थ किया कि किसी भी दशा में डीएपी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर विधायक ने अपना पत्र भी भेजने की बात कही। इसी के साथ ही विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के बल्दीराय तहसील मुख्यालय पर नया धान क्रय केंद्र खोलने की जरूरत पर बल दिया। जिसे देखते हुए डीएम ने जल्द नोडल एजेंसी जिला खाद एवं विपणन से वार्ता कर केंद्र खोलने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### शिक्षक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की मौत में जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की मृत्यु पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, प्रवक्ता नफीस फारुकी शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, जिलाउपाध्यक्ष तेज बहादुर पाठक, आवेश अहमद, समेत दर्जनों नेताओं ने गहरा दुख प्रकट किया। ज्ञात हो कि जिले के बल्दीराय थाना अंतर्गत केवटली गांव निवासी सूर्य प्रकाश द्विवेदी कुड़वार ब्लाक के रवानिया ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे चित्ता में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 17°C |
| कानपुर | 24°C | 16°C |
| देहरादून | 24°C | 13°C |
| नई दिल्ली | 24°C | 12°C |

# एनसीआरबी रिपोर्ट : कम नहीं हो रही दुर्घटना में होने वाली मौतों की संख्या, शादी के लिए किडनैपिंग सबसे ज्यादा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें कम करने की तमाम कवायदों के बावजूद वर्ष 2022 में यूपी में 21,392 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। वर्ष 2021 में यूपी में 18,972 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। आबादी के हिसाब से तुलना करें, तो सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के मामले में यूपी देश में 14वें स्थान पर आता है। वहीं यूपी में हिट एंड रन के सबसे ज्यादा 16,343 मामले बीते वर्ष दर्ज किए गये। वर्ष 2021 में इनकी संख्या 14,510 थी। इसमें भी करीब दस फीसद से अधिक का इजाफा दर्ज किया गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य प्रदेश में हिट एंड रन के मामले होने की दर यूपी से अधिक है। उल्लेखनीय है कि बीते दो वर्ष के दौरान यूपी में रेल दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है।

### पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण पर कार्रवाई कम

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के बाद देश में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सबसे ज्यादा मामले बीते वर्ष यूपी में दर्ज हुए। महाराष्ट्र में इनकी संख्या 198 थी, जबकि यूपी में 103 मामले दर्ज हुए थे। वहीं बाकी राज्यों में इस अधिनियम के तहत दर्ज होने वाले मुकदमों की संख्या नगण्य रही। हालांकि यदि पर्यावरण एवं प्रदूषण संबंधी समस्त कानूनों की बात करें तो इसके तहत कार्रवाई करने में यूपी देश में पांचवें स्थान पर है। हालांकि ध्वनि प्रदूषण के मामले में यूपी में कार्रवाई पड़ोसी राज्य राजस्थान के मुकाबले नगण्य रही। राजस्थान में ध्वनि प्रदूषण से संबंधित 7300 मामले दर्ज हुए, जबकि यूपी में केवल एक मामला दर्ज हुआ।

**अन्य राज्यों की तुलना में अपराध दर**

- हत्या - 28
- हत्या का प्रयास- 25
- शीलभंग- 17
- फिरौती हेतु अपहरण- 30
- बलात्कार- 24
- डकैती- 31
- पाक्सो अधिनियम- 25
- महिलाओं के विरुद्ध अपराध- 14
- बच्चों के विरुद्ध अपराध- 29

### एसिड अटैक के मामले बढ़े

महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में सबसे जघन्य माने जाने वाले एसिड अटैक के 30 मामले बीते वर्ष दर्ज किए गये, जो वर्ष 2021 से अधिक हैं। वर्ष 2022 में एसिड अटैक के पीड़ितों की संख्या 32 रही। जबकि वर्ष 2021 में यह संख्या 25 थी। वर्ष 2022 में महिलाओं के शारीरिक शोषण के 4533 मामले दर्ज हुए, वर्ष 2021 में यह संख्या 3557 थी। हालांकि अन्य राज्यों की तुलना में यूपी में इनकी दर कम है। कार्यस्थल पर महिलाओं के शारीरिक शोषण के छह मामले यूपी में दर्ज हुए।

### सरकारी कर्मचारियों पर हमले के 240 मामले

यूपी में वर्ष 2022 में सरकारी कार्य करने के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर हमले के 240 मामले दर्ज किए गये, जिसमें पीड़ितों की संख्या 246 थी। गोवा में इसकी दर सबसे ज्यादा है।

### शादी के लिए किडनैपिंग

एनसीआरबी की रिपोर्ट में चौंकाने वाला तथ्य है कि यूपी में शादी के लिए अपहरण की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं। हालांकि आबादी के हिसाब से तुलना करें तो बिहार में इसकी दर सबसे ज्यादा है। यूपी में बीते वर्ष शादी के लिए अपहरण के 9598 मामले दर्ज किए गये थे।

**यूपी में होने वाले अपराधों पर एक नजर**

- यूपी में बीते वर्ष सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। हालांकि दो समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा करने के देश में सर्वाधिक 217 मामले यूपी में दर्ज किए गये थे।
- बीते वर्ष सार्वजनिक परिवहन के साधनों में महिलाओं के साथ शारीरिक शोषण होने के सबसे ज्यादा 87 मामले यूपी में दर्ज हुए।
- शेल्टर होम्स में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले शारीरिक शोषण के 126 मामले बीते वर्ष दर्ज किए गये।
- पति तथा उसके रिश्तेदारों द्वारा किए जाने वाले अत्याचार के 20,371 मामले दर्ज हुए, जिसमें पीड़ितों की संख्या 20,511 थी।

“ आबादी के हिसाब से तुलना करने पर अन्य राज्यों के मुकाबले यूपी में क्राइम रेट कम है। वहीं अपराधियों को सजा दिलाने में यूपी बीते कई सालों से पहले स्थान पर है।
– प्रशांत कुमार, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था

## खाड़ी देशों से फंडिंग वाले 108 मदरसे एसआईटी के रडार पर, मांगा गया खातों का ब्यौरा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के मदरसों में विदेशी फंडिंग की जांच के लिए गठित एसआईटी को अहम सुराग मिलने लगे हैं। एसआईटी की अब तक की जांच में प्रदेश के 108 मदरसों में विदेशी फंडिंग होने के पुख्ता प्रमाण हाथ लगे हैं। एसआईटी ने इन मदरसों के आय-व्यय और बैंक खातों का ब्योरा तलब किया है। बता दें कि एसआईटी विदेशी फंडिंग के सुराग तलाशने के लिए प्रदेश के समस्त 24 हजार मदरसों की जांच कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक करीब पांच हजार मदरसों की पड़ताल में 108 में खाड़ी देशों से शिक्षा के लिए रकम भेजने की पुष्टि हुई है। हालांकि यह पता लगाया जाना बाकी है कि इस रकम का इस्तेमाल वास्तव में शिक्षण कार्यों के लिए हो रहा है, अथवा देशविरोधी कृत्यों को अंजाम देने के लिए इसे संदिग्ध संगठनों को भेजा जा रहा है। एसआईटी की जांच में खाड़ी देशों से शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए करीब 150 करोड़ रुपये भेजे जाने की पुष्टि हो चुकी है। यह रकम किन संगठनों के द्वारा भेजी जा रही है, इसका पता लगाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

## बांके बिहारी मंदिर की होगी फसाड लाइटिंग, 2.22 करोड़ स्वीकृत, म्यूजियम में भी लगेगी लाइट



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत प्रदेश की सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। इसके तहत मथुरा में लगभग 2.22 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर और डेम्पियर नगर स्थित म्यूजियम की फसाड लाइटिंग की जायेगी। इसके पहले मथुरा में ही 4.59 करोड़ रुपये विभिन्न सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्वीकृत हुए थे। हाथरस में 1.43 करोड़ रुपये से अमृत सरोवर के पर्यटन विकास के लिए मंजूर हुए थे। वहीं योजना के तहत लखनऊ के अलीगंज स्थित हनुमान जी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत की गई थी। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन के दृष्टिकोण से मथुरा-वृंदावन काफी महत्वपूर्ण है। योजना के तहत मथुरा में होने वाले काम की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 50 प्रतिशत मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण मथुरा उपलब्ध करायेगा।

### प्रदेश में 12.02 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुं और धान ग्रेड-ए 2203 रूपये प्रति कुं0 की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 1202914.12 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। योजना से 179913 किसानों को लाभान्वित करते हुए 2175.46 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है।

# सीएम फेलोशिप प्रोग्राम के जरिए छोटे शहरों के विकास की कमान संभालेंगे युवा

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आकांक्षी विकास खंड की तर्ज पर आकांक्षी (विकास के लिहाज से पिछड़े) शहरों में भी सीएम फेलोशिप प्रोग्राम लागू होगा। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही आकांक्षी शहरों के विकास के लिए इस तरह का विशेष कार्यक्रम शुरू करने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन गया है। छोटे और पिछड़े शहरों के विकास के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई इस नई पहल के तहत युवाओं और नागरिकों को शहरी विकास, योजना प्रबंधन और मॉनिटरिंग में सक्रिय भागीदार बनाने का मौका दिया जाएगा। बता दें कि योगी कैबिनेट ने हाल ही में 20 हजार से एक लाख तक की आबादी वाले 100 छोटे नगर निकाय वाले शहरों में मूलभूत शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक संरचना के क्षेत्र में सुधार करते हुए रोजगार के नए अवसरों के सृजन के लिए ‘आकांक्षी नगर योजना’ को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत सीएम फेलोशिप प्रोग्राम एक महत्वपूर्ण कार्ययोजना है, जिससे शहरी विकास, योजना, प्रबंधन और मॉनिटरिंग में युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। खास बात यह है कि सीएम फेलोशिप प्रोग्राम में बेहतर प्रदर्शन वाले फेलो को सरकारी क्षेत्र में प्लेसमेंट का मौका दिया जा सकता है। इस प्रोग्राम में आवेदन करने वाले युवकों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक और अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष रखा गया है। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी होना अनिवार्य है। इस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आवेदकों को कंप्यूटर के साथ ही सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर काम करने की जानकारी भी होनी चाहिए। योग्यता पूरी करने वाला कोई भी आवेदक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है। इसके लिए नगर विकास विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। वेबसाइट पर पंजीकरण करने का काम शुरू हो गया है।

**योजना के तहत इन क्षेत्रों पर रहेगा मुख्य फोकस**

- अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर
- सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर
- अर्बन लोकल गवर्नेंस
- इकॉनमिक ऑपर्च्युनिटी
- क्लाइमेट एंड डिजास्टर रेजिलिएंस

### 20 से 30 हजार रुपये होगा मानदेय

ऑनलाइन पंजीकरण कराने के बाद फेलोशिप प्रोग्राम में लिए युवाओं चयन किया जाएगी। योग्यता के आधार पर 20 से 30 हजार रुपये प्रतिमाह उनका मानदेय निर्धारित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसके बाद उनकी जिलों में तैनाती कर दी जाएगी।

# ‘अखिलेश यादव के प्रत्याशियों से ज्यादा तो नोटा को वोट मिले’

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



हाल ही में देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में मीडिया में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान आया है कि तीन राज्यों में बीजेपी की जीत पर हम निराश नहीं हैं। अखिलेश यादव के इस बयान पर और मध्य प्रदेश में सपा समेत अन्य पार्टियों की करारी हार पर उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई, निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने कहा कि अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के प्रचार में पूरी ताकत लगा दी थी और उन्होंने 6 दिनों तक ताबड़तोड़ प्रचार किया था। इस दौरान उन्होंने कुल 24 रैलियां भी की थीं। इसके अलावा रोड शो और रथ यात्रा से भी मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया था। अखिलेश यादव के अलावा उनकी पत्नी मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने भी कई विधानसभा क्षेत्रों में रैलियां की थीं। अखिलेश यादव रैलियों में यह भी बोला करते थे की ऐसा कभी नहीं हुआ है कि सपा का मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में खाता ना खुला हो, पर मोदी जी हैं, तो यह भी मुमकिन है। मंत्री नन्दी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि उगते हुए सूरज और सूरज की रोशनी में उगते हुए कमल को कोई रोक नहीं सकता। प्रकृति है और प्रकृति के विरूद्ध देखे गए शेख चिल्ली के सपने केवल सपने ही रह जाते हैं। ऐसे सपने देखने से नींद तो अच्छी आ सकती है, लेकिन जनता के दिल में जगह नहीं मिल सकती। समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश में 69 सीटों पर चुनाव लड़ा। आपने इन सीटों पर 24 रैलियां की और बड़े-बड़े दावे किए लेकिन राज्य में सपा को मात्र 0.46 प्रतिशत वोट मिले, जबकि नोटा को सपा के दोगुनी यानी 0.98 फीसदी वोट मिले हैं। सपा ने मध्य प्रदेश में कुल 69 सीटों पर चुनाव लड़ा था उसमें से 50 सीटों पर उसकी जमानत जब्त हुई, इनमें से 43 सीट ऐसी हैं जिन पर सपा को एक हजार से भी कम वोट मिले हैं। मंत्री नन्दी ने आगे लिखा है कि जनता के बीच आपके और आपकी पार्टी के वजूद को समझने के लिए ये आंकड़े पर्याप्त हैं। जनादेश की इतनी साफ लिखावट को भी अगर आप नहीं पढ़ सकते तो आपकी दृष्टि और दशा दोनों चिंताजनक है। समीकरणों को देख कर साफ पता लग रहा है कि अखिलेश खुद तो डूबे साथ में घमंडिया गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस को भी ले डूबे क्योंकि सपा ने चार सीटों पर कांग्रेस का ही खेल बिगाड़ा।

# उत्तर प्रदेश में 1000 अत्याधुनिक बसों के जरिए रोडवेज परिवहन का परिदृश्य बदलेगी सरकार



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में रोडवेज बसों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने व नई 1000 बसों को बेड़े में जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बेड़े में 1000 अत्याधुनिक बसों को जोड़े जाने के लिए 400 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। ऐसे में, हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में बसों के बेड़े के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मंजूरी देते हुए अब 400 करोड़ रुपए के सापेक्ष दूसरी किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे पहले, पहली किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए का धनवांटन किया जा चुका है। ऐसे में, कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए अवशेष धनराशि जारी होने के बाद अब अत्याधुनिक बसों की खरीद व फ्लीट में शामिल होने की प्रक्रिया में तेजी आएगी, साथ ही पुरानी बसों के रखरखाव व मरम्मत प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

- अत्याधुनिक बसों को जोड़े जाने के लिए 400 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था
- धनराशि जारी होने के बाद अब अत्याधुनिक बसों की खरीद व फ्लीट में शामिल होने की प्रक्रिया में तेजी आएगी

**राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए भी धनराशि हुई जारी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए भी कई कार्यों की पूर्ति व व्यय मद के लिए धनावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्रावधानित धनराशि की सापेक्ष 82 लाख रुपए की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इस धनराशि का इस्तेमाल स्थानांतरण यात्रा व्यय, गाड़ियों के अनुरक्षण व पेट्रोल खरीद तथा पुनरीक्षित वेतन के अवशेष (राजकीय) के तौर पर किया जाएगा। आवंटित की गई धनराशि को बजट मैनुअल व फाइनेंशियल हैंडबुक के नियमों के अनुसार खर्च किया जाएगा।

**उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार प्रक्रिया की जाएगी पूरी**

इन 1000 बसों के क्रय व बेड़े में शामिल की जाने की प्रक्रिया को वित्तीय वर्ष 2023-24 के भीतर पूर्ण करने का टारगेट रखा गया है। इस संबंध में सभी क्रय व सुदृढ़ीकरण प्रक्रिया को परिवहन आयुक्त की देखरेख में उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा। बसों के कार्बन उत्सर्जन को कम से कम रखने के लिए पर्यावरणीय नियमों/ अधिनियमों व ईआईए अधिसूचना 2006 (संशोधित) के आधीन वांछित पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने, पर्यावरणीय नियमों व न्यायालयों के निर्गत आदेशों के अनुपालन को भी सुनिश्चित किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रदेश में लोगों को यूपीएसआरटीसी की बसों में यात्रा करना न केवल पहले की अपेक्षा सुविधापूर्ण व आरामजनक होगा बल्कि उन्हें सुखद यात्रा के नए अनुभव भी प्रदान करेगा।

## सिंधी अकादमी के पुनर्गठन और बजट को पांच करोड़ रुपये किए जाने की मांग



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सिंधी समाज के संगठन ने मंगलवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर उनका स्वागत अभिनन्दन किया। समाज के प्रतिनिधियों ने उनके समक्ष सिंधी अकादमी के पुनर्गठन सहित कई मांगे रखी। कहा कि सिंधी अकादमी का पुनर्गठन किया जाए और उसका बजट पांच करोड़ रुपये किया जाए साथ ही सिंधी समाज के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित होना चहिए। जानकारी हो कि देश भर में कई भाजपा शासित (राज्यों) में गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर पहले से ही छुट्टी घोषित है। आज सिंधी समाज के कई प्रमुख प्रमुख संगठनों के मुख्य पदाधिकारी और अध्यक्ष में अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, श्याम कृष्णानी, अशोक चांदवानी, सुरेश छाबलानी तरुण संगवानी, नीरज राज्यपाल, दीपक लालवानी, संजय जसवानी, मन्नू तेजवानी, सुशील गुरनानी, पुनीत लाल चंदानी, किशन चंद भबंबानी, घनश्याम दास सहित बड़ी तादात में सिंधी समाज ने तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर पंहुच कर उनका जोरदार स्वागत अभिनन्दन कर उन्हे लड्डू खिलाए और शॉल ओढ़ाकर कर उनका अभिनन्दन किया। इस दौरान गुब्बारे उड़ाकर जीत की खुशी का इजहार भी किया।

## दो करोड़ लोगों को नमो एप से जोड़कर विकसित भारत एम्बेसडर बनाएगी बीजेपी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नमो एप संगठनात्मक क्रियाशीलता के प्रदर्शन का सशक्त प्लेटफार्म-भूपेंद्र

लखनऊ 05 दिसम्बर । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लोगों को नमो एप से जोड़कर विकसित भारत एम्बेसडर बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 07 दिसम्बर को नमो एप पर विकसित भारत एम्बेसडर नामक मॉड्यूल लांच करने के साथ ही अभियान प्रारम्भ होगा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह तथा मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने वर्चुअल माध्यम से क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष तथा जिला प्रभारियों तथा सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, ब्लाक प्रमुखों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो एप से जोड़ना है। इसके साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा अधिक से अधिक लोगो को विकसित भारत एम्बेसडर बनाना है। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

### भाजपा की ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ आज से, लोक दरबार में हाजिर होंगे भाजपाई

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ से गांव-गांव में जनमानस को जोड़ने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता करेंगें। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ के स्वागत की तैयारी करेगें। गरीब के आवास, नि:शुल्क राशन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा, हर रसोई तक गैस, किसान का सम्मान, श्रमिक को काम तथा देश की आर्थिक व सामरिक समृद्धि की गारन्टी के साथ यात्रा प्रदेश के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर विकसित भारत के संकल्प को जनमानस के सामने प्रस्तुत करेगा। पार्टी की मंडल स्तर पर गठित 15 सदस्यीय टीम गांव, गली मोहल्ले, मजरे, टीले तक पहुंचकर यात्रा को जनमानस से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

# कांग्रेस कार्यकारिणी की प्रथम बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में फूंकी जान

- पूरे जोश के साथ मिलकर काम करने की जरूरत: अजय राय

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पूर्व राज्य मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय ने जारी बयान में जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी तौकीर आलम भी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में नवनियुक्त पदाधिकारियों के परिचय के साथ-साथ उनके सुझाव को लिया गया जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर अमल करने का आश्वासन दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने सम्बोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सभी को शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास ही नहीं बल्कि पूरा यकीन है कि आपको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है आप उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाते हुए कांग्रेस संगठन को धार देने का काम करेंगे।

राय ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हमारे पास सिर्फ अब पांच माह का समय शेष रह गया है, ऐसी स्थिति में हम सभी को मिलकर पूरी ताकत के साथ कांग्रेस संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए गतिशीलता प्रदान करनी है। हमें इस चुनाव को चुनौती के रूप में स्वीकारते हुए दिन-रात युद्धस्तर पर कार्य करने की आवश्कता है। अभी हाल ही पांच राज्यों के चुनावी नतीजों से हमें हताश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि पूरी ताकत के साथ पुनः खड़े होकर सड़कों पर संघर्ष करने की आवश्कता है। क्योंकी भारतीय जनता पार्टी की मंशा इस देश के लोकतंत्र एवं संविधान को समाप्त करने की है और यदि वह अपने मकसद में कामयाब होती है तो हमारी आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं कर पायेंगी। इसके लिए हमें डटकर पूरी ताकत के साथ सड़कों पर उतरने की आवश्कता है और जहां मेरी आवश्कता होगी वहां मैं रात 12 बजे भी मौजूद मिलूंगा। बैठक के उपरांत पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बैठक में हमने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर से एक यात्रा ‘‘परिवर्तन यात्रा’’ निकालने का एजेंडा तैयार किया है। जिसके माध्यम से हम प्रदेश के सभी जनपदों में पांव-पांव गांव-गांव और शहरों में डगर-डगर नगर-नगर पैदल यात्रा कर प्रदेश की जनता को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से अवगत करायेंगे। इस यात्रा में जनपद के पदाधिकारी के साथ समस्त कांग्रेस जन शामिल होंगे। और यह यात्रा उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में सम्पन्न होगी।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी करने और राजीव गांधी के रिकॉर्ड को तोड़ने की दिशा में बढ़ रहे हैं मोदी

**जब भाजपा ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है तो उस पर विपक्ष को कोई हैरानी नहीं हो रही है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने तो कह भी दिया है कि भाजपा की नीति है कि वह नया रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं इसलिए यह राजीव गांधी के जमाने में कांग्रेस की ओर से बनाये गये रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं। यही नहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी विश्वास जता दिया है कि जितनी सीटें पिछले लोकसभा के चुनाव में आई थीं, इस बार उससे अधिक सीटों पर भाजपा विजय प्राप्त करेगी। पार्टी के अन्य नेता भी इसी तरह का विश्वास व्यक्त कर रहे हैं।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत से खुश होकर ऐलान किया कि इस हैट्रिक ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी दे दी है तो उत्साहित भाजपा सांसदों ने संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी के सामने तीसरी बार मोदी सरकार और बार बार मोदी सरकार का नारा लगा कर देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा दिया। देखा जाये तो 2024 का लोकसभा चुनाव होने में तीन-चार महीने का समय बचा है। इसलिए अगला चुनाव जीतने के लिए जहां भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है वहीं विपक्ष भी एकजुट होकर पूरा जोर लगा रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने कामकाज और देश के लिए हासिल की गयी उपलब्धियों पर जनता का समर्थन एक बार फिर मिलने की उम्मीद है। हम आपको बता दें कि मोदी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में राम मंदिर बनाने, अनुच्छेद 370 हटाने, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से आजादी दिलाने, देश की महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने, सीएए लाने, देश की सीमाई सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा रोजगार के अवसर बढ़ाने समेत कई अन्य वादे किये थे जिन्हें पूरा कर उन्होंने मोदी की गारंटी शब्द को सार्थक सिद्ध कर दिया है। देखा जाये तो भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाल राजनीतिक कद जैसा कोई अन्य नेता किसी भी पार्टी के पास नहीं है। मोदी जिस तरह से अपने बलबूते अपनी पार्टी को किसी भी राज्य का या केंद्र का चुनाव जिता सकते हैं उतनी राजनीतिक क्षमता किसी अन्य नेता में नजर नहीं आती। मोदी की बातों और वादों पर जितना विश्वास देश की जनता करती है वैसी साख किसी अन्य नेता की बातों और वादों की नहीं है। मोदी अगर जनता से वादे पूरे होने की गारंटी हैं तो मोदी भाजपा के लिए भी जीत की गारंटी हैं। देश की राजनीतिक परिस्थितियां दर्शा रही हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए संभवतः 2019 से भी ज्यादा अच्छे परिणाम ला सकता है। लेकिन भाजपा सिर्फ अच्छे चुनावी परिणाम के लिए काम नहीं कर रही है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को दूसरों की ओर से कायम पुराने रिकॉर्ड तोड़ने और नये रिकॉर्ड बनाने का ऐसा जुनून सवार है कि वह 2024 में एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी करने और एक बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए काम कर रही है। हम आपको बता दें कि भाजपा यदि 2024 के लोकसभा चुनावों को भी जीत जाती है तो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनने के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। इसके साथ ही भाजपा 2024 में 1984 के संसदीय चुनावों में राजीव गांधी को मिली 404 सीटों का रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसीलिए भाजपा नेताओं ने नारा दे भी दिया है कि अबकी बार 400 पार। देखा जाये तो नारा देना आसान है लेकिन उसे हकीकत में बदलना बेहद कठिन है, लेकिन आज के राजनीतिक दौर की एक सच्चाई यह भी है कि मोदी है तो मुमकिन है। सवाल यह है कि 2024 में मोदी कैसे बनाएंगे नया रिकॉर्ड कहां से आयेंगी 400 से ज्यादा सीटें? इन्हीं सवालों का जवाब तलाशने और आंकड़ों को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा बहुत पहले ही जमीन पर काम करना शुरू कर चुकी है। इस समय देखा जाये तो 13 राज्यों में भाजपा की अपने बलबूते सरकार है। इन राज्यों की संसदीय सीटों की बात करें तो उत्तर प्रदेश में 80, उत्तराखण्ड में पांच, असम में 14, छत्तीसगढ़ में 11, गोवा में 2, गुजरात में 26, हरियाणा में 10, मध्य प्रदेश में 29, महाराष्ट्र में 48, मणिपुर में 2, राजस्थान में 25, अरुणाचल प्रदेश में 2 और त्रिपुरा में 2 सीटें हैं। इसके अलावा भाजपा जिन राज्यों में गठबंधन सरकार में शामिल है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**तीन राज्यों का जनादेश का केवल राजनीतिक क्षेत्र में ही महत्त्व नहीं है, इसका सामाजिक क्षेत्र में भी महत्त्व है। जहाँ राजनीति में मतों की गणना को जनादेश कहते हैं, वहां अन्य क्षेत्रों में जनता की इच्छाओं और अपेक्षाओं को समझना पड़ता है। जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझना और आचरण करना सही कदम होता है और सफलता सही कदम के साथ चलती है। भारत के लोगों ने इस देश की बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था के औचित्य को न केवल स्थापित किया है बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि मतदाता ही लोकतन्त्र का असली मालिक होता है। एक दिन का राजा ही हमेशा वाले राजा से बड़ा होता है।**

# यह चुनाव परिणाम नये भारत और सनातन भारत को मजबूती देने वाले हैं



-ललित गर्ग

**लोकतन्त्र की खासियत इसी बात में है कि मतदाता हर पांच वर्ष बाद अपनी विकास की बात करने वाले एवं स्वस्थ मूल्यों के धारकों को उनकी काबिलियत के मुताबिक चुनता है। तीनों राज्यों में मतदाताओं को लगा कि भाजपा का शासन एवं नीतियां उनके लिए ठीक है। इन चुनावों ने कांग्रेस एवं विपक्षी दलों की सत्ता लालसा पर लगाम लगा दी है। उनके लिये ये नतीजे खतरे की घंटी भी हैं।**

भारत के राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम ने न केवल मतदाता के जागरूक होने का संकेत दिया है बल्कि भारत को भारतीय मूल्यों के अनुरूप विकसित होते देखने की उसकी मंशा को भी उजागर कर दिया है, इसलिये इन चुनावों में तुष्टीकरण, साम्प्रदायिकता, जातीयता के बजाय विकास एवं विकसित भारत के नाम वोट पड़े। मतदाताओं ने जो जनादेश दिया है उससे एक बार फिर सिद्ध हो गया है कि भारत में लोकतंत्र कायम है और इसकी जीवंतता के लिये मतदाता जागरूक है। मतदाता को ठगना या लुभाना अब नुकसान का सौदा है। इन चुनावों में मोदी लहर बरकरार रही, भले ही आप श्रेय चाहे 'लाड़ली बहना' को दें, तीन तलाक को दें, तीन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को दें, सनातन मूल्यों को दे। देश में पहली बार एक दल के नाम पर चुनाव हुए, नये भारत-सशक्त भारत के नाम पर चुनाव हुए, इन चुनावों में व्यक्ति गौण हो गए। ये चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण एवं उत्साह वाले इसलिये बने कि इन्हीं चुनावों को 2024 के लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा था। उस लिहाज से निस्संदेह तीनों राज्यों में बीजेपी को मिली प्रचंड एवं स्पष्ट ऐतिहासिक जीत बहुत बड़ी है और बहुत कुछ बयां कर रही है। अगले लोकसभा चुनाव से चार माह पहले हुए इन विधानसभा चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल माना जा रहा था। उसी नजरिये से देखें तो यह सेमीफाइनल मुकाबला लगभग एकतरफा नजर आता है। उत्तर भारत के तीनों राज्यों में भाजपा ने जबर्दस्त जीत हासिल की है, जबकि दक्षिण भारत के एक और राज्य में कांग्रेस सत्ता पाने में सफल रही है। लेकिन वहां भी भाजपा का एक सीट से 8 तक पहुंचना भाजपा के लिये शुभता का संकेत है। आज भी किसी दल के नेता में यह क्षमता नहीं है कि देश की बजाय पार्टी के ध्वज तले आगे बढ़ सके, वे ही दल एवं नेता प्रभावी हैं जो देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को नये शिखर देने के संकल्पबद्ध हैं, न कि षड़यंत्रपूर्वक किन्हीं अल्पसंख्यकों को एक दल-विशेष को वोट देने को उकसा रहे हैं। जनता ने परिवारवादी सोच को




**मोदी ने अपनी जगह पार्टी एवं देश की जनता को ही प्रमुखता दी, देश की जनता को हमेशा आगे रखा है। उन्होंने चुनावी सभाओं में साफ कहा कि पार्टी का चेहरा कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि कमल का फूल है, साफ-सुथरी नीतियां हैं, देश को सशक्त बनाने का संकल्प है।**

नकार दिया, भ्रष्टाचार के खिलाफ जमीन पर सच देखने को मतदाता आतुर है, राष्ट्र को तोड़ने की साजिशों पर भी मतदाता सतर्क एवं सावधान हुआ है। अगले लोकसभा चुनावों में अधिक समय बाकी नहीं है। जनता की आंखें सरकारों के कामकाज पर टिकी हुई रहेंगी। कई प्रकार की अपेक्षाएं बाट जोह रही हैं। लघु जनादेश ही बड़े जनादेश का आधार बनता है। इसलिये इस बार का जनादेश विशेष है, जनता के मन में क्या है, उसकी अभिव्यक्ति है। पिछले सरकारों के दौर में सत्ता-संघर्ष के चलते जाति-धर्म और सम्प्रदायों के नाम पर देश पीछे जा रहा था, विकास अवरुद्ध था, निवेश ठहरा हुआ था, रोजगार खो गया था, देश के भीतर एवं सीमाओं पर आतंकवाद को पनपाया जा रहा था, हिंसा एवं आतंकवादी घटनाओं से देश की आत्मा लहूलुहान थी। कोई नए भारत का, औद्योगिक भारत का सपना नहीं देख रहा था। राष्ट्रवाद की चर्चा करना पाप जैसा लगता था। इन हालातों को बदलने के लिये मोदी-संकल्पों ने फिजां ही बदल दी। दलों से ऊपर उठकर देशहित, राष्ट्रीयता, विकास एवं आमजन सर्वोपरि हो गया है, इसकी सार्थक निष्पत्तियां एवं स्वर लहरियां इन चुनावों परिणामों में सुनी जा सकती है। दरअसल, तीन राज्यों में हार से कांग्रेस की राजनीतिक चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं। यह हार अपने आप में बड़ा सदमा है, कांग्रेस की सत्ताकांक्षा एवं उससे जुड़ी परिवारवादी सोच, बड़बोलापन, मुफ्त रेवड़ियों का सहारा, मोदी विरोध के नाम पर घटिया शब्दावली का प्रयोग, ऐसे कारणों की समीक्षा कांग्रेस को करनी ही पड़ेगी। भाजपा की जीत का श्रेय मोदी को जाता है, पर कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी कौन लेगा? अब आसन्न चुनौती अगले लोकसभा चुनाव और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के आंतरिक समीकरण होंगे। नया विपक्षी गठबंधन बनने के चंद महीने में हुए इन विधानसभा चुनावों में एकजुटता के बजाय अंतर्विरोधों का ही संदेश गया और बहुत कर्कश स्वर में गया। इन चुनाव परिणामों से न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे विपक्ष के नेताओं को सीखना होगा, सबक लेना होगा। लोकलुभावन योजनाएं एवं मुफ्त-संस्कृति काम नहीं आयेगी। महत्वाकांक्षा एवं सबसे पुरानी पार्टी होने के अहंकार से बाहर आना होगा। बुनियादी स्तर पर संगठन और आम जनता के बीच जाकर विश्वास जीतना होगा, नीति एवं नियत को बदलना होगा। भारत की राजनीति एक नये बदलाव की ओर अग्रसर है, उस बदलाव के बिन्दुओं को स्वीकारना होगा। तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत ने भाजपा का मनोबल निश्चित रूप से बढ़ेगा। भाजपा एवं मोदी की सोच, नीतियां, योजनाएं एवं दृष्टिकोण भी उनको अधिक साहसित एवं मनोबली बनायेंगे। उनके आदिवासी विकास का संकल्प, महिलाओं की भूमिका और 33 प्रतिशत आरक्षण का आश्वासन, समान नागरिक संहिता, सांस्कृतिक मूल्यों का विकास, युवाओं के लिये रोजगार, विश्वगुरु बनाने की कार्ययोजना, देश की सुरक्षा एवं साख जैसे गंभीर मुद्दों के निस्तारण के लिए भी मोदी ही दम रखते जान पड़ते हैं। देश को आगे बढ़ाना है तो तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार से मुक्त होना आवश्यक है। मोदी ही गारण्टी की गारण्टी हैं, लेकिन इसमें अहंकार नहीं है।

## एक्सप्रेस कविता

*अब कोई लौट कर नहीं देखता,*
*गुजरता है, देख कर नहीं देखता*
*हवा मे गुम ढेर पुरानी आवाजें,*
*वह अब सुनकर भी नही सुनता,*
*आंसुओं को पनाह नहीं आंखों में,*
*आंसू निकलकर, भी नही निकलता,*
*खोई आवाज को तलाशता हुन मैं,*
*अब गुम आवाजें कोई नहीं सुनता,*
*पैरों में रिसता लहू देखकर मेरे,*
*वह रुक कर भी,अब नहीं रुकता,*
*लम्हों के साथ गुजरता रहा मैं,*
*वक्त मुझे देख अब नही हंसता,*
*भीड़ में खड़ा हूँ, बुत की तरह, संजीव।*
*कोई अब पूछ कर भी नही पूछता*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है, पत्थर जैसे ना बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है!*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 27:02 तक |
| नक्षत्र: | उत्तर फाल्गुनी 30:22 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | प्रीति, 23:26 |
| सूर्योदय: | 07:03 |
| सूर्यास्त: | 17:19 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 12:11-13:28 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:50-12:31 |

## जन एक्सप्रेस

### आया है बयान !

*दूर करेंगे अड़चन ।*
*आया है बयान ।।*
*मिले बराबर हक़ ।*
*और सही सम्मान ।।*
*ना चिंता की बात है ।*
*होगा त्वरित हल ।।*
*है हमको संवारना ।*
*आने वाला कल ।।*
*लगा रहेगा तू तू मैं मैं ।*
*ना पर हो नुकसान ।।*
*इसका भी अब थोड़ा थोड़ा ।*
*रख रहे हैं ध्यान ।।*
*समय लेगा करवट ।*
*है पूरा विश्वास ।।*
*हो भले मतभेद पर ।*
*छोड़ेंगे ना आस ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दुल्हन बनने से पहले बेदाग निखार के लिए नींबू के साथ बनाएं फेस पैक

**भारत** में सर्दी के मौसम में लोग शादी करना ज्यादा पसंद करते हैं, जिसकी सबसे बड़ी वजह है कि इस मौसम में गर्मी नहीं लगती है और पसीना नहीं आता है, जिस वजह से लोग ज्यादा इंजॉय कर पाते हैं। दिसंबर के महीने में कई शादियां हैं, जिसके लिए ब्यूटी पार्लर पहले से बुक हो चुके हैं। दुल्हन बनने वाली हर लड़की की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी पर सबसे ज्यादा खूबसूरत दिखे। शादी के कई दिनों पहले से ही लड़कियां बेदाग निखार पाने के लिए तरह-तरह के घरेलू नुस्खे अपनाने लगती हैं। कई लड़कियों का ये सवाल होता है कि नेचुरल निखार पाने के लिए शादी से पहले फेस पर क्या लगाएं?

**नींबू और शहद का फेस पैक:** सर्दियों में बेदाग निखार और स्किन को मॉइस्चराइज रखने के लिए आप नींबू-शहद के फेस पैक का इस्तेमाल करें। इस फेस पैक को बनाने के लिए 1 चम्मच महीन बेसन में 1 नींबू के रस और 1 चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15-20 मिनट तक रखें। समय पूरा होने पर ठंडे पानी से धो लें। बेहतर रिजल्ट पाने के लिए इस फेस पैक का



इस्तेमाल हफ्ते में 2 से 3 बार जरूर करें।

**नींबू और दही का फेस पैक:** नींबू में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाने और दाग-धब्बे दूर करने में मदद करते हैं। नींबू के साथ दही मिलाकर लगाने से स्किन हाइड्रेट रहती है और रूखेपन की समस्या कम होती है। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 छोटे चम्मच नींबू के रस को 1 बड़े चम्मच गाढ़े दही में मिलाएं। इस पेस्ट से पहले चेहरे पर गर्दन पर अच्छे से मसाज करें और फिर सूखने तक लगा रहने दें। आखिर में गुनगुने पानी की मदद से मसाज करते हुए चेहरा धो लें।

**नींबू और केला का फेस पैक:** केला स्किन को हाइड्रेट रखने में मदद करता है तो वहीं नींबू दाग-धब्बे कम करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए 1 पके मैश किए हुए केले में 1 चम्मच नींबू का रस और आधा चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में चेहरा धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए इस फेस पैक को हफ्ते में 3 बार लगाएं।

**नींबू और चंदन का फेस पैक:** दुल्हन बनने से पहले अपने चेहरे को ग्लोइंग और बेदाग बनाने के लिए आप 1 छोटे चम्मच नींबू रस को 2 चम्मच चंदन पाउडर के साथ मिलाकर फेस पैक तैयार करें। इसे चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के बाद चेहरा साफ करें। नींबू और चंदन का फेस पैक लगाने से चेहरा ग्लोइंग नजर आएगा।

**नींबू और टमाटर का फेस पैक:** नींबू और टमाटर दोनों ही नेचुरल ब्लीच की तरह काम करते हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी के पाउडर में 1 चम्मच टमाटर का पल्प और 1 चम्मच नींबू का रस मिलाकर फेस पैक तैयार करना होगा। इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाएं और सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा साफ करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# कहीं ये 2024 के नतीजों की बानगी तो नहीं



डॉ ओ.पी. मिश्रा

**कहने का मतलब यह है कि भाजपा को इन तीनों राज्यों में तकरीबन 45 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि कांग्रेस को 40 प्रतिशत। मतलब फाइट नेक टू नेक थी। ऐसे में अगर यह कयास लगाया जाए कि भविष्य में देश में भाजपा बनाम कांग्रेस होगा तो शायद गलत**

**इन चुनाव परिणामो ने उस धार को भी कोठिल कर दिया । मध्य प्रदेश की लगभग 60 ओबीसी बहुल सीटों में से भाजपा ने 40 सीटे जीत ली। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल कांग्रेस के सबसे बड़े ओबीसी चेहरा होने के बावजूद पिछड़ों की 30 सीटे वे हार गए। इन तीनों राज्यों के चुनाव में भाजपा को अधिक फायदा मिला वह है महिला मतदाता।**

**अब** जब संपूर्ण मध्य भारत में भगवा का परचम लहरा रहा है तो यह मानकर चलना ही चाहिए के 2024 के लोकसभा चुनाव में यही हिंदू पट्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ी जीत की ओर ले जाएगी। मैं यहां भाजपा की जीत की बात जानबूझकर नहीं कहीं क्योंकि मैं यह मानकर चल रहा हूं कि जिन तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी जीती है वह केवल और केवल एक करिश्माई व्यक्तित्व के आभामंडल का प्रभाव है। यह जीत नरेंद्र दामोदरदास मोदी की है जिसने यह बता दिया कि आज भी तमाम किंतु परंतु के बीच पिछड़े वर्ग का मतदाता अपने पिछड़े वर्ग के प्रधानमंत्री पर विश्वास जताता है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी तथा कांग्रेस दोनों ने अपनी अपनी गारंटी की बात की थी लेकिन मतदाताओ ने उस व्यक्ति की गारंटी को ज्यादा तरजीह दी जिसके पास गारंटी देने के लिए सत्ता है। यानि सत्ता सी सबसे बड़ी गारंटी है। कांग्रेस ने भी यद्यपि गारंटी की बात कही थी लेकिन उनकी गारंटी तब अमल में आती या तब प्रभावी होती जब उनको सत्ता प्राप्त होती। यही कारण रहा कि मतदाताओं ने प्रधानमंत्री की बात और उनकी गारंटी को भरपूर मान सम्मान तथा मतदान दिया। वैसे अगर इन तीनों राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मतदान के अनुपात को देखा जाए तो बमुश्किल पांच प्रतिशत का अंतर आता है। कहने का मतलब यह है कि भाजपा को इन तीनों राज्यों में तकरीबन 45 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि कांग्रेस को 40 प्रतिशत। मतलब फाइट नेक टू नेक थी। ऐसे में अगर यह कयास लगाया जाए कि भविष्य में देश में भाजपा बनाम कांग्रेस होगा तो शायद गलत नहीं होगा। क्योंकि भाजपा को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने वाले इडिया के घटक दलों को मतदाताओं ने कहीं का नहीं रखा। सपा, बसपा, आप तथा सीपीआई आदि दलों ने तमाम कोशिश की लेकिन उन्हें एक प्रतिशत भी मत नहीं प्राप्त हुआ। बताते चले की बसपा इस बार की अपेक्षा 2018 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बेहतर प्रदर्शन किया था उस समय बसपा का वोटिंग प्रतिशत 4.02 था जो इस बार जो खटकर 1.82 प्रतिशत हो गया। यह वोट प्रतिशत इसलिए गिर गया क्योंकि मतदाताओं ने बसपा को भाजपा की बी कॉपी मान लिया था यही कारण रहा कि दलित वोट भाजपा के पास चला गया। इसी तरह सपा भी कोई खेल इन चुनाव में नहीं कर पायी और ना ही अपने किसी प्रत्याशी की जमानत बचा पायी। 2018 के चुनाव में जहां सपा को 1.3 प्रतिशत वोट मिला था वही इस बार उसे 0.45 प्रतिशत ही वोट मिल पाए यह इसलिए हुआ क्योंकि मतदाताओं ने जान लिया था कि वह कांग्रेस का नुकसान करने आए हैं। उनका पीडीए का मुद्दा जातिगत जनगणना, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को आगे बढ़ाने की बात फुस्स होकर रह गयी। ऐसे में अगर मैं यह कहूं कि भारत शायद दो दलीय चुनावी व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है तो गलत ना होगा। यदि भविष्य में ऐसा होता है जिसकी संभावना काफी है तो इसका श्रेय भी भारतीय जनता पार्टी को ही जाएगा। यह इसलिए होगा क्योंकि भाजपा जैसी पार्टी का लगातार बढ़ता हुआ ग्राफ दूसरी विचारधारा के लोगों को ना चाहते हुए भी एकजुट होने को मजबूर करेगा। इन चुनाव परिणामो तथा भाजपा की अकल्पनीय जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि फिलहाल मोदी का कोई विकल्प नहीं है। और मोदी है तो मुमकिन है। इसके अलावा जिस ओबीसी कार्ड को लेकर कांग्रेस समेत संपूर्ण विपक्ष जोरदार तरीके से धार दे रहा था। इन चुनाव परिणामो ने उस धार को भी कोठिल कर दिया । मध्य प्रदेश की लगभग 60 ओबीसी बहुल सीटों में से भाजपा ने 40 सीटे जीत ली। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल कांग्रेस के सबसे बड़े ओबीसी चेहरा होने के बावजूद पिछड़ों की 30 सीटे वे हार गए। इन तीनों राज्यों के चुनाव में भाजपा को जो सबसे अधिक फायदा मिला वह है महिला मतदाता। महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही उसका मान सम्मान तथा उनकी सुरक्षा उनके लिए एक बड़ा मुद्दा बना। इस लेख की हेडिंग कहीं यह 2024 के नतीजो की बानगी तो नहीं का यदि मैं विश्लेषण करूं तो डंके की चोट पर कह सकता हूं कि मध्य भारत से भाजपा को जो लगभग 250 सिटे मिलेगी उनको पूरा कर पाना ना तो कांग्रेस के बस में है और ना ही कथित इडिया के यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि अगले महीने राम मंदिर का लोकार्पण होने जा रहा है जिसकी गूंज कम से कम 4 महीनो तक पूरे देश में रहेगी। यही गूंज भाजपा के पक्ष में वातावरण का निर्माण करेगी। घर-घर निमंत्रण पत्र, अक्षत और प्रसाद भेजा जाएगा ताकि लोगों को भावनात्मक जोड़ा जा सके। ऐसे में जब यह हिंदुत्व की आंधी चलेगी और जिसके केंद्र में मध्य भारत के 60 प्रतिशत लाभार्थी होंगे तो जातीय जनगणना दूर-दूर तक नजर नहीं आएगी।

# जनप्रतिनिधियों व डीएम ने वितरित किया नियुक्ति पत्र, अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस | बहराइच

महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय को 76 स्टाफ नर्स मिली है। नियुक्ति पत्र पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण मौजूद रहे। लखनऊ लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन रोजगार अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रकिया के तहत 278 सहायक आचार्य 2142 स्टाफ नर्स एवं 48



आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा आपात कालीन एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस के फ्लैग आफ कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, विधायक सदर बहराइच अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसके उपरान्त मा. जनप्रतिनिधियों, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी व अन्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर जनपद में नवनियुक्त 76 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि जनपद के लिए कुल 139 स्टाफ नर्सों का चयन किया गया है। जिसमें से कार्यक्रम स्थल महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों को संसाधनों से लैस किया गया है प्रदेश वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में मेडिकल कालेज की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज संजय खत्री, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान सहित मेडिकल कालेज के शिक्षण, स्टाफ, नवनियुक्त स्टाफ नर्स तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# धनगर समाज के लोगों ने वीडीओ कार्यालय का किया घेराव

जन एक्सप्रेस | बहराइच



**मिहीपुरवा।** तहसील क्षेत्र के धनगर समाज के लोगों ने मंगलवार को वीडीओ कार्यालय मिहीपुरा का घेराव किया। यह लोग परिवार रजिस्टर में नाम अंकित करने की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर एडीओ पंचायत की ओर से आनाकानी की जा रही थी। इससे वीडीओ कार्यालय के आसपास मौजूद धनगर समाज के लोग आक्रोशित हो उठे। प्रदेश सरकार की ओर से धनगर समाज को एससी में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा होने को एक वर्ष से अधिक समय बीत गया है। लेकिन प्रदेश के किसी भी तहसील के तहसीलदार द्वारा धनगर लोगों को एससी जाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। करीब डेढ़ माह पूर्व धनगर समाज की ओर से कलेक्ट्रेट में धरना कर शक्ति प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान धनगर समाज के लोगों ने अपने साथ काफी संख्या में भेड़ भी लेकर गए थे। इसके बाद से सभी एससी जाति का प्रमाण पत्र जारी करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। धनगर समाज के लोगों की मांग पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिले के अधिकारियों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए थे।

इसके बाद मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के लोग 1 दिसंबर से विकास खण्ड कार्यलय जाने लगे। धनगर समाज के लोग परिवार रजिस्टर नकल पर नाम अंकित कराने और प्रमाण पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि विकास खण्ड कार्यलय में एडीओ पंचायत तथा सचिव द्वारा परिवार रजिस्टर नकल पर नाम अंकित न करके समाज के लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसी बात से क्रोधित धनकर समाज के लोगों ने मंगलवार को विकासखंड मिहींपुरवा पर धरना प्रदर्शन करने लगे। धनकर समाज के लोगों का यह भी कहना है कि कल एडीओ पंचायत व सचिव द्वारा बुलाकर पूरे दिन बैठाया गया। यह कहा कि मीटिंग में जा रहे हैं। विकासखंड के अधिकारियों की ओर से आए दिन परेशान किए जाने से धनगर समाज के लोगों में आक्रोश भड़क उठा और मिहींपुरवा विकास खण्ड को चारों तरफ से घेर लिया। धनकर समाज के लोगों की ओर से काफी देर तक नारेबाजी की गई और अफरा तफरी का माहौल रहा। उसके बाद एडीओ पंचायत ने परिवार रजिस्टर नकल पर हस्ताक्षर करके देना चालू किया। इसके बाद लोग शांत हुए।

# जिले के साहित्यकार डॉ दिनेश त्रिपाठी शम्स को मिलेगा मगध साहित्य प्रेरणा राष्ट्रीय शिखर सम्मान

जन एक्सप्रेस | बहराइच

**✻ राजगीर, बिहार में होंगे सम्मानित, साहित्य सेवा के लिए हुआ रचनाकार का चयन**

जिले के चर्चित साहित्यकार डॉ. दिनेश त्रिपाठी शम्स को साहित्य सृजन में उत्कृष्ट योगदान के लिए मगध साहित्य शिखर सम्मान दिया जाएगा। देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल और विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय के लिए मशहूर बिहार के नालंदा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव में उन्हे सम्मानित किया जाएगा।

साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान के लिए उनका चयन किया गया है। बता दें कि स्व अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ और साहित्य प्रेरणा मंच हिसुआ के द्वारा राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जहां भारत नेपाल में साहित्य, शिक्षा व पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसी के तहत साहित्य में रचनात्मक श्रेष्ठता के आधार पर डॉ दिनेश त्रिपाठी शम्स का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में देश के कई नामचीन साहित्यकार, कवि, शिक्षाविद और पत्रकार शामिल हो रहे हैं। इस सम्मान के लिए अशोक स्मृति संस्थान के द्वारा एक चयन कमेटी बनाई गई थी। इसी कमिटी के द्वारा राष्ट्रीय सम्मान के लिए साहित्य मनीषियों का चयन किया गया है। गौरतलब हो कि डॉ त्रिपाठी को साहित्य में बेहतर योगदान के लिए पहले भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें यह सम्मान 9 और 10 दिसंबर को राजगीर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव में दिया जाएगा। सम्मान के लिए उनका चयन होने पर जिले के साहित्यकारों ने हर्ष जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। सम्मान के लिए चुने जाने पर लेखक ने अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ और साहित्य प्रेरणा मंच हिसुआ के संयोजक ओंकार शर्मा कश्यप का आभार व्यक्त किया है।

## हिस्ट्रीशीटर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** पाली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजने की कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राय ने बताया कि कस्बे के मोहल्ला शेख सरांय निवासी शादाब कुरैशी को कस्बा इंचार्ज योगेंद्र कुमार और हेड कांस्टेबल वीरेंद्र वर्मा ने निजामपुर पुलिया के पास से सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इंस्पेक्टर ने बताया कि शादाब के विरुद्ध पाली थाना पर 19 मुकदमे विभिन्न धाराओं मे दर्ज है।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से बच्चे सहित तीन लोग झुलसे



जन एक्सप्रेस | हरदोई



थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककरा के मजरा नादखेडा में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान नाश्ता बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग जाने से एक बच्चे सहित तीन लोग झुलस गए।घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई और सभी घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।फिलहाल ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।इस अग्निकांड में नकदी सहित लाखो की गृहस्थी जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककरा के मजरा नादखेड़ा निवासी वीरेंद्र राजपूत पुत्र गंगाराम के घर सोमवार को मांगलिक कार्यक्रम था।

जिसमे उनके घर पर सभी रिश्तेदार आए हुए थे।मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे घर पर रिस्तेदारो के लिए नाश्ता बनाया जा रहा था।उसी समय गैस सिलेंडर में अचानक गैस लीक हो जाने से सिलेंडर में आग लग गई।देखते ही देखते आग ने पड़ोस में रखे दूसरे गैस सिलेंडर को भी अपने आगोश में ले लिया।गैस सिलेंडर में लगी आग की लपटों ने विकराल रूप लेते हुए घर में रखी 25 हजार रुपए की नगदी सहित लाखो की गृहस्थी देखते ही देखते पल भर में राख कर दी।

गैस सिलेंडर से लगी आग का तांडव देखकर गांव में अफरा तफरी मच गई।इस अग्निकांड में कविता पत्नी प्रदीप राजपूत निवासी नादखेड़ा व विजय कुमार के साले जनपद कन्नौज के प्यारे पुरवा निवासी धर्मराज पुत्र शंभू दयाल ,अभिजीत पुत्र धर्मराज सहित तीन लोग झुलस गए जिन्हें आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम डाक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने राजस्व व फायर टीम को घटनास्थल पहुंचकर अग्निपीडितो की मदद के साथ ही नुकसान के आंकलन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# जनता की शिकायत तथा मुख्यमंत्री के विरुद्ध टिप्पणी से आया गुस्सा : रामनिवास

जन एक्सप्रेस | बहराइच

**✻ कोतवाली नानपारा में सीओ तथा कोतवाल के बीच हुई गर्म बातचीत पर नानपारा के विधायक ने रखा अपना पक्ष**

विगत दिवस नानपारा कोतवाली में क्षेत्रीय विधायक की ओर से सीओ तथा कोतवाल को सख्त लहजे में नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष को कोतवाली परिसर में ना आने देने की हिदायत के मामले में नानपारा के विधायक रामनिवास वर्मा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर संवाददाओं के सामने अपना पक्ष रखा। विधायक श्री वर्मा ने कहा कि वह जनता की शिकायत पर नानपारा कोतवाली पहुंचे थे उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व उन्होंने नानपारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष का एक वीडियो दिखा था जिसमें वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इतना सब कुछ जानने के बाद उन्हें गुस्सा आया और वह नानपारा कोतवाली पहुंचकर सीओ तथा कोतवाल से नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष के अनावश्यक कोतवाली आने के कर्म को जानना चाहा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा गोवंसो के खिलाफ भी नपाप नानपारा के अध्यक्ष की टिप्पणी निंदनीय रही। उन्होंने कहा कि इन्हीं तमाम कारणों से उन्हें गुस्सा आया था और यदि गुस्से में उनसे कोई अपशब्द निकल गया होगा तो उस पर वह खेद व्यक्त करते हैं, लेकिन नगर पालिका परिषद नानपारा का व्यवहार जनता तथा सरकार के प्रति आपत्तिजनक रहा है। जिसके कारण उन्होंने कोतवाली पहुंचकर अपनी आपत्ति जताई थी।

## अभिनय के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहे पयागपुर के शिवकेश

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिले के पयागपुर ब्लाक पयागपुर में बसे एक छोटे से ग्राम कटेल निवासी आत्म प्रकाश को बचपन से अभिनय का शौक था इस गांव में हो रही प्रतियोगिता में उसका प्रदर्शन दमदार होता है। इस प्रदर्शन को देखकर आत्म प्रकाश के चाचा शिवकेश अपने भतीजे द्वारा किए जा रहे अभिनय से प्रभावित होकर उसे मध्यप्रदेश के भोपाल में अपने मिलने वाले आलोक चटर्जी (एक्टिंग टीचर) के सानिध्य मे, 18वर्ष की आयु में भेज दिया और ट्रेनिग की शुरुआत करा दी। आलोक चटर्जी एक्टिंग टीचर के सानिध्य में भोपाल मध्य प्रदेश भेज कर अभिनव के क्षेत्र में शिक्षा की शुरुआत बरकत उल्ला यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश में 4 वर्ष एक्टिंग की शिक्षा ग्रहण किया। इस दौरान मध्य प्रदेश में ही नाट्य विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर बांबे यूनिवर्सिटी में एक्टिंग से एम ए किया एवम 2 वर्ष पदम अवार्ड से विभूषित बंशी कोल गुरु जी से भी शिक्षा ग्रहण कर एक्टिंग के क्षेत्र में शुरुआत की शिक्षा मंडल, क्रिमिनल जस्टिस, जामतारा, आदि वैब सीरीज में अभिनव के साथ, साथ थम्स अप, जीएसडब्लू सीमेंट जिओ सिनेमा में भी टी वी शो किए।

# रिसॉर्ट में तोड़फोड़ मामले में आधा दर्जन से अधिक पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस | बहराइच

**✻ सीसीटीवी कैमरे से की जा रही उपद्रवियों की पहचान, रविवार की रात हुई वारदात**

एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रविवार की रात सीतापुर रोड स्थित लेजर रिजॉर्ट पर कुछ उपद्रवियों ने जमकर तोड़फोड़ की और रिजार्ट के कर्मचारियों से मारपीट की। आरोप है कि तोड़फोड़ और मारपीट के दौरान पचास हजार की नगदी भी लूट ली गई। घटना की सूचना पाकर महसी के विधायक सुरेश्वर सिंह तथा नानपारा के विधायक राम निवास वर्मा ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की तहकीकात की पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद करते हुए सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। कोतवाली देहात क्षेत्र के बहराइच-सीतापुर हाईवे स्थित लेजर रिजार्ट में रविवार की रात वैचाहिक कार्यक्रम चल रहा था इसी बीच कुछ युवकों ने शराब पीनी शुरू कर दी जिसका रिजल्ट के प्रबंधक तथा अन्य कर्मचारियों ने विरोध किया इससे नाराज युवकों ने रिजार्ट में तोड़फोड़ और मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में रिजल्ट के शीशे के दरवाजे टूट गए भारी मात्रा में कांच इधर-उधर बिखर गया फैमिली रेस्टोरेंट के ग्राहक इधर-उधर भागने लगे वैवाहिक समारोह में शामिल लोगों में भी अपरा तफरी मच गई घटना की सूचना मिलते ही नानपारा तथा महसी के विधायक तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचित किया सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह तथा देहात कोतवाली के प्रभारी ब्रह्मा गौड़ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस की आहट पाकर उपद्रवी युवक मौके से फरार हो गए। रिजार्ट मैनेजर ओपी द्विवेदी की तहरीर पर पुलिस ने 7 लोगों के विरुद्ध मारपीट तोड़फोड़ और लूट का मुकदमा दर्ज किया है आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज से कराई जा रही है।

# समस्याओं का त्वरित निस्तारण एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना सुनिश्चित करायें : आयुक्त

जन एक्सप्रेस | हरदोई



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मण्डलीय जनता दर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडलायुक्त रोशन जैकब ने आमजन की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना सुनिश्चित कराये तथा किसी सेवानिवृत्त कर्मचारी के देयकों के भुगतान में अनावश्यक विलंब न किया जाए। घरौनी न जारी करने के एक मामले में में मंडलायुक्त ने तत्काल जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम सदर को दिये तथा कहा कि घरौनी के मामलों में अनावश्यक देरी न की जाए और अवैध कब्जों के मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए व पैमाईश के मामलों को लंबित न रखा जाए। उन्होने कहा कि पात्र दिव्यांग, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन को समय से जारी कराने के साथ आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा कराये। अभ्युदय योजना के विद्यार्थियों ने कोचिंग 4 दिनों से बन्द होने की शिकायत पर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी से कोचिंग को तत्काल चालू करवाने के निर्देश दिए। एक किसान के प्रार्थनापत्र पर उन्होंने अहिरोरी विकास खण्ड के वाजिदपुर में निर्माणाधीन गोशाला का निर्माण जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि महिला उत्पीड़न के मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि माधोगंज विकास खण्ड के करवा गाँव का राशन गाँव मे ही वितरित करवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन घनश्याम सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी व अन्य सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने देखा आधुनिक तरीकों से किया जा रहा मत्स्य पालन

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज मंडलायुक्त रोशन जैकब ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ माननीय विधायक गोपामऊ श्याम प्रकाश के आरएएस(रि-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) प्लांट का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान माननीय विधायक ने मंडलायुक्त को समस्त व्यवस्थाओं के बारे में बताया। मंडलायुक्त ने आधुनिक तरीकों से मत्स्य पालन को देखा। मतस्य पालन हेतु बनाये गए टैंकों का निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्य पालन हेतु बनाये गए तालाबों को देखा।


## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ डिवीजन के बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर शाहगंज जं.–बिलवई–तुलसी नगर के बीच ट्रैक दोहरीकरण कार्य के संबंध में होने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु दिनांक 16.12.2023 तक उत्तर रेलवे द्वारा उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 15025 मऊ जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस | 10.12.2023, 12.12.2023 |
| 15026 आनन्द विहार(टर्मि.)–मऊ जं. एक्सप्रेस | 08.12.2023, 11.12.2023, 15.12.2023 |
| 15083 छपरा जं.–फर्रूखाबाद एक्सप्रेस | 06.12.2023 से 16.12.2023 |
| 15084 फर्रूखाबाद–छपरा जं. एक्सप्रेस | 07.12.2023 से 17.12.2023 |
| 14213 वाराणसी जं.–गोंडा जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 06.12.2023 से 16.12.2023 |
| 14214 गोंडा जं.–वाराणसी जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 07.12.2023 से 17.12.2023 |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) सदभावना एक्सप्रेस | 07.12.2023, 14.12.2023 |
| 14018 आनन्द विहार(टर्मि.)–रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | 06.12.2023, 13.12.2023 |
| 13509 आसनसोल जं.–गोंडा जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 |
| 13510 गोंडा जं.–आसनसोल जं. एक्सप्रेस | 13.12.2023 |
| 09465 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. क्लोन विशेष | 08.12.2023, 15.12.2023 |
| 09466 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | 11.12.2023, 18.12.2023 |
| 05167 बलिया–शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05168 शाहगंज–बलिया अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05171 बलिया–शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05172 शाहगंज–बलिया अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 17.12.2023 तक |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योग नगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ जं. | 10.12.2023 से 15.12.2023 |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं.– | 15.12.2023 |
| 13328 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 10, 14, 15.12.2023 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 06, 08,10, 12, 13, 15.12.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 10, 12, 14, 15.12.2023 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा जं. द्वारका एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 11.12.2023 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम जं. एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 13.12.2023 |
| 19321 इन्दौर जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 09.12.2023 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं. | 11.12.2023 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 08, 10, 12, 15.12.2023 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 11.12.2023, 13.12.2023 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 08, 10, 12, 15.12.2023 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 07, 11, 12, 14.12.2023 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 15.12.2023 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 10.12.2023 |
| 19165 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 06, 08, 10, 13, 15.12.2023 |
| 19166 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 09, 11, 13, 16.12.2023 |
| 11055 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–गोरखपुर जं. गोदन एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औंड़िहार जं.–मऊ जं.–गोरखपुर जं. | 06, 08, 10, 11, 13, 15.12.2023 |
| 11056 गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) गोदन एक्सप्रेस | मऊ जं.–औंड़िहार जं–जौनपुर जं. | 08, 10, 12, 13, 15.12.2023 |
| 11059 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–छपरा जं. छपरा एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औंड़िहार जं.–मऊ जं.–गोरखपुर जं. | 07, 09, 12, 14.12.2023 |
| 11060 छपरा जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) छपरा एक्सप्रेस | मऊ जं.–औंड़िहार जं–जौनपुर जं. | 07, 09, 11, 14, 16.12.2023 |
| 19045 सूरत–छपरा जं. ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औंड़िहार जं.–मऊ जं. | 06, 07, 08, 10, 11, 13 14, 15.12.2023 |
| 19046 छपरा जं.–सूरत ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | मऊ जं.–औंड़िहार जं–जौनपुर जं. | 08, 09, 10, 12, 13 15, 16.12.2023 |
| 12225 आज़मगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं.–उन्नाव जं.–कानपुर सेंट्रल | 06, 08, 09, 11, 12, 13, 15.12.2023 |
| 12226 दिल्ली जं.–आज़मगढ़ कैफियत एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं.–उन्नाव जं.–कानपुर सेंट्रल | 07, 08, 10, 11, 12, 14, 15.12.2023 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

3816/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# एसपी ने सैनिक सम्मेलन में सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**



पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन/अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के दौरान जनपद के समस्त थानों और विभिन्न प्रकोष्ठों से शामिल हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। सैनिक सम्मेलन में अपराध की रोकथाम पर मंथन किया गया। मुख्य विषय कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण रहा। जिसमें सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कस्बा व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने के लिए एसपी ने निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगों के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करने, मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये थानो पर गठित एंटी रोमियों टीमों की क्रियाशीलता निरंतर जारी रखने, आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक क्रियाशील करने का निर्देश दिया। जनता द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों, लंबित जनशिकायतो व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी असीम चौधरी, सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, सीओ जालौन रामसिंह, सीओ कोच उमेश पांडे, प्रतिसार निरीक्षक पारसनाथ चौधरी व जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी व सैनिक सम्मेलन में आए हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एडीजे ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिला कारागार का मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे महेन्द्र कुमार रावत ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार में निरूद्ध बन्दियों से मुलाकात की और उनसे अदालत में वाद के दौरान होने वाली समस्या के बारे में जानकारी ली और विधिक साक्षरता शिविर लगाया। जेल में विधिक साक्षरता शिविर के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जेल में बंद कैदियों से सीधी वार्ता कर अधिक से अधिक विधिक सहायता का लाभ लेने हेतु जागरूक किया गया।

इस दौरान सचिव ने कहा कि जिन बंदियों के पास अपना बाद लड़ने के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनके लिये निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा, इसके लिए उन्होंने पैनेल को निर्देश देते हुये कहा कि उन बंदियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर के सचिव एडीजे महेंद्र कुमार ने जेल में भ्रमण किया और जेल की साफ सफाई व्यवस्था की प्रशंसा की तथा महिला बन्दियों के साथ रह रहे छोटे बच्चों को सर्दी के अनुरूप सुविधाएं मुहईया कराने के निर्देश जेल अधीक्षक नीरज देव को दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह व अमर सिंह उपस्थित रहे।



# कड़ियां शाशी गिरोह से हुई पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

**जन एक्सप्रेस । उरई**

**✻ मधुबन विला में सूट बूट पहनकर दिया था चोरी की वारदात को अंजाम, बचाव में की गई फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश हुए घायल**



कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलाइंस सेल की संयुक्त टीम ने शादी समारोह के दौरान गेस्ट हाउसों में सूट बूट के साथ पहुंचकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले कडिया शाशी गिरोह के दो शातिर सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा बचाव में की गई फायरिंग में पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

बीते चंद दिनों पहले 24 नवंबर को शहर के मधुबन विला गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान सूट बूट में पहुंचे शातिर चोरों ने दो लाख रुपए से अधिक नोटों से भरा बैग पार कर दिया था। यह चोरी की घटना गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, इतना ही नहीं बल्कि सीसीटीवी की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। फिलहाल मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए एसपी ईरज राजा ने टीम गठित कर मामले का जल्द खुलासा करने के लिए निर्देश दिए थे। इसीक्रम में मंगलवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर एसओजी प्रभारी सत्येंद्र कुमार यादव व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने रिनिया फाटक के पास चेकिंग लगा दी। चेकिंग के दौरान बगैर नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार को वैरियर लगाकर रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस बल देखकर कर सवार वैरियल को कट मारकर भागने लगे। तभी पुलिस टीम ने उनका पीछा कर घेराबंदी कर दी। इस दौरान खुद को पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर तावड़ तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस द्वारा बचाव में की गई फायरिंग में गोली लगने से कार सवार दोनों अंतरराज्यीय बदमाश घायल हो गए। पुलिस के पूछे जाने पर पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम शनि पुत्र हरिप्रसाद व दूसरे ने अभिषेक पुत्र विनोद निवासीगण ग्राम कड़िया शाशि थाना बोडा जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश बताया। इस दौरान पुलिस ने उनके पास से अवैध असलहा व कारतूस, एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार के अलावा नगदी बरामद की है। वहीं पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# पेयजल परियोजनाओं पर किये जा रहे निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जिलाधिकारी मृदुल चैधरी द्वारा जनपद महोबा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 05 नग ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजनाओं शिवहर ग्राम समूह पेयजल परियोजना, धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल परियोजना, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना, सलैइया - नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना तथा कबरई ग्राम समूह पेयजल परियोजनाओं पर किये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण संदेश सिंह तोमर तथा परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर्स उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर्स को निर्देशित किया गया है परियोजनाओं पर युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य कराते हुये प्रत्येक परियोजना से आच्छादित ग्रामों में माह दिसम्बर के अंत तक प्रत्येक दशा में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पल्स पोलियो जागरूकता रैली कल

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश झा ने बताया है कि 07 दिसंबर को पूर्वाह्न 09 बजे से राजकीय इन्टर कालेज, देवरिया के प्रागंण में पल्स पोलियो जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

### भाटपार रानी के जेई निलंबित

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी-देवरिया।** विभाग द्वारा नवम्बर माह में ओटीएस में अधिक से अधिक राजस्व वसूली का लक्ष्य कर्मचारियों को दिया गया था। इसमें जिले के सलेमपुर डिविजन के भाटपाररानी उपकेन्द्र की ओटीएस स्कीम के तहत भुगतान नहीं हो सका। इस पर विभाग ने लापरवाही बरतने के आरोप में भाटपाररानी के अवर अभियंता को निलम्बित कर दिया है। इसके साथ ही उन्हें कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। जिससे विभाग में हड़कंम मच गया। निलंबन की कार्रवाई पर जेई संघ ने आंदोलन की चेतावनी दिया।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/खुखुन्दू-देवरिया।** किसी बात से नाराज होकर एक 19 वर्षीय युवती ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटी के आत्महत्या करने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और वह सदमे में है।खुखुंदू थाना क्षेत्र के परासिया बंसी निवासी आरती यादव 19 वर्ष पुत्री राम नाथ सोमवार को किसी बात से नाराज होकर कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब कमरे के अंदर का नजारा देखा तो उनकी चीख निकल गई। आनन-फानन में उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस युवती के आत्महत्या के कारणों की जांच- पड़ताल करने में जुटी हुई है।

### दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ फुर्र

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर-देवरिया।** सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र का एक गांव का है जहां एक महिला अपने मां के ब्रम्भोज में शामिल होने आई थी ब्रह्म भोज के दौरान ही प्रेमी संग फरार हो गई महिला के पति ने पुलिस को तहरीर दी है । पीड़ित ने सलेमपुर थाना कोतवाली को तहरीर देकर बताया कि सांस के निधन के बाद में मेरी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे अंतिम संस्कार बीत जाने के बाद अब वापस घर जाने के लिए हम लोग निकलने वाले थे कि इससे पहले मईल थाना क्षेत्र के एक युवक पत्नी को लेकर फरार हो गया है व्यक्ति ने तहरीर में बताया है कि नेपाल देश के थाना बस का रहने वाला है । छोटे-छोटे बच्चे अब अपनी मां के लिए रो रहे हैं बेबस पिता उसे बच्चों को यह नहीं समझा पा रहा है।

### गेहूं बीज जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी मृत्युन्जय कुमार सिंह ने जनपद के सभी कृषकों को अवगत कराया है कि कृषि विभाग द्वारा गेहूँ बीज डी0बी0डब्लू0-187, डी0बी0डब्लू0-222, डी0बी0डब्लू0-303, एच0डी0-3226, एच0डी0-2967, एच0डी0-3086, डी0बी0डब्लू0-343 के प्रजातियो का बीज जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारो पर उपलब्ध है जिसका वितरण 50 प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। जिसको प्राप्त करने हेतु अपने आधार कार्ड की फोटो कापी लेकर प्राप्त कर सकते है।कृषक उपरोक्त से अवगत होते हुए राजकीय कृषि बीज भण्डार से बीज प्राप्त कर समय से फसल की बुआई करके एवं बीज पर मिलने वाले अनुदान का लाभ उठा सकते हैं।

### अज्ञात कारणों से घायल ई-रिक्शा चालक की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पेट में चोट लगने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती करवाए गए ई-रिक्शा चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मोहल्ला लहरिया पुरवा निवासी प्रताप सिंह 48 वर्ष ई-रिक्शा ड्राइवर था। जब वह अपने परिवार से अलग शहर के मोहल्ला डिग्गीताल में किराए के कमरे में रहता था। जहां पर उसके साथ और भी किराएदार रहते थे। दो दिन पहले प्रताप की पेट में चोट लगने की वजह से हालत बिगड़ गई थी। जानकारी पाकर पत्नी रामकुमारी व भाई उसको जिला अस्पताल ले गए थे। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ई-रिक्शा ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पत्नी रामकुमारी ने बताया कि साथी किराएदारों ने उसके पति के साथ मारपीट की जिससे उसके पेट में चोट लगी थी। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों द्वारा किसी के खिलाफ पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

### अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जायघा में अज्ञात कारणों के चलते 19 वर्षीय किशोरी ने घर में फाँसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। जायघा निवासी वसंत सिंह राजावत की 19 वर्षीय बड़ी पुत्री प्रिया राजावत ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार की दोपहर घर के कमरे में फाँसी लगा ली। जैसे ही स्वजनों ने अपनी पुत्री को फाँसी के फंदे पर लटका देखा तो वह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा ले गये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद स्वजन अपनी पुत्री को घर ले गये। मृतक दो बहन व एक भाई में सबसे बड़ी थी। प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया ने बताया कि जायघा निवासी बसंत सिंह राजावत की 19 वर्षीय लड़की प्रिया के फाँसी लगाने की सूचना मिली हैं। थाना पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया हैं।

### कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कच्ची शराब लेकर जा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी एक केन में कच्ची शराब लेकर गांव के बाहर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से निकल रहा था। जिसकी जानकारी मुखबिर ने छिरिया चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कार-बाइक की टक्कर में दो घायल

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कार व बाइक की टक्कर में दो लोग घायल हुए। पीड़ित ने हादसे की सूचना कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बीती एक दिसंबर को अपने बहनोई हिम्मत सिंह निवासी बरहल थाना कैलिया के साथ गांव से बाइक लेकर कैलिया जा रहे थे। जब वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कार चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

# धरना प्रदर्शन कर पॉच सूत्रीय मांग पत्र कृषको ने डीएम को सौपा

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



पॉच सूत्रीय मांगो को लेकर कृषकों ने जोरदार धरना प्रदर्शन करत हुए जिलाधिकारी मृदुल कुमार चैधरी को ज्ञापन सौपा है।

आंदोलित कृषकों द्वारा जिलाधिकारी को सौपे गये ज्ञापन मे कहा है कि फसल बीमा राशि तथा किसानों की फसल की बकाया पड़ी धनराशि क्रय केन्द्रों से दिलाये जाने तथा दैवीय आपदा मे हुई फसलो की क्षति आदि मांगो को लेकर प्रार्थना पत्र सौपा है। आंदोलित कृषकों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि पिछले 1 वर्ष से फसल बीमा योजना की धनराशि का भुगतान बीमा कम्पनी द्वारा नही किया गया है जो अविलम्ब बीमा क्लेम दिलाया जाये। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी गयी फसलों मे चना मसूर का भुगतान अविलम्ब क्रय केन्द्रों से कराया जाये। तथा केन्द्र केन्द्रों मे किये गये गड़बड़ झाले की जांच करायी जाये। पत्र मे यह भी उल्लेख किया है कि बुंदेलखण्ड मे गेहूॅ के बाद सर्वाधिक मटर की फसल पैदा होती है जिसका न्यूनतम मूल्य 8 हजार रूपये प्रति कूंतल खरीद केन्द्रों पर खरीदी जाये। दैवीय आपदा के चलते बुबाई न हो पाने के कारण खाली पड़े खेत के कृषकों के अविलम्ब सहायता राशि उपलब्ध करायी जाये। ज्ञापन देने वालों मे चन्द्रभान, भानसिंह, मनोहरलाल, गया प्रसाद, मंगल, जयपाल, गुलाब, किशन, प्रभु, चरनदास, करन पाल, केसर, फूलसिंह आदि सैकड़ों कृषक सम्मलित थे।


# कालाजार और फाइलेरिया कार्यक्रम को देखने देवरिया पहुंची बीएमजीएफ टीम

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

फाइलेरिया व कालाजार उन्मूलन को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसको लेकर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रगति को जानने के लिए बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) की नेशनल टीम द्वारा बनकटा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सिकटिया गांव का भ्रमण किया गया। बीएमजीएफ के कंट्री लीड डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी के नेत्रत्व में डब्लूएचओ, पाथ और सीफार के प्रतिनिधियों ने सबसे पहले सीएमओ डॉ राजेश झा से मुलाक़ात की तत्पश्चात बनकटा ब्लॉक के पीएचसी और सिकटिया गांव का जायजा लिया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं से अगस्त माह में चले एमडीए अभियान में दवा सेवन के विषय में जानकारी ली। साथ ही फाइलेरिया नेटवर्क से चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की।डॉ. भूपेंद्र ने डीएमओ सुधाकर मणि से इस बात की जानकारी ली कि फाइलेरिया मरीजों को क्या-क्या सुविधा दी जा रही है। हाईड्रोसिल के मरीज के लिए ऑपरेशन की सुविधा है या नहीं। सिकटिया गांव में टीम ने कालाजार मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा पूछा क्या उन्हें आवास का लाभ मिला है या नहीं। टीम ने सिकटिया गांव में बने फाइलेरिया और कालाजार रोगी उत्तरजीवी नेटवर्क के सदस्यों से भी भेंट किया। भेट के दौरान विंध्याचल, सुशीला और साधना ने आईआरएस छिड़काव के घर-घर जाकर छिड़काव के महत्व के बारे में दी गई जानकारी में सहयोग के बारे में बताया। टीम ने गांवों में प्रैक्टिस करने वाले ग्रामीण चिकित्सकों से फाइलेरिया तथा कालाजार उन्मूलन में अपना योगदान देने के लिए अपील की और कहा कि इन दोनों बीमारी से जंग जितने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है।इसके बाद टीम शाम को दोबारा जिला मुख्यालय पहुंची और सीएमओ डॉ राजेश झा से भेंट कर भ्रमण के बारे में बताया और जिले में किए जा रहें प्रयासों की प्रशंसा की। बैठक में डीएमओ सुधाकर मणि, बीएमजीएफ के कंट्री लीड डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी के साथ डब्लूएचओ के स्टेट रीजनल कोआर्डीनेटर डॉ नित्यानंद ठाकुर, पाथ के स्टेट टीम लीडर डॉ शोएब, सीफार के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर डॉ सतीश पाण्डेय और पाथ के प्रोग्राम मैनेजर डॉ नीरज पाण्डेय, सीफार के जिला समन्यवक दीपनारायण पाण्डेय, पाथ के जिला सामन्यव देशदीपक सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा ने कालाजार और फाइलेरिया उन्मूलन में किए जा रहे कार्यों की मीडिया कवरेज की एक बुकलेट बीएमजीएफ के कंट्री लीड डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी को भेंट की।

# ‘साहब! भूमाफिया कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मुझ प्रार्थी को मेरे ही आवास से बेदखल कर रहे हैं’

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



भूमि विवाद के बढ़ते मामलों का मुख्य कारण राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा समय रहते निस्तारण न किये जाने से भूमाफियाओं के बुने जाल मे फसकर गरीब व्यक्ति न्यायालय तथा प्रशासनिक अधिकारियो के चक्कर लगाने के लिए विवश हो जाते है। इस प्रकार के मामले आये दिन प्रकाशन मे आते रहते है। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड जैतपुर के कस्बे का इस समय खुर्शियां बटोर रहा है।

गौरतलब बात तो यह है कि दलित के बने मकान का बैनामा खाली भूमि दिखाकर चन्द्रभान सोनी ने हरिश्चन्द्र चैरसिया को रजिस्ट्री बैनामा कर दिया है। जिस भूमि की चैहद्दी दिखाकर रजिस्ट्री की गयी है उस भूमि पर महिपत पुत्र बारेलाल का मकान पिछले 2 दशक से बना हुआ है। महिपत पुत्र बारेलाल अहिरवार ने मंगलवार के रोज जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र मे भूमाफियाओं के कहर से बचाने का अनुरोध किया है। महिपत द्वारा जिलाधिकारी को दिये गये पत्र मे कहा है कि ग्राम पंचायत जैतपुर द्वारा दो दशक पूर्व कस्बे के अंदर बजरंग बली पुलियां मैन बाजार स्थित ग्राम सभा की पड़ी भूमि का मुझ प्रार्थी को ग्राम पंचायत द्वारा कृषि कार्यो तथा आवास हेतु पट्टा दिया गया था पिछले 2 दशक से प्रार्थी उक्त पट्टे की भूमि पर आवास बनाकर परिवार सहित रह रहा है। पत्र मे यह भी उल्लेख किया है कि चन्द्रभान सोनी ने अपनी निजी भूमि बताकर मेरे रहायशी मकान की चैहद्दी तैयार कर हरिश्चन्द्र चैरसिया को रजिस्ट्री कर दी और हरिश्चन्द्र चैरसिया ने मुझ प्रार्थी के विरूद्ध न्यायालय मे प्रार्थना पत्र देकर स्टे आर्डर प्राप्त किया था बीते दिनों न्यायालय ने मुझ प्रार्थी के विरूद्ध बेदखली का आदेश भी पारित कर दिया है, जबकि मौजा लेखपाल और कानूनगो ने मुझ प्रार्थी का दो दशक पूर्व से बना मकान तथा ग्राम सभा की भूमि बताते हुए मुझ प्रार्थी को पट्टा धारक बताया है। इसके बावजूद दबंग लोग मुझ प्रार्थी को जबरियां घर से बेदखल करना चाह रहे है। जिलाधिकारी से उक्त लोगो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# थाना श्रीनगर के समस्त विवेचकों का एसपी ने किया अर्दली रूम

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना श्रीनगर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र की उपस्थिति में थाने के समस्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया।

अर्दली रुम के दौरान समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से पूछताछ करते हुये लम्बित विवेचनाओं के कारण की समीक्षा की गईं एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त विवेचकों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत, समस्याओं को लेकर आये उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जाए एवं सभी की समस्याओं पर मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना, कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में चलाये जा रहे विभिन्न अभियान एवं वांछित, वारंटियों की गिरफ्तारी तथा प्रचलित विभिन्न अभियानों की समीक्षा की गई जिसके क्रम में निर्देशित किया कि रात्रि में चैराहे, तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा महिला अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

# मण्डलायुक्त ने विभिन्न पथों के निर्माण कार्यो एवं चौराहों के सौर्दयीकरण के कार्यो का किया भौतिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा अयोध्या को सुरम्य, आधुनिक एवं सुगम्य अयोध्या के रूप में विकसित करने उद्देश्य से कराए जा रहे विभिन्न पथों के निर्माण कार्यों एवं चौराहों के सौन्दर्यीकरण के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने रामपथ के सहादतगंज बाईपास चौराहे पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा चौराहे को सौन्दर्यीकृत कराये जाने के लिए कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।अयोध्या विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इस चौराहे में एक आकर्षक डिजाइन वाला स्कल्प्चर स्थापित किया जायेगा।



इसपर मण्डलायुक्त ने कहा कि इसको आकर्षक ढंग से लाइटिंग कराते इसके आस पास अच्छे पुष्प भी लगाये जाये तथा चौराहे पर अयोध्या की ब्राडिंग भी करायी जाय। अगले चरण में उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग के महोबरा बाजार चौराहे पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सौन्दर्यीकरण के कार्यों के अन्तर्गत चक्र आकार की 12 फिट व्यास वाली लगायी गयी आकृति जिसमें भगवान श्रीराम से जुड़ी चौपाइयां एवं श्लोक अंकित है। का अवलोकन किया इस चक्र में नीचे की ओर पावर मोटर लगाई गई जिससे यह चक्र घूमता रहेगा। उन्होंने कहा कि इसको बेहतर ढंग से सजाते हुये तथा सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए स्थापित किया जाय। अगले चरण में मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन भक्ति पथ पर विकास प्राधिकरण द्वारा पथ पर कराये जा रहे प्रमुख कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि दुकानों के साइन बोर्ड में वॉर्म लाइट लगायी जाय तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को निर्देश दिया कि एकरूपता एवं आकर्षकता के लिए सभी दुकानों एवम भवनों में वॉर्म लाइट हल्की पीली प्रकाश वाली लगाने हेतु दुकानदारों को प्रेरित किया जाय। निर्माणाधीन भक्ति पथ के निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें श्रीराम मंदिर निर्माण में लगे श्रमिकों के परिश्रम से सीख लेनी चाहिए जो 24 घण्टे कई शिफ्टों में मंदिर निर्माण के कार्य को कर रहे है। पथ निर्माण के कार्य जो अवशेष है उन्हें भी कई शिफ्टों में करते हुये शीघ्र पूरा किया जाय तथा प्रतिदिन के कार्य प्रगति से अवगत कराया जाय। अन्त में मण्डलायुक्त ने जन्मभूमि पथ में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सौन्दर्यीकरण हेतु बनाई जा रहे रिटेनिंग वाल एवं यूपी आरएनएन द्वारा कैनोपी निर्माण का अवलोकन किया तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता सहित सम्बन्धित ठेकेदार एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# देवीपाटन में बनाए गए गेस्ट हाउस का महंत ने किया लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर की तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी मंदिर प्रागण में मां पाटेश्वरी भवन का लोकार्पण मंगलवार को महंत मिथलेश नाथ योगी ने पूजन अर्चन के उपरांत किया।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को देवीपाटन मंदिर परिसर में बनाए गए मां पाटेश्वरी भवन का लोकार्पण महंत मिथलेश नाथ योगी द्वारा किया गया । मां पाटेश्वरी भवन का निर्माण महन्थ मिथलेश नाथ योगी के अथक प्रयास से भव्य, सुसज्जित व सुंदर 24 कमरों 3 डॉरमेट्री हाल व एक



सुसज्जित मींटिग हाल का निर्माण कराया गया है।

मां पाटेश्वरी भवन के शुभारम्भ अवसर पर महन्थ मिथलेश नाथ ने बताया कि दर्शनार्थियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मां पाटेश्वरी भवन का शुभारंभ कर दिया गया है।जिससे मंदिर मे दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को रुकने हेतु व्यवस्था प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास, नैमिषारण्य से आए स्वामी विद्या चेतन जी महाराज, चचाई राम मठ उरला के पंचाननपुरी जी पुजारी, तुलसीदास गीता प्रेस गोरखपुर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विकी, श्रीनाथ बाबा मठ से आए महंत कौशलेंद्र गिरी, बुलंदशहर से आए संग्राम, आदेश जी, राजू पहलवान, अरुण गुप्ता व रूपेश कुमार सहित राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड बहराइच शाखा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 73 लोगों को किया गया जिला बदर

**जन एक्सप्रेस/अंबेडकर नगर।** मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जनपद में गुंडा एक्ट के तहत अपर जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सदानंद गुप्ता के न्यायालय द्वारा 73 लोगों का जिला बदर किया गया है। जिला प्रशासन ने इससे स्पष्ट कर दिया है कि अपराध से ताल्लुक रखने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। 73 लोगों में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अपराध में संलिप्त लोग शामिल हैं। इसमें प्रमुख रूप से आलापुर निवासी शाहिद मुनीर सिद्दीकी पुत्र मुनीर सिद्दीकी, जहांगीरगंज निवासी घनश्याम पुत्र अच्छेलाल शामिल हैं, इन्हें उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर किया गया है। इन सभी लोगों को एक से 6 माह तक के लिए जिला बदर किया गया है। सभी अभियुक्तों के खिलाफ जिले के थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जिला बदर के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने और जनपद की सीमा में प्रवेश न करने हेतु पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई छात्रवृत्ति के संबंध में बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

आर्थिक रूप से कमजोर व होनहार छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिले इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा नियमित छात्रवृत्ति योजना की गहन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एवं नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उन्होंने कहा की सभी कॉलेज पात्र छात्रों का ऑनलाइन आवेदन करते हुए त्रुटिहीन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।



कॉलेज स्तर पर छात्रवृत्ति फीडिंग में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो।

जिलाधिकारी महोदय ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित ना हो, छात्रवृत्ति योजना के फीडिंग कार्य के लिए डेडीकेटेड स्टाफ लगाया जाए।

इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी द्वारा निर्मित मिड डे मील शेड का हुआ लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

एनटीपीसी टाण्डा द्वारा प्राथमिक विद्यालय, फरीदपुर कलां में परियोजना के नैगमिक सामाजिक दायित्व द्वारा मिड डे मील शेड का निर्माण कर लोकार्पण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख, टाण्डा, बी. सी. पलेई एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि पलेई ने कहा कि बच्चों के भोजन करने का स्थान स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहेगा तो मनःस्थिति पर अच्छा असर पड़ेगा। यह मिड डे मील शेड धूल, बरसात के समय में भी भोजन के समुचित वितरण और व्यवस्थापन में सहायक सिद्ध होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए एनटीपीसी का आभार प्रकट करते हुए मिड डे मील शेड के महत्व पर अपनी बात रखी। ध्यान देने योग्य है कि एनटीपीसी बुनियादी शिक्षा को सहज एवं सरल बनाने के लिए अपना पूरा प्रयास करता है। प्राथमिक पठशालाओं में स्कूल बैग्स और स्टेशनरी का वितरण हो अथवा स्मार्ट क्लास का संस्थापन, एनटीपीसी परियोजना सदैव एक कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है। इसके अलावा बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के हेतु ''बालिका सशक्तीकरण मिशन'' एनटीपीसी की महत्वकांक्षी योजना है। इस मिड डे मील शेड का निर्माण शिक्षा के प्रति उसी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (ऐश हेंडलिंग) सुरेन्द्र कुमार श्रोत्री, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी, सी.एस.आर. अधिकारी निष्ठा सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं एनटीपीसी से अनेक वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से बिछड़े परिवारों के चेहरे पर आई मुस्कान



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से 02वैवाहिक जोड़ो के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर राज़ी खुशी विदाई कराई गई।जनपद पुलिस द्वारा मिशनइ्शक्तिइ्अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह समझौते के क्रम में महिला थानाध्यक्ष वन्दना अग्रहरी व हेल्प डेक्स पर नियुक्त कर्मी के अथक प्रयास से पति पत्नी के वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। पति पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राज़ी हो गए एवं दंपत्ति द्वारा जनपद पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

# ब्लॉक नोडल मेंटर्स एवं जिला सह प्रभारी हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बालक बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभागिता के लिए ब्लॉक मेंटर्स को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार रॉय तथा वित्त एवं लेखाधिकारी रविंद्र सिंह ने समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए सह प्रभारी मनीष देव ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2023-24 और 2024-25 के लिए जनपद से प्रदेश मे रिकॉर्ड आवेदन कराने पर ब्लॉक नोडल विद्या यादव, अनूप मल्होत्रा, विभा रानी, मंजेश मौर्य, पंकज कनौजिया, निवेदिता उपाध्याय, करिश्मा गौड़, असगर अली, प्रशांत सिंह, शकील अहमद, शिप्रा श्रीवास्तव, विवेक सिंह को एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 अंतर्गत बच्चों को ऑनलाइन तैयारी कराने हेतु मेंटर में कार्य करने वाले शिक्षक संतोष कुमार (एआरपी), विभा रानी, रीता मालवीय, सौम्या गुप्ता, विद्या यादव, प्रशांत सिंह, पंकज कुमार कनौजिया, शिप्रा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उक्त दोनों परीक्षाओं के लिए जिला सह प्रभारी के रूप मे कार्य कर रहे जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आदर्श सिंह एवं राज्य पुरस्कृत शिक्षक मनीष देव को भी सम्मानित किया गया। सभी ब्लॉक नोडल/ मेंटर्स एवं जिला सह प्रभारी को इसी तरह जनपद अयोध्या को सभी परीक्षाओं में आवेदन कराने में प्रदेश मे उत्कृष्ट स्थान पर रखने के लिए तथा बेहतर तैयारी के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद केथाना अकबरपुर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम अधियरवा वादिनी के घर के सामने खंडहर में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय धारा 683बनाम असगर अली उर्फ डब्लू पुत्र मो0 निशानी निवासी अधियारवा के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जी रही थी ।



इसी क्रंम में घटना के सदर्भ में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश व ऱात्री गश्त के दौरान थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया, परन्तु वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति मीरपुर भट्ठा के पास जाकर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। फायरिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी के घायल होने के तत्पश्चात आत्मरक्षार्थ हेतु पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही की गयी जिसमे अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल होकर मोके पर ही गिर गया।

जिसे पुलिस टीम द्वारा पुलिस हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान अपना नाम असगर अली पुत्र मो0 निशानी निवासी अधियरवा बताया व तलाशी लेने पर एक 315 बोर अवैध तमंचा व एक जिंदा और एक खोखा कारतूस 315 बोर की बरामदगी हुयी। घायल अभियुक्त व पुलसकर्मी को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर से बच्चो में होता नेतृत्व क्षमता का विकास: अखिलेश मौर्य

**जन एक्सप्रेस/मयाबाजार- अयोध्या।** स्काउट गाइड के प्रशिक्षण शिविर से बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान के साथ साथ, नेतृत्व क्षमता का विकास, समाज के लिए उपयोगी बनाने जैसी क्षमता का विकास इसके माध्यम से होता है। उक्त बातें सी.बी.एस इंटर कॉलेज मया बाजार अयोध्या स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर उद्घाटन समारोह के अवसर पर अखिलेश मौर्य ने कही। श्री मौर्य ने कहा कि समूह में किस तरह से कार्य करने के गुण विकसित होते है स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर से बहुत से गुण आते है द्य स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के अवसर पर सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ प्रार्थना , झण्डा रोहण, झण्डा गीत आदि विविध कार्य क्रम आयोजित किया गया द्य इस अवसर पर प्रधानाचार्य जे0पी0 सिंह, प्रशिक्षक जितेन्द्र यादव अध्यापक दिनेश जी, हरिकृष्ण उपाध्याय, के0एम0पाण्डेय आदि मौजूद रहे। छात्र एवं छात्राएं पार्वती गोंड, खुशी यादव, सुरैया परवीन, राम सुत गोंड, रिया सिंह, निष्ठा सिंह, गीत यादव, मुस्कान, कुनाल सिंह, राजू सहित 115 बच्चों ने प्रतिभाग किया

### बच्चों को डायरिया से बचाव और रोटावायरस , टीकाकरण के बारे में किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जागरण पहल टीम और डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में गांव गांव घर घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे 20 सेकेंड तक हाथ धोनेके तरीके का डेमो के माध्यम से समझाया जा रहा है एक 5 दिसंबर 2023 को आंबेडकर नगर के बसखारी ब्लॉक के कट्या गंजन गांव मे लीड गुलाबी दीदी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में 25 गुलाबी दीदी को प्रशिक्षण दिया गया उन्हें 0 से 5 वर्ष के बच्चो के डायरिया से बचाव के बारे में रोटावायरस टीकाकरण अभियान के बारे मे बताया गया द्य डायरिया से बचाव वा उपचार की प्राथमिक जानकारी दी गई जिंक टेबलेट ओ0आर0एस0 का घोल बनाकर कैसे देना है बताया गया। कार्यक्रम में महिलाओ को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य सामिल गुलाबी दीदी के साथ जागरूकता अभियान को सफल बनाने मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम मे जागरण पहल बसखारी ब्लॉक के बी0सी0 राम गोविंद मौर्य ने कहा कि लीड गुलाबी दीदी के माध्यम से 800 से 1000 गुलाबी दीदी को विश्व स्वास्थ्य संगठन के सात सूत्रों के माध्यम से जागरूक करेंगी। कार्यक्रम में गुलाबी दीदी को सार्टिफिकेट , कैप आई0 ई0 सी0 बुक दिया गया।

### भाजपा की नीतियों का परिणाम तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत का जनादेश: गोविन्द नारायण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत का जनादेश मिला है। तेलंगाना में भी पार्टी को आठ सीटों पर विजय प्राप्त हुई। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश महामंत्री व गोरक्ष क्षेत्र प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला ने भाजपा नेता मणीन्द्र शुक्ला मन्नू के आवास पर अयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होनें आगे कहा कि भ्रष्टाचार पर नो टॉलरेस नीति व योजनाओं का लाभ सीधे मिलने से जनता में उत्साह का माहौल है। आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश प्रचंड जीत दर्ज करेगी। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न अभियानों के द्वारा अभी से घर-घर सम्पर्क कर रहे है। लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर रहे है। उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे है।उपस्थित कार्यकर्ताओं से उन्होनें कहा कि श्री रामलला मंदिर में प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ट्रस्ट की मंशानुसार 22 जनवरी के उपरान्त अयोध्या दर्शन करने अवश्य आएं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने आस-पास के देवालयों में भजन-कीर्तन का अयोजन करें। शाम के समय घर में पांच दीपक अवश्य जलाएं।उन्होनें जिलाध्यक्ष से संजीव से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के प्रगति की जानकारी ली। इससे पूर्व उन्होनें हनुमानगढ़ी व जन्मभूमि पर दर्शन-पूजन किया। भाजपा नेता के आवास पर पहुंचने पर कार्यकर्ता द्वारा 51 किलो की माला पहना कर उनका स्वागत किया।इस दौरान भाजपा नेता सुनील शास्त्री, जिपंस चंद्रभान सिंह, मणीन्द्र शुक्ला मन्नू, राघवेन्द्र पाण्डेय, हिमांशु दूबे, दिवाकर सिंह, पवन चौरसिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अयोध्या जंक्शन पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** 6 दिसंबर सुरक्षा के मद्देनजर मंगलवार शाम को रेलवे पुलिस ने अयोध्या जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाया। शाम के समय स्टेशन पर दर्जनों पुलिस कर्मी तैनात दिखे। जहां हर कोई सामान से लेकर यात्री ट्रेनों में संदिग्ध वस्तुओं व गाडियों की सघन चेकिंग में जुटा था। यहां तक की स्टेशन पर बैठे यात्रियों प्रतीक्षालय में इंतजार करने वालों की भी छानबीन की गई। ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक हो जाए। थाना प्रभारी राकेश कुमार राय ने बताया उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार मंगलवार की शाम को चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी उप निरीक्षक सुनील कुमार मिश्र उपनिरीक्षक विक्टर जेम्स व पुलिस बल मौजूद रहे।

### पीएनबी बैंक में हुआ गोल्ड ऋण काउंटर का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** साहबगंज स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में ग्राहकों की आवश्यकताओं को देखते हुए गोल्ड लोन काउंटर का शुभारंभ हुआ। गोल्ड लोन काउंटर का शुभारंभ मंडल प्रमुख श्री नीरज गुप्ता ने किया। इस दौरान मंडल प्रमुख ने बताया की बैंक द्वारा इस शाखा में यह काउंटर ग्राहकों को विशेष रूप से उद्यमिओं एवं किसानों को गोल्ड ऋण उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किया गया है जहाँ पर ग्राहक आसानी से कम समय में गोल्ड ऋण प्राप्त कर सकता है । बैंक द्वारा गोल्ड ऋण की सुविधा बेहद किफायती ब्याज दर (किसानो हेतु 8.65त्न से प्रारंभ ) पर प्रदान कि जा रही है, साथ ही बैंक अपने डिजिटल माध्यम जैसे कि पीएनबी वन एप तथा विभिन्न उत्पादों के माध्यम से उच्चतम ग्राहक सेवा प्रदान कराने हेतु प्रतिबद्ध है 7 इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अजय कुमार, आशीष श्रीवास्तव ,अमित पाण्डेय सही तमाम बैंक अधिकारी व ग्राहक मौजूद रहे।

### एटीएम मशीन का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** यूको बैंक ने लगाया एटीएम मशीन। सोमवार को बरम बाबा के सामने यूको बैंक की शाखा के बाहर एटीएम मशीन लगाया गया। एटीएम मशीन का शुभारंभ कार्यक्रम में आए बतौर मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विशाल सिंह ने फीता काटकर किया, शुभारंभ के दौरान यूको बैंक की अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे,लखनऊ अंचल प्रमुख सौरभ सिंह भी मौजूद रहे। वहीं इससे पूर्व मुख्य अतिथि व यूको बैंक के अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। सुश्री मिलन दुबे ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान अंचल प्रमुख ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा के लिए आज यहां पर एटीएम मशीन लगाई गई है, साथ ही सिविल लाइन व राम जन्मभूमि के पास जल्द ही एटीएम मशीन लगाई जाएगी। जिससे आने-जाने वाले ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके, इसके साथ ही जनपद में कई जगह में और भी शाखा खोलने का विचार चल रहा है। इस अवसर पर लखनऊ हेड सौरभ सिंह, अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे, त्यागी जी, नीरज सचान, मनोज सिंह, अविनाश त्रिपाठी सहित कई बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

# एनुअल स्पोर्ट डे के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बढ़कर किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को एनुअल स्पोर्ट्स डे मनाया गया । खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज ग्राउन्ड में ''आरोहण खेल-कूद प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेटो द्वारा बैंड बाजों के साथ मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का अभिवादन करते हुए स्टेज पर लाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी, अध्यक्ष डा0 पीएन तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी, सह निदेशक इं0 आकाश तिवारी ने आये हुए मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का बैज लगाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय तिरंगे का ध्वजारोहण करके एनसीसी कैडेटो एवं विद्यालय के सभी हाउस के छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रध्वज को सलामी दी एवं राष्ट्र गान ''जन गण मन'' से शुरूआत हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत गाया और अत्यंत सुदंर-सुदंर नृत्य प्रस्तुत किया जो अतिथियों के साथ दर्शको को भी अपनी ओर आकर्षित कर लिया। मुख्य अतिथि कैलाशनाथ शुक्ल (विधायक तुलसीपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय प्राचार्य एम0एल0के0 पी0जी0 कालेज ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण करके




द्वीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि ने मशाल को प्रज्वलित करके मशाल दौड़ से प्रतियोगिता प्रारम्भ कराया।

साथ ही एनसीसी के कैडेट एवं हाउस कप्तान सहित छात्रों का मार्च पास्ट हुआ। इसी क्रम में समस्त खिलाड़ियों का शपथ ग्रहण विद्यालय के छात्र शेखर तिवारी द्वारा सम्पन्न कराया गया। 'आरोहण खेल-कूद प्रतियोगिता' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 तिवारी ने मुख्य अतिथि कैलाशनाथ शुक्ल (विधायक तुलसीपुर) तथा विशिष्टि अतिथि डॉ0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय प्राचार्य एम0एल0के0 पी0जी0 कालेज को खिलाड़ियो से परिचय कराया ।सम्मानित अतिथियों में डॉ0 राजीव रंजन विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, एमएलके पीजी कालेज, रमेश शुक्ला विभागाध्यक्ष अंग्रेजी एमएलके पीजी कालेज, डॉ0 जे0पी0 तिवारी पूर्व एसो0 प्रो0 विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एमएलके पीजी कालेज, डॉ0 आशीष कुमार लाल एसो0प्रो0 राजनीति विज्ञान एमएलके पीजी कालेज, डॉ0 कौशल्या गुप्ता बलरामपुर, अम्बिकेश्वर मिश्रा न्यायाधीष उपभोक्ता फोरम बलरामपुर, श्याम मनोहर तिवारी प्रतिनिधि अध्यक्षा जिला पंचायत बलरामपुर, अखिलेश्वर तिवारी लाइव टूडे टी0वी0, लोहिया क्रांति हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस, डॉ0 पम्मी पाण्डेय प्रबन्धक नेशनल पब्लिक स्कूल, क्रान्ति सिंह नीता सिंह प्रबन्धकसचेयरमेन फुलवारी पब्लिक स्कूल गोण्डा, अंसार अहमद खान फाउन्डर मेंबर एचआरए इन्टर कालेज उतरौला, रीता चौधरी प्राचार्या सरदार वल्लभ भाई पटेल गालिबपुर बलरामपुर, असलम शेर खान प्रबन्धक स्कालर्स एकाडमी इन्टर कालेज उतरौला, रीतेश अग्रवाल प्रबन्धक गीता इंटरनेशनल स्कूल गोण्डा व हेमन्त कुमार तिवारी प्राचार्य बलरामपुर मार्डन इण्टर कालेज को बुके एवं बैज लगाकर सम्मानित किया। ''आरोहण खेल-कूद प्रतियोगिता'' में कक्षा-यू0के0जी0 से कक्षा-5 तक म्यूजिक द्वारा ताइक्काडों ड्रिल, कक्षा-एल0के0जी0 के द्वारा स्वागत नृत्य(गीत-स्वैग से करेंगे सबका स्वागत), अनेक राज्यों के समूह नृत्य में (गीत-पंजाबी-यू0के0जी0, राजस्थानी-कक्षा-5, वॉलीबुड-कक्षा-6, गुजराती-कक्षा-4, योगा नृत्य-कक्षा-7, महाराष्ट्र-कक्षा-8 एवं 9, कथक-कक्षा-9 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा-6 के द्वारा योगा ड्रिल म्यूजिक द्वारा किया गया।

# चोरी कर फरार चल रहे आरोपी के घर उत्तराखंड पुलिस ने की कुर्की

- उत्तराखंड व पीलीभीत में आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं कई प्राथमिकी
- गैंग बनाकर देता है चोरी की वारदातों को अंजाम
- गिरफ्तारी न होने पर आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** ट्रैक्टर चोरी कर फरार चल रहे आरोपी के घर उत्तराखंड पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई प्राथमिकी दर्ज है। उत्तराखंड पुलिस की कार्रवाई खलबली मची रही।

हजार थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर के लक्ष्मण नगर निवासी महेश पुत्र लालचंद उत्तराखंड में परिवार के साथ रहता है।आरोपी उत्तराखंड और पीलीभीत मैं हुई चोरी की कई वारदातों में शामिल रहा।आरोपी के खिलाफ उत्तराखंड व पीलीभीत के अलग अलग थानों में चोरी की कई प्राथमिकी दर्ज है। आरोपी की तलाश में उत्तराखंड पुलिस व एसओजी कई बार दबिस दे चुकी है। आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपी चोरों की गैंग का सरगना है।

गिरोह से जुड़े अन्य आरोपी रेकी के बाद उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पहुंचकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी उत्तराखंड के थाना पंतनगर क्षेत्र से एक ट्रैक्टर चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर तलाश शुरू की। गिरफ्तारी न होने पर आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया था। मंगलवार उत्तराखंड के पतंनगर थाना के उपनिरीक्षक धीरेन्द्र परिहार ने आरोपी के घर पंहुचकर कुर्की की कार्रवाई की।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/शाहगंज। राजकीय महिला महाविद्यालय में उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की छात्राओं अध्यापकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आधी आबादी को आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु उत्प्रेरित किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि



वोटर हेल्प लाइन ऐप डाउनलोड कर लें। ऐप पर जा कर फार्म छह एवं आठ भरा जा सकता है। जिससे नामांकन एवं संसोधन का प्रावधान है। इसी ऐप के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र स्वयं बनायें एवं आस पास के लोगों को भी इस हेतु जागरुक करे। पहचान पत्र आप को मतदाता बनाता है। देश के जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभायें। प्राचार्य डा नूर तलअत ने भी छात्राओं को मतदान पहचान पत्र हेतु संकल्पित किया। इस दौरान प्रो मोती चन्द्र, प्रो संजय कुमार, प्रो अजय शुक्ल, प्रो रमेश चन्द्र, प्रो ओम प्रकाश वर्मा, डा सर्वजीत सिंह, डा रवि प्रकाश, डा पूजा गुप्ता, डा अमृता वरनवाल, प्रो शिवा जी, डा अभिषेक श्रीवास्तव, डा आनन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

### सूर्यपाल सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। विकास खण्ड सुईथाकला के श्री सूर्यपाल गंगा प्रसाद सिंह न्यू मार्डन पब्लिक स्कूल गंगा आश्रम ईशापुर के पावन प्रांगण में स्व0 ठा0 सूर्यपाल सिंह की 33 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय के प्रबंध देवेश कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा महान विधिवेत्ता के चलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किये।




विद्यालय के प्रबंधक देवेश कुमार सिंह ने कहा कि बाबूजी एक महान विधिवेत्ता थे । जिन्हें क्षेत्रीय लोग वकील साहब के नाम से प्यार से पुकारते थे। बाबू जी शाहगंज तहशील में अधिवक्ता रहते हुए क्षेत्र में एक दिव्य ज्योति की तरह न्याय के पथ पर चलते हुए समाज का विकास किया है। बाबू जी शाहगंज तहशील में बार अध्यक्ष भी रहे। इन्ही के नाम को चिर काल तक अजर अमर करने के विद्यालय का नाम भी रखा गया है जिससे समाज में आने वाली हर नई पीढ़ी जानता रहे । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व0 सूर्यपाल सिंह ने अधिवक्ता के पद पर रहते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास किया है और शाहगंज तहशील में एक अच्छे अधिवक्ता रहे। अपने सम्पूर्ण जीवन में कुशलता पूर्वक समाज को एक विधि की तरफ दिशा निर्देश दिया।विधि एवं शिक्षा के प्रति सभी लोगों को हर समय जागरूक करने का कार्य किये है। कार्यक्रम का संचालन सुशील यादव एवं आभार आशुतोष सिंह उर्फ महादेव सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य छविराज प्रजापति, वरिष्ठ शिक्षक रमेश मिश्रा,विनय पाठक, समाजसेवी कमलेश प्रताप सिंह, प्रमोद यादव,अजय सरकार, विजय, आशा वर्मा,प्रेमशिला सिंह, कविता, आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो दर्जन से अधिक गांवों में अधूरे हैं सामुदायिक शौचालय

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/ सुजानगंज। ब्लॉक कर्मचारी सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने से नहीं चूक रहे गांव के विकास से संबंधित ब्लाक अधिकारी जहां प्रदेश सरकार की मंशानुरूप सभी गांवो में विकास सम्पूर्ण होना चाहिए पर सुजानगंज बलाक में विकास फाइलों तक ही सीमित है। बताते चलें सुजानगंज ब्लॉक स्थित 98 ग्राम सभा है राजस्व गांव मिलकर 105 बनते जिनमें देवापुर, बेलवार, तारपट्टी, पतहना, गोपालपुर, तरसआंव इटहा, दहेंव, दीपकपुर, करनौली, घघरिया, सरायकेवट जैसे लगभग बाइस गांव है जहां पर शौचालय के नाम पर धनराशि पूरी निकल गयी है पर निमार्ण कार्य अधुरे पड़े हैं तथा कहीं पर साफ सफाई न होने से पूरे शौचालय में गन्दगी का अंबार लगा है जहां प्रदेश सरकार लाखों खर्च कर गांव को स्वच्छ रखने हेतु सभी विकास से संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए वहीं सुजानगंज ब्लॉक में विकास फाइलों पर होता नजर आता है गांवों की स्वच्छता एवं विकास के लिए ग्राम प्रधान,सफाई कर्मी से लेकर खंड विकास अधिकारी तक नियुक्त हैं ऐसे में गांव की दशा देखने पर नहीं लगता की विकास खंड में देखरेख करने के लिए लोग नियुक्त हैं फाइलों में देखने पर सभी गांव विकसित हो गये है तथा सभी गांव वासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है ।पर सत्यता से विकास कोसों दूर है फाईलों मेंओ डी ऐफ हुए कई गांवों में आज भी शौच करने के लिए ग्रामीण खेतों में नजर आते हैं ।इस संदर्भ में पूछे जाने पर ऐडियो पंचायत इंद्र भूषण दुबे जानकारी देने की बजाय हीलाहवाली करते रहे तथा जोर देने पर बोले बाद में बात कर लेते हैं।

### भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक, केंद्र राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे लोगों को कराया अवगत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालापुर और ग्राम तिलवारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होकर ग्रामवासियों को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया व देश



के यशस्वी प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना व विकसित भारत में योगदान के संकल्प की शपथ दिलाई और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया ।विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य आयुष्मान भारत,जल जीवन मिशन, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास (शहरी, ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रत्येक लाभार्थी तक उन योजनाओ को पहुंचाना है। विकसित भारत बनाने के लिए हम सब लोगो को सहभागी बनना है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी, मण्डल अध्यक्ष विनोद शर्मा, हर्षू प्रसाद पाठक, साहब लाल चौधरी, श्री उमाशंकर तिवारी, ग्राम प्रधान द्वय विनय प्रचेता, संदीप पाठक, श्ओमप्रकाश तिवारी, दिलीप गुप्ता, धीरेंद्र निषाद समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने 04 सहायक आचार्य को वितरित किया नियुक्ति पत्र

- जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया
- प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री लोगो को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बहुत ही गम्भीर है: संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





आज प्रदेश के 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स, 48 आयुष चिकित्सा शिक्षक को नियुक्ति पत्र का वितरण एवं 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवान्स लाइफ सपोर्ट (ए.एल.एस.) को फ्लैग ऑफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उ0प्र0 संजय सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, प्राचार्य मेडिकल कालेज की उपस्थिति में गांधी सभागार में देखा एवं सुना गया।

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि आज पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर किया गया है। आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत लोगो का रू0 पांच लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है। चिकित्सक का धर्म है सबका समान भाव से इलाज करे, किसी के साथ भेदभाव न करे।

आयुष विभाग में डाक्टरो की तैनाती की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर सभी ओपीडी में बैठे और लोगो का इलाज करे।

04 वर्ष के प्रयास में इंसेफ्लाटिस को पूर्ण रूप से नियंत्रित किया गया है। सभी नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री लोगो को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बहुत ही गम्भीर है। मुख्यमंत्री जमीनी स्तर से जुड़े होने के कारण लोगो की समस्याओ को बेहतर तरीके से जानते है। जिसके लिए उनके द्वारा निरन्तर स्वास्थ्य सेवाओ को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका परिणाम भी दिख रहा है। लोगो को आयुष्मान योजना से जोड़कर 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सभी नवनियुक्त सहायक आचार्यो को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग पूरी तन्मयता के साथ लोगो का इलाज करे।जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर ने सभी नवनियुक्त सहायक आचार्यो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरी पारदर्शी ढंग से नवनियुक्त सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आप लोग कड़ी मेहनत करके यहां तक पहुँचे है। सभी लोग अपने दायित्वो का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करें, जिससे इसका लाभ सभी लोगो को मिल सके। इस अवसर पर राज्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्षा एवं जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नवनियुक्त 04 सहायक आचार्य को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

# रेडटेक कंपनी के शोरूम का जनपद में हुआ उद्घाटन





जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

- विशेषता: महिलाओं के लिए विशेष आधुनिक वस्त्र पर 70 प्रतिशत भारी भरकम डिस्काउंट के साथ हैं उपलब्ध

**पीलीभीत।** मंगलवार को शहर के टनकपुर बाईपास रोड पर सुप्रसिद्ध रेड टैप कंपनी के शोरूम का शुभारंभ हुआ। शोरूम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉक्टर आस्था अग्रवाल के साथ शोरूम पार्टनर्स की मां सुदेश आहूजा,अनीता आहूजा, इंदु गुप्ता मौजूद रहीं। इस मौके की सबसे खास बात यह रही कि हमें महिला सशक्तिकरण का एक अद्भुत नजारा देखने को मिला शोरूम के पार्टनर्स विकास आहूजा वरुण आहूजा एवं सौरभ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कंपनी भारत की एक बहुत ही लोकप्रिय कंपनी हैं। पूरे देश में इस कंपनी के सारे बड़े शहरों में शोरूम मौजूद हैं। आपके शहर पीलीभीत में हमारी कंपनी के जूते कपड़े महिलाओं के लिए विशेष आधुनिक वस्त्र 70त्र भारी भरकम डिस्काउंट के साथ उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारी प्राथमिकता यह रहेगी की जो भी हमारा सम्मानित ग्राहक हमारे शोरूम पर आए वह पूर्णता संतुष्ट होकर जाएं हम उसे कम से कम दामों में ब्रांडेड जूते एवं कपड़े हमेशा उपलब्ध कराएंगे। इस मौके पर डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा रेड टैप का शोरूम हमारे जनपद के लिए एक अच्छी सौगात हैं। उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर शोरूम में काफी लोगों की खास भीड़ देखी गई और शहर की नामचीन हस्तियां भी मौजूद रही। साथ ही इसके निशांत गोस्वामी, सोनिया गोस्वामी, प्रीति आहूजा, रेशु गुप्ता, सोनाक्षी आहूजा आदि उपस्थित रहे।



# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले की नगर की नवीन नगर कार्यकारिणी इकाई का सत्र 2023-24 के लिए गठन किया गया।

जिला प्रमुख डॉ गौरव वर्मा , विभाग संयोजक जतिन भारती, विभाग छात्रा प्रमुख सीमा कश्यप, विभाग संगठन मंत्री मनोज कुमार, जिला सह संयोजक आयुष मिश्रा की उपस्थिति में हुआ, चुनाव अधिकारी डॉ गौरव वर्मा ने नवीन सत्र की कार्यकारिणी हेतु नगर अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सब्बरवाल नगर मंत्री अरुण कुमार सूर्यवंशी को निर्वाचित किया।

इसके उपरांत नगर अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सब्बरवाल जी द्वारा घोषित पीलीभीत नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। डॉ धर्मेंद्र सब्बरवाल, डॉ मदन वर्मा, अरविंद वर्मा, डॉ दुर्गेशधार द्विवेदी, प्रेम मौर्य, अरुण सूर्यवंशी, अरुण गंगवार, नरेंद्र कुमार, करन प्रताप, अभिषेक गंगवार, अवधेश कुमार वर्मा, गौरव मौर्य, आकाश कुमार, अरुण वर्मा, सुमित प्रजापति, सागर कुमार, ओजस दीक्षित, कोमल, अंश कुमार, पीयूष पांडे, शानू गुप्ता, हर्ष सक्सेना, लक्ष्मी, वंदना, विशेष चौहान, अजय कुमार पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री मनोज कुमार ने सभी नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी। इस मौके पर प्रिया शर्मा, अमित राठौर, अश्वनी कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उद्योगपतियों का माफ किया जा रहा लोन, गरीबों को चुकाने के लिए बेचने पड़ रहे शरीर के अंग: सांसद

- जनसंवाद कार्यक्रम में बोले सांसद वरुण गांधी
- जिले में दो दिवसीय दौरे पर आए सांसद ने मंगलवार को ललौरीखेड़ा क्षेत्र में की जनसभाएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सांसद वरुण गांधी मंगलवार को जिले में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। खमरिया पुल पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके बाद वह ललौरीखेड़ा क्षेत्र के डंडिया भिसौड़ी, भगवंतपुर, नांद पसियापुर, ऐमी, गहलुईया, गोंछ, कनाकोर, उमरसड़, रमपुरा उझैनिया, कल्याणपुर व शिवपुरिया आदि गांदों में जनसंवाद कार्यक्रम को संबो?धित किया। सांसद वरुण गांधी ने लोन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि तीन दिन पहले दिल्ली के एक अखबार में पढ़ा था कि यूपी के बुलंदशहर के एक किसान ने ढ़ाई लाख रुपये का लोन चुकाने के लिए अपने शरीर के दो अंगों को बेचना पड़ा। वहीं दूसरी एक खबर छपी थी कि देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों के 70 हजार करोड़ रुपये का लोन माफ किया गया है। सांसद बोले, जिनके पास अथाह पैसा है, उनका लोन माफ किया जाता है, लेकिन जिसके पास ढाई लाख रुपये नहीं है, उनको लोन चुकाने के लिए अंग बेचने पड़ते हैं। यह कैसा भारत है। क्या गरीब का लोन माफ नहीं होना चाहिए। सांसद बोले, गरीबों को बहुत सारी सुविधाएं दिए जाने की बात कहीं जा रही है, लेकिन यह सिर्फ कहने की ही बात है। हकीकत में गरीबों की कोई भी सुनने वाला नहीं है। सांसद ने कहा कि अगर हम आम इंसान के संघर्ष को लेकर मौन हो जायेंगे, तो हमारा लोकतंत्र मौन की तरफ बढ़ जाएगा। यह सच्चाई है कि हिन्दुस्तान में बराबर की व्यवस्था कभी नहीं रही है। यह भी सच्चाई मौजूदा समय में लोगों के सपने तो बड़े हो गए हैं, लेकिन साकार करने के लि रास्ते बड़े नहीं हैं। वही वजह है कि देश में हिंसा बढ़ती जा रही है। लोगों के बीच खाई बढ़ती जा रही है। सांसद ने कहा कि चार दिन पहले जब वह पीलीभीत आए थे तो डीएम से लोन देने वालों की सूची मांगी। सूची देखी तो बहुत कम लोगों को लोन दिया जाना पाया। मैंन लोगों से पूछा कि क्या आप लोगों को लोन की जरूरत नहीं हैं, तो गरीबों ने बताया कि लोन की जरूरत तो है, लेकिन देता कोई नहीं है। पांच छह बार दौड़ाने के बाद रुपयों की डिमांड की जाती है। जनसंवाद कार्यक्रमों में सांसद ने जनसमस्याएं भी सुनी।

**इनकी रही मौजूदगी...**

कार्यक्रम के दौरान सांसद सचिव कमलकांत, पीआरओ विवेक चौहान, अमित गंगवार, दीपक पाण्डेय, लवकुश यादव, अविषेक पांडेय, रुपेश गंगवार, सूरज शुक्ला, रमेश लोधी, निर्दोष गंगवार, राधे गंगवार, गुड्डू गंगवार, मनोज कटियार, अमित गंगवार, बंटी मिश्रा, सतीश पांडेय, सुमित मिश्रा, बबलू वर्मा, बालकराम वर्मा, नन्हेंलाल कश्यप, राजेश गंगवार, बुद्धि गंगवार, सुरेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवक हुए गंभीर रुप से घायल

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। बीसलपुर बरेली मार्ग पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सबार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किय। थाना निगोही के गांव हमजापुर निवासी गौरीषंकर पुत्र नंदराम इस समय गांव कितनापुर में अपनी ननिहाल में आया हुआ था। वह अपने ममेरे भाई प्रवेष पुत्र रामकेवल के साथ भुता किसी काम से जा रहा था। तभी रसूला चौराहे के निकट तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा केराकत, मचा हड़कंप



- अज्ञात बदमाशो ने डॉ के आवास पर की फायरिंग, दरवाजे का तोड़ा शीशा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**केराकत।** कोतवाली अंतर्गत स्टेशन रोड के सरायविरु में स्थित डॉ रंजीता सिंह पत्नी डॉ जेबी सिंह के आवास पर बीती रात अज्ञात बदमाशो ने आवास पर पहुंच गाली गलौज देते हुए दरवाजे का शीशा तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही। डॉ जेबी सिंह ने बताया की रोज की भांति हम लोग खाना खा कर सोने जा रहे थे कि तभी शीशा टूटने की आवाज आई आनन फानन में छत के ऊपर से देखा गया तो लगभग चार से पांच की संख्या में कुछ अज्ञात लोग आवास परिसर में गाली गलौज दे कर बाइक से जा रहे थे जानकारी ली गई तो पता चला की कुछ अज्ञात लोग दरवाजे की कुंडी खोल रहे थे कुंडी नही खुली तो दरवाजे का शीशा तोड़ गली गलौज देते हुए फरार हो गए।कुछ समय बाद दोबारा शीशा टूटने की आवाज सुनाई दी तो दोबारा छत पर जाकर देखा गया तो आवास परिसर में चार से पांच की संख्या में अज्ञात बदमाश परिसर में गाली गलौज देते हुए टहल रहे थे आवास से वापस जाते समय बदमाशो ने फायरिंग करते हुए फरार हो गए।घटना की सूचना 112 पर की गई पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की घटना की सूचना होते ही प्रभारी निरीक्षक रामजन्म यादव ने भी मौके पर पहुंच मौके की जांच पड़ताल की। वहीं घटना से परिवार समेत क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# नगर पंचायत कजगांव में चेयरमैन का भाई व सभासद के बीच गाली-गलौज, किया पथराव

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**जफराबाद।** नगर पंचायत कजगांव में चेयरमैन के भाई तथा एक सभासद के बीच मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर के भीतर ही गाली-गलौज की घटना हुई।उसके बाद पथराव भी हुआ। तीन दिसम्बर को कस्बे के एक युवक की बारात मडियाहूं के शीतलगंज गयी थी।बारात में शामिल होने कजगांव नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान भी गए थे।वह मैरेज हाल में थे।उसी समय किसी ने फिरोज खान के कि कार का शीशा तोड़ दिया।उस मामले में मडियाहूं कोतवाली में अज्ञात के विरुध्द मुकदमा दर्ज किया था।फिरोज खान को कजगांव के कुछ लोगों पर शक है।मंगलवार को ईओ आस्था पाठक ने एक आवश्यक बैठक बुलाया था।जिस दौरान बैठक कक्ष के बाहर कुछ लोगों के बीच गाली-गलौज हुआ।उसके बाद पथराव हुआ।मौके पर भगदड़ मच गई।इस बारे में ईओ सुश्री आस्था पाठक ने बताया कि मैं कार्यालय के अंदर मीटिंग में थी।बाहर गाली-गलौज की आवाज आ रही थी।पथराव की आवाज भी हुई।दूसरी तरफ चेयरमैन के भाई ने बताया कि सभासद अखिलेश यादव व एक अन्य सभासद पुत्र के ऊपर शक था कि इन लोगों ने ही शीशा तोड़ा है।इसी बात को लेकर बहस हो रही थी।उन लोगों ने ही गाली-गलौज किया।उसके बाद कुछ लोगों को बुलाकर पथराव किया।उधर अखिलेश यादव ने बताया कि फिरोज खान ने मुझ पर झूठा आरोप लगाते हुए गाली-गलौज किया।शीतलगंज में जहां गाड़ी खड़ी थी वहां पेट्रोल पंप है।वहां लगे कैमरे से आरोपी को देख कर किसी पर आरोप लगाना चाहिये।घटना के बारे में थानाप्रभारी किशोर कुमार चौबे ने बताया कि गाली-गलौज होने की सूचना मिली थी।हालांकि मौके पर पुलिस मौजूद है।

# प्रधान पुत्र पर लगा किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोप

✳ पनकी एसीपी को दिए गए जांच के आदेश

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

कानपुर नगर। सचेंडी थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने महिला ग्राम प्रधान के बेटे पर अपनी पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है, वहीं अधिकारियों ने पनकी एसीपी को इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। सचेंडी निवासी महिला ने बताया कि वह गांव के बाहर झोपड़ी बना कर अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ रहती है,गांव के ही गज्जापुरवा की महिला ग्राम प्रधान उमा पत्नि विक्रम सिंह के पुत्र धीरेंद्र ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर दो साल से दुष्कर्म करता रहा बीते माह जब महिला खेतों से अपने घर वापस आई तो बेटी बेहोशी की हालत में मिली, महिला और उसका पति नजदीक के अस्पताल में उसे ले गए तो पता चला की बेटी को जहर देकर जान से करने का प्रयास किया गया था, जहर देकर जान करने का प्रयास करने वाला और कोई नहीं ग्राम प्रधान का पुत्र धीरेंद्र था, डॉक्टर ने जब स्पष्ट किया कि उनकी बेटी गर्भवती है तो सारा मामला खुलकर सामने आ गया और यह भी स्पष्ट हो गया कि किस लिए उसे जहर देकर के मारने का प्रयास किया गया था, पीड़ीत ने मामले की शिकायत सचेंडी थाने में की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। सोमवार को महिला अपनी बेटी के साथ कानपुर पुलिस कमिश्नर के पास पहुंची और शिकायत की, अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेते हुए पनकी एसीपी को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। जब इस संबंध में जन एक्सप्रेस के संवाददाता द्वारा जब सचेडी थाना प्रभारी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो काफी देर तक फोन नहीं लगा किसी तरह फोन में बेल गई तो थाना प्रभारी से बात हुई तो उन्होंने आश्वासन दिया कि अभी हम सारी जानकारी दे रहे हैं थोड़ी ही देर बाद थाना प्रभारी ने अपना मोबाइल अपने हमराही को दे दिया काफी देर तक घटना के मामले गुमराह करते रहे।




## वर्तमान समय में संविधान व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर संगोष्ठी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बीते दिन मंगलवार को बर्रा पांच स्थित श्रीराम आश्रम में नारीसमर्था ट्रस्ट व शांति स्थापना मिशन के तत्वावधान में वर्तमान समय में संविधान व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ, महिला नेत्री व शांति स्थापना मिशन की संस्थापक सदस्य अपर्णा जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की विशेष अतिथि, बुद्धिस्ट वेलफेयर एसोशिएशन की संस्थापक सदस्य जुबेदा जमादार मुंबई से पधारी थीं कार्यक्रम के प्रारंभ में वामपंथी विचारक आलोक तिवारी ने देश की वर्तमान स्थिति और रोज-रोज देश पर बढ़ते लोकतांत्रिक संस्थाओं के संकट महिलाओं पर अत्याचार और यहां तक की कानूनी संस्थाओं पर भी पड़ने वाले राजनीतिक दबाव तथा समाज में बढ़ती विघटन कारी स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों व देश के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी की जागरूकता पर बल दिया, संविधान को आम जनता तक ले जाने का आह्वान किया, उन्होंने कहा आज संविधान को बदलने की बात हो रही है लेकिन आज तक कोई यह नहीं बता पाया कि संविधान में गलत क्या है और नया क्या बदल जाएगा?
नारी समर्था के जिला संयोजक कल्लू प्रसाद अंबेडकर ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा शिक्षित हो संगठित हो और संघर्ष करो के नारे को विस्तार देते हुए वर्तमान समय में शिक्षा और संगठन पर जोर दिया। नारी समर्था की मैनेजिंग ट्रस्टी गीता सिंह ने डॉक्टर अंबेडकर द्वारा महिलाओं के अधिकारों व उनकी सामाजिक उन्नति के लिए किए गए संघर्षो की विस्तार से चर्चा की और कहा यह बाबा साहब की देन है कि आज महिलाएं देश में आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर मीनाक्षी पांडे, विजयलक्ष्मी, निशा और एलिश जैश ने भी अपने विचार व्यक्त किये। दिनेश अग्निहोत्री एडवोकेट, रामाशंकर राय, प्रदीप यादव, राजेन्द्र वर्मा, आर के मिश्र, देबीदीन आनंद, प्रीती, ऋतिका, प्रदीप यादव, विवेक आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नितेंद्र सिंह यादव और अध्यक्षता वरिष्ठ कर्मचारी लीडर व समाजसेवी कमलेश ने की।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिहार थाना क्षेत्र में एक अधेड़ का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के प्रयास जारी हैं। बिहार थाना से मात्र एक किलोमीटर दूर ग्राम रावतपुर में बने अंडरपास से कुछ दूरी पर एक अधेड़ का शव पड़ा मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उसके सिर पर चोट का निशान मिले हैं। स्थानीय लोगो के अनुसार सुबह कानपुर से रायबरेली की तरफ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने ट्रेन रोककर पास में ही मैच खेल रहे बच्चों से बताया कि एक युवक का शव ट्रैक के किनारे पड़ा है। देखते देखते वहां भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय मय दलबल घटनास्थल पर पहुंचे। शव की जब तलाशी ली गयी उसके पास लालगंज से कानपुर के टिकट मिला। साथ मे एक सादे कागज की छोटी पर्ची भी मिली जिसमें किसी डाक्टर द्वारा दवा लिखी गयी थी। मृतक ने लोवर, शर्ट व हाफ स्वेटर पहन रखा था। लोगों ने उसके ट्रेन के पावदान से गिरने की संभावना जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




विकासभवन सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी, बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोलर लाइट, एमओयू मॉनीटरिंग, खराब ट्रांसफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102/108 एम्बुलेंस संचालन, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता एवं निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन हर घर जल, पंचायतीराज्य के 15 वें वित्त आयोग व 5 वें राज्य वित्त आयोग, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे मील, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, पीएम/सीएम मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, किसान सम्मान निधि, नई सड़कों का निर्माण व पुरानी सड़कों का अनुरक्षण, ओडीओपी टूलकिट योजना, नहरों की सफाई, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना आदि की प्रगति के संबंध में जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान विकास कार्यक्रमों में खराब प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों की मुख्यमंत्री के स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा होती है। इसलिए सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं व विभागीय कार्यक्रमों की भौतिक व वित्तीय प्रगति में सुधार लाएं, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कर दी जाएगी।

## स्मोकिंग के कारण दुनिया में 50 लाख से ज्यादा बच्चे गर्भ में हो रहे गंभीर बीमारियों का शिकार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव





मंगलवार को राजधानी मार्ग स्थित कमल वर्मा के आवास पर योग ज्योति इंडिया के ज्योति बाबा पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि पैसिव स्मोकिंग के कारण दुनिया में 50 लाख से ज्यादा बच्चों को गर्भ में ही गंभीर बीमारियों का शिकार बनना पड़ रहा है। लगभग 98 प्रतिशत परिवारों में नशे का रोग किसी न किसी रूप में विद्यमान है। सबसे दुखद पहलू 13 वर्ष के नीचे के बच्चों में तंबाकू व उनके उत्पादों की 35 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ोतरी हो रही है। अकेले तंबाकू के कारण भारत में तबाकू व उससे संबंधित उत्पादों के सेवन से प्रतिवर्ष 25 लाख लोगों की मौत हो जाती है। उपरोक्त बात मोदी जी के नशा मुक्त भारत संकल्प के तहत सोसाइटी योग ज्योति इंडिया व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एग्रीकल्चर एंड आयुर्वेदिक रिसर्च संस्थान के तत्वाधान में शुक्लागंज उन्नाव में आयोजित प्रेसवार्ता में कानपुर यूथ एडोलिसेंस स्कूल टोबैको सर्वे रिपोर्ट जारी करते हुए अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख व योग ज्योति के राष्ट्रीय निदेशक योग गुरु ज्योति बाबा ने कहीं, ज्योति बाबा ने आगे कहा कि पैसिव स्मोकिंग व वायु प्रदूषण के चलते विश्व स्वास्थ्य संगठन का आकलन है कि दुनिया भर में हर साल लगभग 1.3 करोड़ लोग उन पयर्यावरणीय कारकों से मर रहे हैं जिनसे बचा जा सकता है हर साल 60 करोड़ पेड़ सिर्फ इसलिए काट दिए जाते हैं ताकि 60 खराब सिगरेट बनाई जा सके, इसीलिए बच्चो, किशोरो व युवाओं को कैंसर के मुख में जाने से बचाने के लिए ईको ग्रीन हक्काबार पार्क बनाए जाएं।
ज्योति बाबा ने जोर देकर कहा कि सभी स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कोटपा ला-2003 के बारे में जागरूक करने के साथ नेचर बेस्ड जागरुकता की विभिन्न एक्टिविटीज को जोर-शोर से किया जाए, क्योंकि योग ज्योति द्वारा ज्योति बाबा के नेतृत्व में 110 वार्डो के 110 स्कूलों में लगभग 1470 किशोर व किशोरियों पर आठ माह के अथक परिश्रम से तैयार सर्वे रिपोर्ट में नशे से पीड़ित किशोरो-किशोरियों की खतरनाक स्थिति आई है, इसीलिए हम सभी को मिलकर नशा मुक्त भारत के लिए नशे के रावण को प्रतिदिन जलाना होगा। इस मौके पर प्रदीप शुक्ला, शैलेश चौरसिया मौजूद रहे।

### नवीन पुल से लेकर पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लगीं लंबी कतारें

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। मंगलवार सुबह करीब दस बजे कानपुर और शुक्लागंज की ओर से एक के बाद एक ई बसें निकली। जिससे बालूघाट मोड़ के पास संकरा मार्ग होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख मौजूद पुलिस ने किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में फंसकर कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं विलंबित हो गई।

## महिला अधिवक्ता संग निजी स्कूल के वैन चालक ने की अभद्रता

✳ अधिवक्ता का आरोप पं0दीनदयाल विद्यालय की वैन ड्राइवर शराब के नशे में चला रहा था

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बीते दिन मंगलवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र में शराब पीकर वैन चला रहे एक निजी स्कूल के ड्राइवर ने महिला अधिवक्ता की गाड़ी में पहले तो टक्कर मार दी और उसके बाद जमकर उनके साथ गाली गलौज कर हाथापाई पर उतर आया, कोतवाली नवाबगंज में महिला अधिवक्ता ने तहरीर दी है।
महिला अधिवक्ता अंशिका सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिन मंगलवार की दोपहर लगभग 3:30 बजे पं0 दीनदयाल विद्यालय की वैन नम्बर यू0पी0 78 डी0एन0 0382 के चालक ने कचहरी जाते समय उनकी की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, उस समय वह अपने पति रणविजय और बच्चे के साथ उसी गाड़ी पर सवार थीं टक्कर लगने के बाद अधिवक्ता अंशिका सिंह उनके पति व बच्चा सड़क पर गिर गए। घटना में अधिवक्ता और अधिवक्ता के परिवार के सदस्यों को चोटें आई है। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर कृष्ण अवस्थी उल्टा अधिवक्ता के परिवार संग गाली गलौज करने लगा और मारने पीटने पर आमदा हो गया, महिला अधिवक्ता का आरोप है कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी और उसके साथ कुछ और लोग थे वह भी शराब पिए हुए थे, जिसका विरोध करने पर नशेबाज ड्राइवर के सारे साथी मौके से फरार हो गए। अधिवक्ता ने नवाबगंज थाने में पंडित दीनदयाल विद्यालय के नशेबाज ड्राइवर व उनके साथियों के खिलाफ तहरीर दी है।

## विश्व मृदा दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

मंगलवार को नगर पालिका के तत्वावधान में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि घरों में रखी गई डस्टबिन में ही कूड़ा एकत्र करे। उन्होंने बताया कि नीले स्टीकर वाले डस्टबिन में सूखा कचरा और हरे रंग की स्टीकर वाले डस्टबिन में गीला कचरा रखा जाएगा। इससे लोगों के घरों का कचड़ा डस्टबिन में एकत्रित रहेगा और नगर पालिका द्वारा लगाये गये कूड़ेदान व पालिका के कूड़ा वाहनों में ही कूड़ा डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में घर से निकले हुए कूडें को सड़क व नाली पर न फेंके। ऐसा करने वालों के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 1916 के प्राविधान एवं राष्ट्रीय हरित अभिकरण के प्राविधानों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अलग-अलग कूड़ा रखने से उसकी जैविक खाद बनाई जा सके। श्रीप्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में पालिका कर्मी श्याम दीक्षित, प्रवीण दुबे ने ने मौजूद छात्राओं को बताया कि घरों में उपयोग के दौरान सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबिंन में डाले।

## शिवराजपुर थाने में तैनात चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर में कार्यरत एक चौकीदार की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।पुलिस जांच पड़ताल में जुट पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की पत्नी ने प्रथम सूचना की तहरीर दी है जबकि पुलिस को कार्यवाही करने की कोई तहरीर नही दी है। शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सुज्जापुर गांव निवासी 36 वर्षीय अजय पुत्र रामदुलारे थाने में कई वर्षों से चौकीदार के पद पर कार्यरत था।
उसकी विवाहिता/पत्नी रानी के अनुसार वह बच्चो को लेकर गांव में रहती है प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक कई दिनों से बीमार था जिसका एक दूसरी महिला कई बार प्राइवेट हॉस्पिटल जाकर इलाज करवाया करती थी मंगलवार सुबह अचानक अजय को खासी में खून की उल्टियां होने लगी थी जिससे कारण अजय की मौत हो गई है युवक शिवराजपुर कस्बे में किराए पर एक कमरा लेकर एक अन्य महिला के साथ रहता है। मंगलवार को रानी को पुलिस द्वारा उसके पति की बीमारी से मौत होने की खबर दी गई। मौके पर पहुंची पत्नी रानी ने पति के साथ एक महिला का लिव इन रिलेशनशिप की बात कही है। शिवराजपुर कार्यवाहक थाना प्रभारी शिवशंकर पटेल ने बताया की अभी एक प्रथम सूचना की तहरीर दी गई है पोस्टमोटर्म रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## चोरों का गैंग कार से चुरा ले गया डेढ़ लाख के बकरा-बकरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़: चोरी के बढ़ते मामलों से क्षेत्रवासी लगातार परेशान हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी किसी भी प्रकार चोरों पर अंकुश नही लगा पा रहे हैं जिसके कारण जनता को चोर आसानी से शिकार बना लेते हैं और लाखों का माल पार करके फरार हो जाते हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। आपको बताते चले कि सोमवार देर रात चोरों ने साढ़ थाना क्षेत्र के गौरी ककरा गांव में धावा बोल दिया और गाँव निवासी रामू पाल की कीमती बकरी बकरा चार पहिया वाहन में लेकर फरार हो गए, रामू पाल ने बताया कि प्रतिदिन की तरह देर रात मैने सभी बकरा बकरी को चारा पानी कराकर कमरे में बन्द कर दिया और ताला भी लगा दिया लेकिन कहते है कि चोरो के लिए ताला नही बनाया गया है उसी कहावत को चोरो ने सही कर दिया और ताला तोड़े बैगर कुंडी काट कर बकरा बकरी चोरी करके फरार हो गए जब सुबह रामू पाल बकरा बकरी को चारा खिलाने के लिए कमरे के पास गए तो देखा कि सभी जानवर वहाँ से गायब थे जिसे देखकर रामू के पैरों तले जमीन खिसक गई। रामू ने बताया कि करीब डेढ़ लाख की कीमत के जानवर थे। आनन फानन में पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुची साढ़ पुलिस छानबीन सुरु कर दी है।

## अनियंत्रित ईको कार ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर महिला दो गंभीर कानपुर रिफर

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ इटावा राजमार्ग के माखनपुरवा और खजूरीकलां गांव के बीच 1 किलोमीटर में एक्सीडेंट जोन बन गया है कोई न कोई आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। कुछ माह पूर्व यहां पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे वह भी चंद दिनों के बाद ही हटा दिए गए आखिरकार लोक निर्माण विभाग इस ओर इन दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं पिछले कुछ माह से कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। थाना क्षेत्र के माखन पुरवा गांव निवासी युवक सोनू मंगलवार दोपहर बाइक द्वारा अपनी मां सियादुलारी 60 वर्षीय को लेकर बिल्हौर आया था। बिल्हौर से घर वापस लौटते समय गांव के समीप बिल्हौर ककवन मार्ग पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ईको कार ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में मां बेटे दोनो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां अभिषेक आदि डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सियादुलारी को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।
डॉक्टर ने बताया कि सर में गंभीर चोटे हैं जिसकी वजह से उल्टियां आ रही हैं सिटी स्कैन/एक्स-रे आदि होने के बाद ही पता चल सकेगा कि आखिरकार सर में कितनी गंभीर चोट है वहीं कार चालक घटना के बाद कार सहित मौके से भाग निकला। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि अभी प्रार्थना पत्र नहीं मिला है आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मैकरॉबर्ट गंज में एक मकान की छत गिरने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना कर्नलगंज इलाके स्थित मैक राबर्ट गंज क्षेत्र में एक मकान की छत गिरने से हड़कंप मच गया,आनन फानन में घर में रहने वाले लोगो ने बाहर निकल कर अपनी जान बचाई।जानकारी के मुताबिक मैक राबर्ट गंज में रहने वाले आनंद तिवारी ने बताया की बीते दिन दिन भर की झमा झम बारिश के चलते और पास में ही मेट्रो लाइन के चल रहे कार्य से इलाके में मशीनों के चलने से वाइब्रेसन होता है। जिससे पुराने बने भवनों को खतरा बना रहता है। छत गिर गई।

## नेशनल आईपी यात्रा कार्यशाला का आयोजन किया




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में बीते दिन मंगलवार को प्रतिष्ठित होटल रीजेंटा में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रायल के तत्वाधान में नेशनल आईपी यात्रा कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस कार्यशाला का उद्देश्य था ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करना, इस दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ.श्रीपति राय कुलकर्णी ने कहा कि भौतिक संपदा के महत्व ओर उसकी उपयोगिता के प्रसार के लिए इस कार्यशाला पूरे देश मे आयोजन किया गया जिसका ये पहला वर्क शॉप है। इस कार्यशाला में लखनऊ सीएसआईआर से आये मुख्यअतिथि डॉ.श्रीपति कुलकर्णी, के अलावा लघु सूक्ष्म एवं माध्यम उद्यम मंत्रालय के तीन पदाधिकारी भी मौजूद रहे, कानपुर यूनिवर्सिटी का एक छात्र दल भी कार्यशाला में मौजूद रहा, कार्यशाला में उपस्थित वरिष्ठ जनों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की है।

## बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की हठधर्मी के चलते नेहरू पार्क में बंद रहता है ताला

✳ नेहरू पार्क के बगल वाले दुकानदारों के दुर्व्यवहार से पार्क में खेलने वाले बच्चे परेशान

✳ बच्चे पार्क में न खेलें तो खेलें कहां?

✳ बढ़ती आबादी से पालिका क्षेत्र में बच्चों के लिए खेलने की जगह का संकट

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह




**बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की हठधर्मिता और लापरवाही से नगर के पार्कों की स्थिति बद से बदतर है। कुछ जगह बची है तो पार्कों के बगल वाले अपनी निजी संपत्ति की तरह से मानकर बच्चों को परेशान करते हैं। बीते दिन नेहरू पार्क में बच्चे खेल रहे थे तभी खेल खेल में गेंद एक दुकान की तरफ जा गिरा। इस पर एक दुकानदार ने बच्चों की गेंद उठा ली और मांगने पर देने से मना कर दिया साथ ही बच्चों को गाली गलौच किया। जिस घटना से बच्चे रोते रोते अपने घर लौट गए। आखिर इस दुखद घटना का जिम्मेदार कौन है। क्या बच्चे पार्कों में भी न खेलने जाएं।
आखिर पार्क के बगल के दुकानदारों की क्या मंशा है? क्या बच्चों का पार्क में खेलना अपराध है। जिन सम्मानित नगरवासियों को बच्चों में खेल की भावना बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए अगर वे इस तरह से बच्चों के खेल में बाधक बनेंगे तो मानवता को शर्मशार करने वाली बात होगी। पार्कों में बच्चों के मनोरंजन के लिए कोई व्यवस्था वैसे ही ना के बराबर है और जहां कुछ थोड़ी सी पालिका द्वारा कर दी गई है उसकी कोई देखरेख नहीं है। पार्क के बगल वाले दुकानदार जिस तरह से बच्चों को परेशान करते हैं ऐसी स्थिति में क्या बच्चे पार्क में खेलने की हिम्मत जुटा पाएंगे। समाजसेवी डॉ संजय त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार होता रहता है और अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं इस बाबत जब अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा से बात करने का प्रयास किया गया तो कॉल नहीं उठी, बात नहीं हो सकी। जनहित में जिम्मेदार प्रशासन से मांग है की इस घटना को संज्ञान में ले और उचित कदम उठाए ताकि बच्चों को प्रशासन का संरक्षण महसूस हो। नहीं तो इन पार्कों के निर्माण का उद्देश्य कोरी कल्पना और निरुद्धेष्य साबित होगा।

## शहर में जल्द दिखेगा मौसम साफ, बारिश के आसार नहीं

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में मौसम का मिजाज लगातार बीते कुछ तीन दिनों से बदल रहा है साथ ही आसमान में बादल छाए हैं, बीत चुके लगभग चौबीस घंटो में 10 मिमी बारिश भी हुई जिससे तापमान गिर गया और सर्दी बढ़ गई है, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि एक दो दिन बाद मौसम साफ हो जाएगा फिलहाल बारिश के आसार नहीं है। बीते दिन चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर भारत को भी प्रभावित कर रहा है। इससे तीन चार दिनों से मौसमी गतिविधियां बारिश लेकर आ रही थी और कानपुर में 10 मिमी बारिश हुई। इस बारिश से जहां एक ओर तापमान गिर गया तो वहीं दूसरी ओर सर्दी भी बढ़ गई। बताया कि अधिकतम तापमान 24.6 और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 96 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 66 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रही जिनकी औसत गति 3.7 किमी प्रति घंटा रही। पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु बारिश होने की संभावना कतई नहीं है।

# तमिलनाडु में मिचौंग चक्रवात से भारी बारिश घरों में घुसा पानी, सड़कों पर चल रहीं नाव



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विशाखापत्तनम**

बंगाल की खाड़ी से 2 दिसंबर को उठा साइक्लोन मिचौंग मंगलवार दोपहर आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। मौसम विभाग के मुताबिक दोपहर ठीक 1 बजे तूफान बापटला में नेल्लोर-मछलीपट्टनम के बीच लैंडफॉल कर गया। आईएमडी के मुताबिक, लैंडफॉल के दौरान 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। अभी भी तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। तूफान अगले दो घंटे में कमजोर होकर आगे बढ़ जाएगा। तूफान का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में है। दोनों राज्यों में 100 से ज्यादा ट्रेनें और 50 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। आंध्र प्रदेश के कोस्टल एरिया से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने 9 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया। तमिलनाडु में तूफान की वजह से रविवार से भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु के मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 2 दिनों के भीतर 3 महीने की बारिश हो गई है। चेन्नई शहर बारिश की वजह से डूब चुका है। 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

### 10 से ज्यादा राज्यों में तूफान का असर रहेगा

**आंध्र प्रदेश:** आईएमडी ने आंध्र प्रदेश में 6 दिसंबर तक आंधी के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। तूफान के कारण 5 दिसंबर को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। तिरुपति एयरपोर्ट के डायरेक्टर केएम बसवराजू ने बताया कि खराब मौसम के कारण सोमवार को सभी उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। इनमें 14 शेड्यूल्ड निर्धारित और एक नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट शामिल थीं।
**तमिलनाडु:** मिचौंग तूफान का असर तमिलनाडु पर सबसे ज्यादा रहा। 3 दिसंबर सुबह से अब तक चेन्नई में करीब 400-500 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। तमिलनाडु के वाटर सप्लाई मिनिस्टर के मुताबिक, शहर में 70-80 साल में पहली बार ऐसी बारिश हुई है। राज्य में एनडीआरएफ की 7 टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा कोस्टल रीजन में रेड अलर्ट जारी किया गया है।
**ओडिशा:** ओडिशा के कई जिलों में हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 6 दिसंबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मलकानगिरी, कोरापुट, रायगड़ा, गजपति और गंजाम जिलों में 4 और 5 दिसंबर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2.75 से 4.55 इंच बारिश हो सकती है।
**पुडुचेरी-तेलंगाना:** तूफान को देखते हुए पुडुचेरी सरकार ने भी अलर्ट जारी किया है। पुडुचेरी के समुद्री इलाकों के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। 3 दिसंबर की शाम 7 बजे से 5 दिसंबर की शाम 6 बजे तक लोगों को तटीय इलाकों में नहीं जाने का निर्देश दिया गया है। तेलंगाना प्रशासन ने भी तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।
**झारखंड-छत्तीसगढ़:** कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों और झारखंड में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विदर्भ, तेलंगाना, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और केरल में 1 या 2 स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

# रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के अगले मुख्यमंत्री

- राहुल ने कहा कि रेवंत रेड्डी को तेलंगाना में सीएम पद के लिए चुना गया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी तेलंगाना के मुख्यमंत्री होंगे। राहुल गांधी ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। राहुल ने कहा कि रेवंत रेड्डी को तेलंगाना में सीएम पद के लिए चुना गया है। मंगलवार को दिल्ली में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया, जिसमें राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई सीनियर नेता मौजूद थे। हालांकि रेवंत रेड्डी के नाम की आधिकारिक घोषणा हैदराबाद में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद होगी। रेवंत 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे सीएम पद की शपथ लेंगे।

### पहले 6 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होना था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में पार्टी की जीते के बाद से सीएम पद के लिए रेवंत रेड्डी का नाम लगभग तय था। 6 दिसंबर की शाम उनका शपथ ग्रहण समारोह भी होना था, लेकिन पार्टी में विरोध के चलते इसे रद्द करना पड़ा। सीएम के रूप में रेवंत रेड्डी के शपथ ग्रहण का विरोध करने वालों में पूर्व तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख एन उत्तम कुमार रेड्डी, पूर्व सीएलपी नेता भट्टी विक्रमार्क, पूर्व मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पूर्व डिप्टी सीएम दामोदर राजनरसिंहा शामिल हैं। इन नेताओं ने रेवंत रेड्डी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यह पहला मौका नहीं है, जब रेवंत रेड्डी को पार्टी में विरोध का सामना करना पड़ा है। इससे पहले जब 2021 में उन्हें तेलंगाना कांग्रेस का प्रभार सौंपा गया था। तब भी उन पर पद पाने के लिए करोड़ों रुपए देने का आरोप लगा था। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 30 नवंबर को वोटिंग हुई थी, रिजल्ट रविवार को आया।



### रेवंत रेड्डी तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद हैं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद रेवंत रेड्डी को तेलंगाना का डीके शिवकुमार कहा जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ कामारेड्डी और कोडंगल सीट से चुनाव लड़ा था। कामारेड्डी सीट से उन्हें भाजपा नेता के वेंकट रमन्ना रेड्डी ने हरा दिया। वहीं, कोडंगल सीट से उन्होंने जीत दर्ज की। महबूबनगर जिले के कोंडारेड्डी पल्ली में जन्मे 54 साल के रेवंत का पूरा नाम अनुमुला रेवंत रेड्डी है। उस्मानिया यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट रेवंत ने राजनीतिक करियर की शुरुआत भाजपा की स्टूडेंट विंग एबीवीपी से की थी। 2007 में वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर आंध्र प्रदेश विधान परिषद के सदस्य भी चुने गए। बाद में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के न्योते पर वे तेलुगु देशम पार्टी में शामिल हो गए। 2009 में उन्होंने टीडीपी के टिकट पर आंध्र प्रदेश के कोंडगल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और कांग्रेस के पांच बार के विधायक गुरुनाथ रेड्डी को हराया। नायडू ने उन्हें विधानसभा में पार्टी का नेता भी बना दिया।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या

## गोगामेड़ी को हमलावरों ने घर में घुसकर मारी गोली, साथ आया युवक भी मारा गया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार दिनदहाड़े 3 बदमाशों ने गोगामेड़ी पर गोलियां चलाईं, फिर भाग निकले। गोगामेड़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
गोगामेड़ी के साथ घटना के दौरान मौजूद गार्ड अजीत सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में उनको गोगामेड़ी के घर ले जाने वाले युवक की भी मौत हो गई। गैंगस्टर रोहित गोदारा ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की। पुलिस के अनुसार, श्याम नगर जनपथ पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का घर है। मंगलवार दोपहर करीब 1:03 बजे उनके घर 3 बदमाश पहुंचे। पहले तो वे सोफा पर बैठकर गोगामेड़ी से बात करने लगे। करीब 10 मिनट बाद ही दो बदमाश उठे और फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान गोगामेड़ी के गार्ड ने बचाने की कोशिश की। बदमाशों ने उस पर भी फायरिंग की। जाते-जाते एक बदमाश ने गोगामेड़ी के सिर में भी गोली मारी।
बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में नवीन को गोली लग गई और उसकी भी मौत हो गई। फायरिंग के बाद दो बदमाश भागते हुए एक गली से निकले और एक कार को रोककर लूटने का प्रयास किया। उसने ड्राइवर को पिस्तौल दिखाई तो ड्राइवर कार को भगा ले गया। इस दौरान पीछे से आ रहे स्कूटी सवार को बदमाशों ने निशाना बनाया। स्कूटी सवार को गोली मारकर घायल कर दिया और स्कूटी लेकर फरार हो गया। सूचना पर श्याम नगर पुलिस मौके पर पहुंची।



### हत्या के विरोध में प्रदर्शन, बस पर पथराव, बाजार बंद

इधर, गोगामेड़ी की हत्या के बाद कई जिलों में प्रदर्शन शुरू हो गए। जयपुर में लोग हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठ गए। चूरू के सादुलपुर में गांव चैनपुरा बड़ा में जाम लगा दिया।रोडवेज बस पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद सवारियां बस से उतरकर भाग गईं। राजसमंद के कुंभलगढ़ में बाजार बंद करा दिए।

### डीजीपी उमेश मिश्रा ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

डीजीपी उमेश मिश्रा ने सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के बाद प्रदेशभर में पुलिस अफसरों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हत्यारों को पकड़ने के नाकाबंदी के निर्देश दिए हैं। संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने को भी कहा है।

### गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ली हत्या की जिम्मेदारी

इधर, घटना के बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से बने फेसबुक पेज पर हत्या की जिम्मेदारी ली गई है। पोस्ट में लिखा- राम राम, सभी भाइयों को मैं रोहित गोदारा कपूरीसर, गोल्डी बरार। भाइयों आज यह जो सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या हुई है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हम लेते हैं। यह हत्या हमने करवाई है। भाइयों मैं अपको बताना चाहता हूं कि ये हमारे दुश्मनों से मिलकर उनका सहयोग करता था। उनको मजबूत करने का काम करता था। रही बात दुश्मनों की तो वह अपने घर की चौखट पर अपनी अर्थी तैयार रखें। जल्दी उनसे भी मुलाकात होगी।

### हत्या से पहले पी शराब

बदमाश स्कॉर्पियो (आरजे-14 टीई- 7037) से पहुंचे थे। गोगामेड़ी के घर के बाहर खड़ी बदमाशों की स्कॉर्पियो में पुलिस को एक बैग, शराब की बोतल और खाली ग्लास मिले हैं। एफएसएल टीम की मदद से फायरिंग वाली जगह से सबूत जुटाए गए हैं। पुलिस ने सबूत जुटाने के लिए स्कॉर्पियो को लॉक कर खड़ा कर दिया है। स्कॉर्पियो जयपुर के झालाना आरटीओ ऑफिस से रजिस्टर्ड है। गाड़ी मालिक प्रदीप बताया जा रहा है। पुलिस गाड़ी मालिक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### नवीन घर में लेकर घुसा था बदमाशों को

जिस नवीन की बदमाशों की गोली लगने से मौत हुई है, वह ही बदमाशों को गोगामेड़ी के घर लेकर पहुंचा था। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ के अनुसार मरने वाला नवीन सिंह शक्तावत मुलताई शाहपुरा का रहने वाला था। नवीन जयपुर में कपड़े का व्यापार करता था। पुलिस के पास सभी आरोपियों और घटना को लेकर सीसीटीवी फुटेज है। मौके से भागने वाले दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इंडिया की बैठक टली, अब दिसंबर के तीसरे हफ्ते में

## ममता-नीतीश समेत कई नेताओं ने शामिल होने से इनकार किया था




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस की आज यानी 6 दिसंबर को होने वाली बैठक फिलहाल टाल दी गई है। अब यह मीटिंग दिसंबर के तीसरे हफ्ते में होगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने बैठक में शामिल होने से इनकार किया था। इसमें हाल ही में आए चुनाव नतीजों पर चर्चा होनी थी। 3 दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आए थे। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने जबर्दस्त जीत दर्ज की। इसी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडिया की मीटिंग बुलाने की घोषणा की थी।

### बैठक में ना जाने के किसने क्या कारण बताए थे

- **ममता बनर्जी-** मुझे नहीं पता। बैठक की मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। मुझे कार्यक्रम में उत्तर बंगाल जाना है। अगर मेरे पास बैठक की सूचना होती तो मैं उसके हिसाब से कार्यक्रम तय कर लेती।
- **एमके स्टालिन-** तमिलनाडु में मिचौंग चक्रवात आया है। वे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने जा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली आने में असमर्थता जताई थी।
- **नीतीश कुमार-** बीमारी के चलते दिल्ली नहीं जा पाऊंगा।
- **हेमंत सोरेन-** मैं राज्य में ही व्यस्त हूं। मेरी जगह मेरा प्रतिनिधि दिल्ली की मीटिंग में शामिल होगा।
- **संजय राउत-** बैठक जल्दबाजी में नहीं बुलाई गई थी। पांच राज्यों के चुनावी नतीजे आने से पहले बैठक फिक्स थी। हम शिवसेना (उद्धव ठाकरे), शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।
- **लालू प्रसाद यादव-** 17 दिसंबर को बैठक होगी, जिसमें सभी मौजूद रहेंगे।

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी नौसेना के उपाध्यक्ष होंगे, दो और शीर्ष पदाधिकारियों की नियुक्ति

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिमी नौसेना के कमांडर रहे वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगले उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
वर्तमान में वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी मुंबई में भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान का नेतृत्व कर रहे हैं। वह नौसेना उपाध्यक्ष का पद अगले महीने 4 जनवरी को अपनी नई नियुक्ति ग्रहण करेंगे। पश्चिमी नौसेना कमांडर का जिम्मा वाइस एडमिरल एसजे सिंह संभालेंगे। वह वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की जगह लेंगे। वाइस एडमिरल एसजे सिंह वर्तमान में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख हैं। इसके अलावा वाइस एडमिरल किरण देशमुख भारतीय नौसेना के अगले सामग्री प्रमुख होंगे। देशमुख मौजूदा वाइस एडमिरल संदीप नैथानी की जगह लेंगे। नैथानी 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। नौसेना मुख्यालय में युद्धपोत उत्पादन और अधिग्रहण के नियंत्रक हैं।




# 'एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों पर काम कर रही मोदी सरकार'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि कृषि सुधारों को लेकर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट संप्रग सरकार के दौरान आई थी लेकिन नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पाद लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय किया गया है।

### किसानों की मांग को लेकर समिति कर चुकी कई बैठकें

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों (जिन्हें वापस लिया जा चुका है) के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बाद एमएसपी समेत अनेक मुद्दों पर अध्ययन के लिए समिति का गठन किया गया था जो अब तक 30 से 35 बैठकें कर चुकी है। उन्होंने कहा कि समिति की सिफारिशें अभी नहीं आई हैं। दरअसल लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने पूछा था कि क्या केंद्र ने एमएसपी को कानूनी अधिकार बनाने की किसानों की मांग पर कोई निर्णय लिया है? इस पर जवाब देते हुए नरेंद्र तोमर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने एमएस स्वामीनाथन के नेतृत्व में आयोग का गठन किया था, लेकिन इसकी रिपोर्ट तब आई जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में संप्रग सरकार केंद्र में थी। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने तब आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के लिए एक समूह बनाया जिसमें तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री शामिल थे।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)